राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 109, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 04 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग पर रविवार को महापंचायत .... पेज 03

सीएम योगी ने राजस्व मामलों में लापरवाही पर दर्जनभर जिलाधिकारियों से मांगा .... पेज 05

यह जानकार खुशी हो रही है कि हम सेमीफाइनल में पहुंच गये : रोहित शर्मा .... पेज 07

## संजय सिंह ने खटखटाया उच्चतम न्यायालय का दरवाजा



नयी दिल्ली। दिल्ली शराब नीति में कथित घोटाले के एक मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने उच्च न्यायालय की ओर से जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 20 अक्टूबर को सिंह की याचिका खारिज कर दी थी। आरोपी सिंह ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनके खिलाफ धन शोधन मामले में दर्ज प्राथमिक और गिरफ्तारी मामले में विशेष अदालत और फिर उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज होने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने अधिवक्ता विवेक जैन और रजत भारद्वाज के माध्यम से शीर्ष अदालत में याचिका दायर की है। सांसद सिंह का आरोप है कि उनके खिलाफ ईडी ओर से की गई यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। उन पर लगाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

## मणिपुर हिंसा के 6 महीने, 187 लोगो की हुई मौत

### मैतेई लीपुन ऑर्गेनाइजेशन के प्रमुख पर हमला, कुकी विधायकों का आरोप पुलिस कमांडो कर रहे ज्यादती

इंफाल। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा को छह महीने हो गए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इन छह महीनों में राज्य में 187 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि राज्य में 200 से ज्यादा लोगों की जान गई है। 120 से ज्यादा शव आज भी सरकारी अस्पतालों के मुर्दाघरों में पड़े हैं। उधर, कुकी-मैतेई समुदाय कई शवों के लापता होने का दावा कर रहे हैं। हिंसा में 50 हजार 648 लोगों के घर उजड़ चुके हैं।

हिंसा के चलते मणिपुर देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां जिलों से लेकर सरकारी दफ्तर तक सब कुछ दो समुदायों में बंट चुका है। हिंसा से पहले 34 लाख की आबादी और 16 जिलों वाले राज्य में मैतेई-कुकी साथ रहते थे, लेकिन हालात अब कुकी बहुल चूराचांदपुर, टेंगनाउपोल, कांगपोक्पी, थाइजॉल, चांदेल जिलों में कोई भी मैतेई नहीं बचा है। ठीक इसी तरह मैतेई बहुल इंफाल वेस्ट, ईस्ट, विष्णुपुर, थोउबल, काकचिंग, कप्पिन से कुकी चले गए हैं।

इस बीच, शुक्रवार 3 नवंबर को




मैतेई लीपुन प्रमुख प्रमोद सिंह पर हमला हुआ। वे सुबह करीब 7.10 बजे शिजा अस्पताल के पास कार से जा रहे थे। तभी उनकी कार पर अज्ञात लोगों ने गोली चला दी। प्रमोदी और उनका ड्राइवर कार में ही नीचे बैठ गए। दोनों घायल नहीं हुए। बाद में देखा तो उन्होंने कार में गोलियों के 6 होल देखे। हमले की वजह पता नहीं लगी है। फोरेंसिक टीम ने सैंपल लिया है और एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### पुलिस कमांडो की ज्यादती से डरे लोग जंगल में भागे

एक संयुक्त बयान में दस कुकी विधायकों ने आरोप लगाया कि मोरेह और टेंगनाउपोल जिले में निर्दोष और असहाय कुकी-ज़ोमी-हमार नागरिकों पर मणिपुर पुलिस, विशेष रूप से कमांडो ज्यादतियां कर रहे हैं। के बारे में गंभीर चिंता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि 1 नवंबर को टेंगनाउपोल जिले के सिनाम कुकी गांव पर मणिपुर पुलिस कमांडो ने हमला किया। वाहनों,घरों और संपत्तियों को नष्ट कर दिया। मोरेह में आगजनी, अंधाधुंध गोलीबारी, संपत्तियों, वाहनों, घरेलू सामानों की लूटपाट की। अकारण की गई क्रूरता के चलते महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों को पास के जंगल में भागना पड़ा।

## महिला आरक्षण तुरंत लागू कराना मुश्किल : सुप्रीम कोर्ट

### पहले लोकसभा-विधानसभा में सीटें रिजर्व होंगी, जनगणना के अलावा कई काम बाकी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार 3 नवंबर को कहा कि केंद्र को महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) तत्काल लागू करने का आदेश देना मुश्किल है।

कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू कराने की मांग की थी। जया ठाकुर ने अपनी याचिका में महिला आरक्षण कानून से उस हिस्से को हटाने की मांग की, जिसमें इसे जनगणना के बाद लागू करने का बात कही गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए जनगणना की जरूरत होती है। महिला आरक्षण में इसकी क्या जरूरत है?

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी ने इस पर कहा- जनगणना के अलावा भी कई काम है। सबसे पहले लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें रिजर्व की जाएंगी। बेंच ने इस मामले में केंद्र को नोटिस भेजने से भी इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने रिजर्वेशन की सराहना करते हुए कहा- महिला आरक्षण का फैसला बहुत अच्छा कदम है। अब इस मामले पर दूसरी याचिकाओं के साथ 22 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी।

### लोकसभा-विधानसभाओं में महिलाओं को मिलेगा 33 प्रतिशत रिजर्वेशन

महिला आरक्षण कानून के तहत लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा।

लोकसभा में फिलहाल 82 महिला सांसद हैं, नारी शक्ति वंदन कानून के तहत लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 181 हो जाएगी।

ये रिजर्वेशन 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा।



### जनगणना-परिसीमन के बाद ही लागू होगा बिल

महिला आरक्षण कानून डीलिमिटेशन यानी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन जनगणना के आधार पर होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है।

## ईडी,सीबीआई को 'मजबूर' नहीं मजबूत करें सरकार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय(ईडी), केंद्रीय जांच ब्यूरो तथा आयकर विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव आते ही भारतीय जनता पार्टी के समर्थन में इन एजेंसियों के अधिकारियों का हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कांग्रेस संचार विभाग की प्रमुख पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा की चुनाव के दिनों इन एजेंसियों को उगाही का जरिया बनाया जाता है। भाजपा के इशारे पर इन एजेंसियों के द्वारा विपक्षी नेताओं को डराया जाता है और उन्हें भाजपा में शामिल करने को मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि एजेंसियों के अधिकारी लोगों को डरा धमका कर पैसा वसूलते हैं। राजस्थान में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं और इसी वसूली के क्रम में कल ईडी अधिकारी नवल किशोर शर्मा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने किसी चिटफंड कंपनी से जुड़े मामले के निस्तारण के लिए 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। उनका कहना था कि अगर छोटे स्तर का अधिकारी 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा जाता है तो एजेन्सियों के बड़े अधिकारी कितना रिश्वत वसूलते होंगे।

## हिमाचल : सड़क हादसे में पांच लोगो की मौत

### पीडब्लूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने काफिला रोकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मंडी जनपद से सड़क हादसे में चार महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई है जबकि छह अन्य घायल हो गये। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस हादसे पर शुक्रवार को शोक व्यक्त किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करसोग के अलसिंडी में एक टाटा सूमो हादसे का शिकार हो गई है। इस दर्दनाक हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य सवार घायल हुए हैं।

मंडी-शिमला मार्ग पर यह हादसा पेश आया है। ये घटना शुक्रवार साढ़े 11 बजे के करीब की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महिला मंडल की सदस्य सूमो में सवार होकर जा रही थी। इस दौरान अलसिंडी में एक मोड़ से गाड़ी नीचे खाई में होते हुए नाले में जा गिरी। हादसे में चार महिलाओं और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोगों को सुन्नी अस्पताल भेजे गया है।



गौरतलब है कि सुन्नी मंडी के बॉर्डर पर स्थित है और यह इलाका शिमला में आता है। सुन्नी से करीब 15 किमी दूर यह हादसा हुआ है।

गत एक नवंबर को भी जिला के कोटली उपमंडल के तहत आने वाले धन्यारा गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया था। जिसमें जीप के गहरी खाई में गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल था।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने ज़िला मंडी के करसोग क्षेत्र में अलसिंडी के पास हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु पर आज शोक व्यक्त किया। उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता और घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की है।


### पीडब्लूडी मंत्री ने काफिला रोक मदद की

पीडब्लूडी विक्रमादित्य सिंह का काफिला करसोग की तरफ जा रहा था। रास्ते में उन्होंने हादसा देखकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। घायलों को मंत्री के काफिले में चल रही गाड़ियों से अस्पताल पहुंचाया गया।

## महादेव ऐप के प्रमोटरों ने भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपए दिए : ईडी

एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को एक बेहद चौंकाने वाले आरोप में दावा किया है कि उसने 5 करोड़ रुपये से अधिक नकदी के साथ एक कैश कूरियर असीम दास को पकड़ा है। जांच एजेंसी का दावा है कि असीम दास ने ईडी को दिए अपने बयान में बताया है कि महादेव बैटिंग ऐप के प्रमोटरों ने अब तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। यह जांच का विषय है। चुनावी राज्य में कूरियर असीम दास से 5.39 करोड़ रुपये



बरामद करने के बाद एजेंसी ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। महादेव ऑनलाइन बैटिंग ऐप और उसके प्रमोटरों की ईडी मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत जांच कर रही है। ईडी का दावा है, 2 नवंबर को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को खुफिया जानकारी मिली कि 7 और 17 नवंबर, 2023 को होने वाले विधानसभा चुनावों के संबंध में महादेव एपीपी के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाया जा रहा है। ईडी ने यहां छापेमारी की। भिलाई में होटल ट्राइटन और एक अन्य स्थान पर एक कैश कूरियर असीम दास को पकड़ा गया, जिसे विशेष रूप से सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के चुनावी खर्चों के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात से भेजा गया था। ईडी ने उसके पास (कार और उसके घर पर) से 5.39 करोड़ रुपये की नकद राशि बरामद की है।

## दिल्ली की हवा जहरीली हुई, 5वीं तक के स्कूल बंद

### गैर-जरूरी कंस्ट्रक्शन पर रोक; बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल गाड़ियों पर 20 हजार का चालान

नई दिल्ली। दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। इंडिया गेट, अक्षरधाम, रोहिणी, आनंद विहार समेत 13 इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के ऊपर दर्ज किया गया। एक्यूआई 300 से ऊपर की रेंज बेहद खतरनाक कैटेगरी में मानी जाती है।

हवा की क्वालिटी खराब होने पर कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के थर्ड स्टेज को लागू कर दिया। ग्रेप का स्टेज 3 तब लागू किया जाता है जब एक्यूआई 401-450 की सीमा में गंभीर हो जाता है।



इसके चलते गैर-जरूरी निर्माण-तोड़फोड़ और रेस्टोरेंट में कोयले के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के इस्तेमाल पर सरकार ने 20 हजार रुपए चालान काटने का निर्देश दिया है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने पांचवीं क्लास तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को शुक्रवार और शनिवार के लिए बंद करने का आदेश दिया है। दिल्ली में प्रदूषण पर अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. निखिल मोदी ने लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है।

### 3 साल बाद अक्टूबर में दिल्ली की हवा की क्वालिटी सबसे खराब रही

दिल्ली में 3 साल बाद अक्टूबर में हवा की क्वालिटी सबसे खराब दर्ज की गई है। सफर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया।

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में दिल्ली का औसत एक्यूआई 257 दर्ज किया गया था। इसके अलावा अक्टूबर 2021 में एक्यूआई 173 और अक्टूबर 2022 में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया था।

### कम बारिश और पराली जलाना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह

वैज्ञानिकों ने बढ़ते पॉल्यूशन को लेकर चिंता जताई है। उनके मुताबिक कम बारिश होना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह है। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई। जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी।

**पायरेसी**

### पायरेसी रोकने व्यवस्था होगी सख्त : अनुराग ठाकुर

## फिल्मों की चोरी से सालाना 25,000 करोड़ का नुकसान

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म पायरेसी (फिल्मों के अनधिकृत कारोबार एवं वितरण) से उद्योग को सालाना 20 से 25 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है और इसे रोकने के लिए मजबूत प्रबंध करने के कदम उठाए जा रह हैं।

उन्होंने सोसल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिल्म पायरेसी के कारण भारत में सालाना 20-25 हजार करोड़ रुपये का नुकसान होता है। उन्होंने लिखा, इसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिनेमैटोग्राफ कानून के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सीबीएफ़सी मुंबई और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है।

सूचना प्रसारण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय फिल्म प्रमाणन परिषद (सीबीएफसी) और सूचना एवं प्रसारण अधिकारी पायरेटेड फिल्मी सामग्री वाली किसी भी वेबसाइट/ऐप/लिंक को ब्लॉक करने/हटाने का निर्देश देने के लिए अधिकृत किए गए हैं। कॉपीराइट कानून और आईपीसी के तहत अभी तक कानूनी कार्रवाई को छोड़कर पायरेटेड फिल्मी सामग्री पर सीधे कार्रवाई करने के लिए कोई संस्थागत तंत्र नहीं था।

मंत्रालय का कहना है कि इंटरनेट के



प्रसार और लगभग प्रत्येक व्यक्ति द्वारा निःशुल्क में फिल्मी सामग्री देखने में रुचि रखने के साथ, पायरेसी में तेजी देखी गयी है।

उपरोक्त कार्रवाई से पायरेसी के मामले में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी और उद्योग को राहत मिलेगी।

बयान में कहा गया है कि पायरेसी के कारण फिल्म उद्योग को हर वर्ष 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने के कारण सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पायरेसी रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इस वर्ष मानसून सत्र के दौरान संसद द्वारा सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) कानून, 1952 को पारित करने के बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पायरेसी केखिलाफ शिकायतें प्राप्त करने और बिचौलियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पायरेटेड सामग्री को हटाने का निर्देश देने के लिए नोडल अधिकारियों का एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया है।

विधेयक के बारे में संसद में श्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि इस कानून का उद्देश्य फिल्म पायरेसी पर अंकुश लगाने की फिल्म उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करना है। इस कानून में 40 वर्ष बाद संशोधन किया गया, ताकि 1984 में अंतिम महत्वपूर्ण संशोधन किए जाने के बाद डिजिटल पायरेसी सहित फिल्म पायरेसी के खिलाफ प्रावधानों को इसमें शामिल किया जा सके। संशोधन में न्यूनतम तीन महीने की कैद और तीन लाख तक रुपये के जुर्माने की सख्त सजा शामिल है, सजा को तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है और ऑडिटेड सकल उत्पादन लागत का पांच प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

## एल्विश यादव पर सांपों की तस्करी का आरोप

### विदेशी लड़कियां बुलाकर रेव पार्टी कराते थे, 20 एमएल जहर के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

नोएडा। बिग बॉस ओटीटी-2 के विनर और यूट्यूबर एल्विश यादव पर सांपों की तस्करी का आरोप लगा है। नोएडा पुलिस ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत शुक्रवार को एल्विश यादव समेत 6 लोगों के खिलाफ स्न्नङ्घक्रदर्ज की है। एल्विश पर रेव पार्टी करवाने का आरोप है। इस मामले का खुलासा बीजेपी सांसद मेनका गांधी से जुड़े ऑर्गनाइजेशन पीएफए ने स्टिंग ऑपरेशन से किया। पीएफए ने ही पुलिस में शिकायत भी की थी।

नोएडा पुलिस ने इस केस में 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 9 सांप बरामद हुए हैं। 20 मिली लीटर सांप का जहर भी मिला है। नोएडा के फॉरेस्ट ऑफिसर प्रमोद



श्रीवास्तव ने बताया कि सांप के जहर का इस्तेमाल रेव पार्टियों में नशे के लिए किया जाता है। यह एक यूट्यूबर का गैंग है, जो इस तरह पार्टी कराता है। वहीं, एल्विश की गिरफ्तारी से जुड़े सवाल पर नोएडा डीसीपी विशाल पांडे ने कहा कि इसके लिए टीम लगी हुई है। जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### एल्विश यादव ने तस्करी के आरोप से इनकार किया

एल्विश ने भी इस मामले में वीडियो बयान जारी कर सफाई दी है। उन्होंने कहा, मैं सुबह उठा तो देखा कि मीडिया में मेरे खिलाफ न्यूज फैल रही है। एल्विश अरेस्ट हो गए। नशीले पदार्थों के साथ पकड़े गए। मेरे खिलाफ सभी आरोप फर्जी हैं। अगर एक फीसदी भी मेरा इनवॉल्वमेंट मिलता है, तो मैं पूरी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

इस पूरे मामले पर मेनका गांधी ने कहा कि इस केस में एल्विश ही सरगना है। उस पर हमारी नजर बहुत दिनों से थी। ये जो फिल्में बनाता है और फोटो खींचता है, उसे यूट्यूब पर लगाता है, उनमें वह अक्सर सांप पहनता है। ये सारे के सारे सांप जहरीले थे, उनमें पाइथन, कोबरा हैं। वह सांप और उसके जहर को बेचता है।

## शार्ट न्यूज

### ट्रांसगिरी को जनजाति क्षेत्र घोषित करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

नाहन। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में ट्रांसगिरी क्षेत्र को जनजाति क्षेत्र के रूप में घोषित करने के खिलाफ गिरीपार अनुसूचित जाति अधिकार संरक्षण समिति उग्र हो गई है। इसको लेकर उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की गई है। इसके चलते अब उच्च न्यायालय भी हरकत में आया और इस मामले को लेकर केंद्र सरकार के तीन मंत्रालय समेत राज्य सरकार को नोटिस जारी किया गया है। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर 18 दिसंबर को सुनवाई होनी है। दरअसल, गिरीपार अनुसूचित जाति अधिकार संरक्षण समिति का कहना है कि हाटी समुदाय जनजातीय नहीं है और उन्होंने कभी भी जनजातीय दर्जे का दावा नहीं किया। उनका आरोप है कि इस दर्जे से उच्च जाति के लोगों को भी लाभ हो रहा है जो कि अनुसूचित जाति के लोगों के हकों का हनन है। अनुसूचित जनजाति के नाम पर आरक्षण पाने के लिए एक निश्चित मापदंड पूरा करना जरूरी है। देश में आरक्षण नीति के तहत अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को क्रमशः 15 और 27 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है। हालांकि एससी और एसटी अधिनियम में संशोधन के बाद से सिरमौर जिले के लोगों को भी आरक्षण मिलने लगा है।

### रिश्वत मामले में सहा. अभियंता दोषी, पांच साल कठोर कारावास की सजा

नैनीताल। उत्तराखंड के हल्द्वानी की अपर सेशन जज नीलम रात्रा की अदालत ने खटीमा के लोक निर्माण विभाग के तत्कालीन सहायक अभियंता चंद्र सिंह रौतेला को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए शुक्रवार को पांच वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। हल्द्वानी सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने पीडब्ल्यूडी के निर्माण खंड खटीमा में सहायक अभियंता के पद पर तैनात चंद्र सिंह रौतेला को 22 जनवरी 2016 को 55000 रुपये की घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7 और 7/13(1)डी सपठित धारा 13(2) के तहत अभियोग पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अभियोजन अधिकारी दीपा रानी ने इस मामले में कुशल पैरवी की और ठोस तथ्य अदातल में पेश किये गये। अंत में अदालत ने दोषी पाते हुए आरोपी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में तीन वर्ष के कठोर कारावास व 25000 रुपये के जुर्माना और धारा 7(13)(1)डी सपठित धारा 13(2) में पाचं वर्ष का कठोर कारावास और 25000 रुपये की जुर्माने की अलग-अलग सजा सुनायी है। जुर्माना अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी गयी है। सितारगंज के ग्राम सरकड़ा निवासी रियाज की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था।

### तेलंगाना में एसआई के खिलाफ मामला दर्ज

हैदराबाद। तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आपराधिक दुराचार के आरोप महबूबनगर जिले के नवाबपेट थाना के उप निरीक्षक जी पुरूषोत्तम के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू की है। एसीबी द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में बताया गया कि मामला 19 अक्टूबर का है, जब आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता, हैदराबाद निवासी गज्जे शेखर से कथित तौर पर चार लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत आधिकारिक पक्ष के बदले में मांगी गई थी। विशेष रूप से, शिकायतकर्ता सहित पांच आरोपी व्यक्तियों को एक मामले से हटाने के लिए और आपराधिक मामले में शेष चार आरोपी व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के लिए कहा था। इस मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा के साथ-साथ आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा के तहत आरोप शामिल थे। शिकायतकर्ता के लगातार अनुरोध के बाद, आरोपी अधिकारी ने कथित तौर पर रिश्वत की राशि को घटाकर दो लाख रुपये कर दिया और शुरुआत में एक लाख रुपये और शेष राशि आरोप पत्र दाखिल करने के बाद स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की।

### रिश्वत लेते पकड़े गए सहायक अभियन्ता को आठ वर्ष के कारावास की सजा

देहरादून/नैनीताल। वर्ष 2016 में उत्तराखंड पुलिस की सतर्कता विभाग के दल (विजिलेंस टीम) की ओर से रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किए गए एक सहायक अभियन्ता को शुक्रवार को न्यायालय ने आठ वर्ष के कारावास और जुर्माना भरने का आदेश दिया। जुर्माना राशि का भुगतान न करने पर छह-छह मास अर्थात एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास का दंड भोगना होगा। विजिलेंस के पुलिस अधीक्षक (एसपी) धीरेन्द्र गुंज्याल ने बताया कि निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग के खटीमा, जनपद ऊधमसिंह नगर के तत्कालीन सहायक अभियंता चन्द्र सिंह रौतेला को न्यायालय ने यह सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि 22, जनवरी, 2016 को शिकायतकर्ता ठेकेदार मोहम्मद रियाज पुत्र अखलाक अहमद, निवासी ग्राम सरकड़ा, तहसील सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर द्वारा विजिलेंस में एक मार्ग निर्माण के भुगतान के बदले उक्त अभियंता द्वारा रुपए 55,000/- रिश्वत की मांगने की शिकायत की। प्रथम दृष्टया आरोप सही पाकर विजिलेंस की ट्रैप टीम ने उक्त अभियंता रौतेला को उक्त धनराशि लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

### विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 24 दिनों में 463 करोड़ की अवैध सामग्री जब्त

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद 24 दिनों में प्रदेश में 463 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री जब्त की गई है जो गत विधानसभा चुनाव के समय की जब्ती से अब तक करीब 670 प्रतिशत अधिक हैं। राज्य के निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में अलग-अलग एजेंसियों की ओर से जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। इस दौरान सर्वाधिक 74.82 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध सामग्री जयपुर जिले में जब्त की गई। इसी तरह अलवर में 27.34 करोड़, जोधपुर में 20.37 करोड़, उदयपुर में 19.41 करोड़, नागौर में 19.23 करोड़, बीकानेर में 18.69 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 17.39 करोड़, बूंदी में 17.14 करोड़, कोटा में 16.12 करोड़, भीलवाड़ा में 16.04 करोड़, बांसवाड़ा में 14.78 करोड़, बाड़मेर में 14.38 करोड़, सीकर में 13.28 करोड़, गंगानगर में 13.28, पाली में 12.73 करोड़, हनुमानगढ़ में 12.22 करोड़, टोंक में 12.15 करोड़ एवं सिरोही में 11.62 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री जब्त की गई। इसी तरह अन्य अन्य जिलों में भी करोड़ों की अवैध सामग्री जब्त की गई।

### नीतीश ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का किया निरीक्षण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर आज गंगा घाटों का निरीक्षण किया। कुमार शुक्रवार को यहां स्टीमर से दीघा के मीनार घाट से नासरीगंज घाट तक और फिर नासरीगंज घाट से कंगन घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें। छठ व्रतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये छठ घाटों का निर्माण करें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। घाटों के पास सुरक्षा के दृष्टिकोण से मजबूत बैरिकेडिंग करायें। कुमार ने कहा कि घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी किनारे की सड़कों के पास भी व्रतियों के सुचारू आवागमन के लिए बैरिकेडिंग करायें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनको हर प्रकार की सहूलियत मिले। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा,आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग प्रत्यय अमृत, पटना नगर निगम के आयुक्त अनिमेष परासर, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेन्द्र प्रसाद सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 400 पार पहुंचा एक्यूआई, सांस लेना हुआ मुश्किल

## पहली बार डार्क रेड जोन में पहुंचा जिले का एक्यूआई, 402 दर्ज हुआ

नोएडा/ग्रेटर नोएडा। नोएडा और ग्रेनो का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खतरनाक श्रेणी (डार्क रेड जोन) में 400 के पार पहुंच गया है। बृहस्पतिवार को जिला दिनभर स्मॉग की चादर में लिपटा रहा। लोगों को सांस लेने में मुश्किल हुई। इसके अलावा आंखों में जलन और गले में खराश की समस्या रही। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) की टीम नॉलेज पार्क तीन और पांच में पानी का छिड़काव और एंटी स्मॉग गन से प्रदूषण कम करने में जुटी रही, वहीं ग्रेनो प्राधिकरण के अफसर कार्यालयों में कैद रहे। नोएडा सेक्टर-62 में दिनभर प्राधिकरण की ओर से पानी का छिड़काव किया गया। नोएडा का एक्यूआई भी बढ़कर 351 पहुंच गया है।



बृहस्पतिवार को ग्रेनो का एक्यूआई 402 दर्ज किया गया। ग्रेप लागू होने के बाद पहली बार एक्यूआई डार्क रेड जोन में पहुंचा है।

यह वायु प्रदूषण की आखिरी और बेहद खतरनाक श्रेणी है। ग्रेटर नोएडा देश का पांचवां और एनसीआर का सबसे प्रदूषित शहर रहा है। ग्रेनो की हवा में पर्टिकुलेट मैटर-10 (पीएम-10) काफी बढ़ गया है, जो धुल और धातु के कण होते हैं।

बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा में पीएम-10 का स्तर ज्यादातर समय 500 से ऊपर रहा, जबकि पीएम-10 200 से नीचे सामान्य माना जाता है। पीएम-2.5 स्तर भी शाम को चार बजे के बाद 500 पहुंच गया। पीएम-2.5 का स्तर धूल, कूड़ा जलाना और निर्माण कार्य से बढ़ता है। वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंचने से निवासियों में काफी रोष है। सोशल मीडिया पर गुस्सा निकाला है।

#### मॉनिटरिंग स्टेशन के आसपास जुटा रहा यूपीपीसीबी

ग्रेनो के नॉलेज पार्क तीन और पांच में एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन लगे हैं। बृहस्पतिवार को यूपीपीसीबी की टीम दोनों स्टेशन के एक किमी के दायरे में वायु प्रदूषण की रोकथाम में जुटी रही। यहां पानी का छिड़काव कराया गया और सड़कों से धूल को हटाया गया। एंटी स्मॉग गन से भी पानी का छिड़काव कराया गया।

#### 424 रहा नोएडा सेक्टर-62 का एक्यूआई


नोएडा में प्रदूषण अपने बेहद खतरनाक श्रेणी को पार कर गया। बृहस्पतिवार को सेक्टर-62 के मॉनिटरिंग स्टेशन के आसपास एक्यूआई 424 रहा, जो कि अब तक अधिकतम एक्यूआई है।

इसी तरह से सेक्टर-1, 125 और 116 का एक्यूआई भी 350 को पार कर गया। ऐसे में नोएडा में बेहद खराब हालात होने की संभावना बढ़ गई है।

### 211 स्कूलों में हुआ छात्रों का उपलब्धि सर्वेक्षण

ग्रेटर नोएडा। राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक (परख) द्वारा पहला राज्य शिक्षा उपलब्धि सर्वेक्षण शुक्रवार को जिले के सभी बोर्ड के 211 स्कूलों में आयोजित हुआ। 400 शिक्षकों की देखरेख में परीक्षा कराई गई।करीब नौ हजार छात्र परीक्षा में शामिल हुए। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि कक्षा तीन, छह और नौ के छात्रों की ओएमआर शीट पर भाषा और गणित की परीक्षा हुई। एक कालेज में कुछ परेशानी की सूचना मिली थी। कंट्रोल रूम की सहायता से उसे दूर कर दिया गया। मेरठ से आए पर्यवेक्षक कृष्ण कुमार के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने दनकौर स्थित बिहारी लाल इंटर कालेज में निरीक्षण किया। कक्षा तीन के छात्रों को ओएमआर शीट भरने के लिए 60 मिनट मिले। वहीं कक्षा छह और नौवीं के छात्रों को 75 और 90 मिनट मिले।

## राजस्थान में भाजपा का आना, कांग्रेस का जाना तय : धनखड़



श्री गंगानगर (राजस्थान)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने दावा किया है कि राजस्थान विधानसभा चुनावों में माहौल से यह साफ हो गया है कि राज्य में पार्टी की सरकार बनने जा रही है और कांग्रेस का सत्ता से जाना तय है।

धनखड़ ने राजस्थान में पार्टी के प्रचार के सिलसिले में अपने दौरे के दौरान आज श्रीगंगानगर जिले की पीलीबंगा विधानसभा सीट से पार्टी उमीदवार धर्मेंद्र मोची का नामांकन कराने के मौके पर मीडिया से बातचीत में यह कहा कि चुनावी माहौल में भाजपा के जीतने और कांग्रेस का सत्ता से बाहर जाना तय दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व पार्टी की सम्भावित हार देखकर बौखला गया है और वह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी तुष्टिकरण, वंशवाद और भ्रष्टाचार की राजनीति के चलते पतन की ओर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा चुनावों में यह उनका तीसरा दौरा है। इस दौरान उन्हें काफी लोगों से मिलने का मौका मिला। यहां के लोग परिवर्तन का मन बना चुके हैं और भाजपा को फिर से सेवा का मौका देना चाहते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि वे मतदाताओं से सीधे संवाद कर उन्हें केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और इसकी गत नौ वर्ष की उपलब्धियों से अवगत कराते हुये मतदान के लिए प्रेरित करें तथा भाजपा की जीत सुनिश्चित कर प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करें।

### कश्मीर में दस्तगीर साहब में हजारों लोगों ने शुक्रवार की नमाज अदा की

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर वार्षिक उर्स के समापन के मौके पर शुक्रवार को 'पीर दस्तगीर साहब' के नाम से प्रसिद्ध सुफी संत सैयद अब्दुल कादीर जीलानी की दरगाह पर हजारों लोगों ने नमाज अदा की। प्रदेश की राजधानी श्रीनगर के पुराने इलाके खानयार स्थित 'पीर दस्तगीर साहब' में आज की नमाज में पुरुष, महिलाएं और बच्चे हर उम्र के लोग शामिल हुए। खानयार में दरगाह के इमाम ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर मुख्य सड़क पर गौसिया पार्क के आर्च से शुक्रवार की नमाज का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने दरगाह की ओर आने वाली सड़क को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया था। शुक्रवार की नमाज के बाद संत के पवित्र अवशेष को श्रद्धालुओं के सामने प्रदर्शित किया गया। इसी तरह का समारोह श्रीनगर के सराय बाला में भी आयोजित किया गया। गौरतलब है कि 'शाब खवानी' मस्जिद में गुरुवार की रात विशेष नमाज आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल हुयीं।

## होटल में अनैतिक गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस की मुहिम

नोएडा। होटलों में अनैतिक कार्यों को रोकने, जागरूकता बढ़ाने के लिए नोएडा कमिश्नरेट पुलिस ने ओयो होटल के अधिकारियों के साथ एक मुहिम की शुरुआत की है। इसमें सभी की जांच और मानकों को परखा जाएगा। डीसीपी नोएडा व एसीपी के नेतृतव में बहिस्पतिवार को बैठक की गई। डीसीपी नोएडा श्री हरीश चंदर ने अनैतिक कार्यों के अलग-अलग रूप और समाज पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति होटल ऑपरेटरों को सचेत किया। उन्होंने बताया कि होटल ऑपरेटर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को पहचानें और पुलिस को सूचित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस इस मुहिम में ओयो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और नोएडा को सभी के लिए एक सुरक्षित शहर बनाने के लिए तैयार है। ओयो ने तकनीक के जरिये होटलों मालिकों को उनका कारोबार बढ़ाने में मदद की है। ओयो उन सभी छात्रों के लिए भी एक अच्छा प्लेटफॉर्म है जो दूसरे शहरों में परीक्षा देने के लिए जाते हैं। एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि नोएडा में अनैतिक कार्यों को रोकने के लिए हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की भूमिका महत्वपूर्ण है। होटलों में काम करने वालों को किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पुलिस को सूचित करना चाहिए।

#### इस तरह की मुहिम

- होटलों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नोएडा पुलिस और ओयो मिलकर काम करेगी।
- उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी अवश्य लगाए जाएं।
- सीसीटीवी की रिकार्डिंग कम से कम एक माह की अवश्य रहे।
- लोकल पुलिस के संज्ञान में लाये बिना किसी को सीसीटीवी नहीं दिखाया जाए और न ही फुटेज दी जाए।
- रूकने वाले सभी गेस्ट की आईडी व मोबाइल नंबर जरूर लें।
- किसी नाबालिग को कमरा नहीं दिया जाए।
- किसी उम्र दराज व्यक्ति के साथ कोई कम उम्र की लड़की है तो पुलिस को सूचित किया जाए।
- होटल में पुलिस के अधिकारियो व लोकल थाना चौकी व हेल्पलाइन नंबरों की सूची टंगी हो।
- रिकॉर्ड कम से कम तीन वर्ष तक सुरक्षित रहे।

## लुधियाना धान फसल घोटाले में एक और व्यापारी गिरफ़्तार

लुधियाना। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने लुधियाना जिले और अन्य अनाज मंडियों में हुये धान फ़सल घोटाला मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी फरीदकोट जिले की जैतो मंडी के नयी आबादी निवासी कालू राम को गिरफ़्तार किया है।

ब्यूरो के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यहां बताया कि आरोपी व्यापारी को स्थानीय अदालत में पेश करने के उपरांत दो दिन के पुलिस रिमांड लिया गया है। आरोपी कालू राम के ख़ाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निलम्बित उप निदेशक और भगोड़े करार दिये जा चुके राकेश कुमार सिंगला और विभाग के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के साथ नज़दीकी सम्बन्ध थे।



प्रवक्ता के अनुसार कालू राम ने प्रशासनिक और राजनीतिक शह पर जाली बिलों के ज़रिये बगैर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अन्य राज्यों से धान ख़रीद कर उक्त मामले में आरोपी राइस मिल मालिक कृष्ण लाल और सुरिंदर कुमार धोतीवाला को मुहैया कराई थी। उसने किसानों की तरफ से इनकी दुकानों पर लाये धान की असली उपज के बजाय लुधियाना जिले में अधिक फ़सल खरीद दिखाने के लिये फ़र्ज़ी बिल तैयार करने में आढ़तियों की मदद भी की थी ताकि राज्य सरकार से इस धान को एमएसपी पर बेचकर अधिक लाभ कमाया जा सके। प्रवक्ता के अनुसार उक्त घोटाले में शामिल 16 में से 11 आरोपियों पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु के अलावा ठेकेदार तेलू राम, जगरूप सिंह और संदीप भाटिया, आढ़ती अनिल जैन, किशन लाल धोतीवाला और सुरिंदर कुमार धोतीवाला, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी (डीएफएससी) हरवीन कौर और सुखविंदर सिंह गिल के अलावा पूर्व मंत्री के निजी सहायक पंकज उर्फ मीनू मल्होत्रा और इंद्रजीत इंदी को पहले ही गिरफ़्तार किया जा चुका है। दो अन्य आरोपियों रिटायर्ड डीएफएससी सुरिंदर बेरी और जिला प्रबंधक (पनसप) जगनदीप ढिल्लों को उच्च न्यायालय से अग्रिम ज़मानत मिल चुकी है।

अन्य आरोपी परमजीत चेची की अग्रिम ज़मानत अर्ज़ी उच्चतम न्यायालय से ख़ारिज हो चुकी है और उसे ब्यूरो के आगे आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिये गये हैं। इस मामले में अदालत ने इन आरोपियों में से विभाग के उपनिदेशक आर के सिंगला को भगोड़ा करार दिया जा चुका है।

## क्रिप्टो करेंसी मामले में एसआईटी के रडार पर पांच महिलाएं

शिमला। क्रिप्टोकरेंसी ठगी मामले में पांच महिलाएं पुलिस विशेष जांच दल (एसआईटी) के रडार पर हैं। पुलिस को संदेह है कि महिलाओं ने भी आरोपियों के साथ बतौर एजेंट काम किया है। एसआईटी की ओर से आरोपियों और अन्य लोगों से की जा रही पूछताछ में भी इन महिलाओं के नाम आ रहे हैं।

दो महिलाएं हिमाचल के हमीरपुर और एक-एक सोलन तथा जीरकपुर (पंजाब) से हैं। पांचवीं महिला की जानकारी एकत्र की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी पुलिस से महिलाओं का ब्योरा मांग चुकी है। गिरफ्तारी से पहले एसआईटी इसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा रही है। इससे पहले एसआईटी एक महिला को गिरफ्तार भी कर चुकी है। अब तक मामले में 10 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। वहीं, अब तक आरोपियों की साढ़े नौ करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की जा चुकी है। पुलिस का मानना है कि क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने का झांसा देकर लोगों को ठगने के मामले में सैकड़ों लोगों की चेन बनी है। जिनकी ठगी में संलिप्तता है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## बदरी, केदार दर्शन को पहुंचे ठाकरे, पांडेय व नेपाल के राजदूत

एजेंसी

बदरीनाथ/केदारनाथ। उत्तराखंड स्थित श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ के कपाट बंद होने में लगभग दो सप्ताह समय शेष है। अभी तक 19 लाख से अधिक तीर्थयात्री श्री केदारनाथ तथा 17 लाख से अधिक तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम दर्शन को आ चुके हैं। अभी भी धामों में तीर्थयात्रियों के साथ महत्त्वपूर्ण तथा अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों का आना जारी है।

शुक्रवार को दोनों स्थानों पर हल्की बारिश एवं बर्फबारी के बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे तथा उनकी धर्मपत्नी रश्मि ठाकरे ने श्री केदारनाथ के बाद बदरीनाथ धाम के दर्शन किये।

इसके बाद, भारत में नेपाल के राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा और देश के चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय ने सपरिवार केदारनाथ एवं भगवान बदरीनाथ के दर्शन किये।

इन विशिष्ट लोगों के अलावा, तिरूपति तिरूमला देवस्थानम बोर्ड के सदस्य शौरभ बोरा तथा त्र्यंबकेश्वर मंदिर ट्रस्टी कैलाश घुले भी केदारनाथ एवं बदरीनाथ दर्शन को पहुंचे।

## नैनीताल नगर पालिका के अध्यक्ष व ईओ को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार के आरोपी नैनीताल नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सचिन नेगी और कार्यकारी अधिकारी (ईओ) आलोक उनियाल को फिलहाल राहत नहीं दी है। अदालत ने दोनों की समीक्षा याचिकाओं को पोषणीय नहीं माना। एक अन्य मामले में अदालत बुधवार को सुनवाई करेगी।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने वित्तीय अनियमितता के आरोप में विगत 17 अक्टूबर को नैनीताल नगर पालिका के अध्यक्ष के वित्तीय अधिकार सीज कर दिये थे और ईओ को निलंबित कर दिया था।



अदालत ने जनहित याचिका में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर उठाये गये बिन्दुओं की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश इरशाद हुसैन को सौंप दी थी जबकि झूले के ठेकों में अनियमितता की जांच प्रदेश के मुख्य सचिव के सुपुर्द कर दी थी। अदालत ने मुख्य सचिव से 31 अक्टूबर तक प्रगति रिपोर्ट सौंपने को कहा था।

आज अध्यक्ष और ईओ की ओर से दोनों मामलों में चार अलग अलग समीक्षा याचिकाएं दायर की गयीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से 17 अक्टूबर के आदेश की समीक्षा की मांग की गयी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि मुख्य सचिव की ओर से की जा रही जांच में कोई प्रगति नहीं हुई है। दोनों ने अदालत से जांच में तेजी लाने की मांग की गयी।

दूसरी ओर सरकार की ओर से कहा गया कि मुख्य सचिव की ओर से जांच के लिये तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया गया है। कमेटी ने जांच शुरू कर दी है। कमेटी की ओर से पूरे मामले की जांच के लिये अदालत से 15 दिन के अतिरिक्त समय की मांग की गयी।

अदालत ने अंत में दोनों याचिकाओं को पोषणीय नहीं माना। अदालत के सख्त रूख को देखते हुए दोनों याचिकाकर्ताओं ने याचिकाओं को वापस लेने का अनुरोध किया जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

अन्य मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया उनके खिलाफ कार्यवाही करने से पूर्व उनको सुनवाई का मौका नहीं दिया गया है।

## 'द ब्रांड ऑफ़ उत्तराखंड महोत्सव' आयोजन की स्वीकृति

देहरादून। उत्तराखंड औद्यानिक परिषद् की प्रबन्ध समिति की शुक्रवार को कृषि मंत्री गणेश जोशी की अध्यक्षता में हुई सातवीं बैठक में विभिन्न कार्यवाही के साथ, राज्य में स्थापित छोटे समूहों के सहयोग हेतु, देहरादून में 'द ब्रांड ऑफ उत्तराखंड' के तीन दिवसीय महोत्सव के आयोजन हेतु प्रवन्ध समिति के द्वारा स्वीकृति एंव अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में परिषद की विगत वर्षो की आय - व्यय विवरण पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही, गत बैठक के निर्णय अनुसार, कार्यों की समीक्षा हुई। परिषद की साधारण सभा तथा कार्यकारिणी समिति में नव गठित पद महानिदेशक, कृषि एवं उद्यान को सदस्य के रूप में नामित करने, उद्यान विभाग को पेपर रहित बनाने एवं समस्त किया-कलापों को डिजिटल माध्यम से किये जाने हेतु 'प्रोजेक्ट डिजिटल उद्यान' स्वीकृति देते हुए, व्यय विवरण से परिषद को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान, सर्व सम्मति से राज्य में उत्पादित समस्त कृषि एवं औद्यानिक उत्पादों के बेहतर विपणन एवं वृहद प्रचार-प्रसार हेतु उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद के अधीन 'अम्ब्रेला ब्राण्ड नेम' निर्माण हेतु प्रबन्ध समिति ने अनुमोदन प्रदान किया।

राज्य के ऐसे कृषक, जिनके पास कृषि एवं बागवानी योग्य भूमि है तथा वे राज्य से पलायन कर अन्य स्थानों पर जा रहे हैं। उनके खेत परती हैं, ऐसे कृषकों के साथ त्रिपक्षीय अनुबन्ध (भूस्वामी, परिषद व सेवा प्रदाता संस्था के मध्य) कर भूमि विकास/बागवानी विकसित करने हेतु प्रोजेक्ट बाग-बहार पर परिषद के माध्यम से सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने की स्वीकृति/अनुमोदन दिया गया। बैठक में फैसला लिया गया कि कृषक उत्पाद बिकी हेतु एचपीएमसी की तर्ज पर, रिटेल आउटलेट, स्टोर स्थापना एंव संचालन से पूर्व, उत्तराखण्ड औद्यानिक परिषद अपने ब्राण्ड का चयन कर रिटेल आउटलेट हेतु भूमि का चयन उचित स्थानों पर कराये, जिससे स्थापित होने वाले आउटलेटों की उपयोगिता सुनिश्चित की जा सकें।

## धामी ने वैष्णव से मिलकर की उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग

नयी दिल्ली/देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में रेल भवन में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर, राज्य में सुदृढ़ रेल कनेक्टिविटी के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की।

धामी ने वैष्णव से लखनऊ से देहरादून के मध्य 'वंदे भारत एक्सप्रेस' के संचालन एवं पर्वतीय क्षेत्रों में रेल सेवा के विस्तार के दृष्टिगत बहुप्रतीक्षित टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन निर्माण की यथाशीघ्र स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया।

साथ ही, अहमदाबाद से काठगोदाम, हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने हेतु सीधी रेल सेवा शुरू करने, दून एक्सप्रेस में कोटद्वार के कोच का व जनता एक्सप्रेस में रामनगर के कोच का पुन: परिचालन करने एवं टनकपुर से राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी तक नई रेल सेवा प्रारम्भ करने का अनुरोध किया।

# वायु प्रदूषण को लेकर सो रही केंद्र सरकार : 'आप'

## नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जिंद, फरीदाबाद, रोहतक, गाजियाबाद, बल्लभगढ़, हापुड़, भिवाड़ी, बहादुरगढ़ और मेरठ शहरों में प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर

नयी दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए शुक्रवार को कहा कि वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली और पंजाब सरकार लगातार काम कर रही है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केंद्र समेत हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार सो रही है।

'आप' की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि सर्दियों के शुरु होते ही पूरे उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या शूरू हो जाती है। आज उत्तर भारत का नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जिंद, फरीदाबाद, रोहतक, गाजियाबाद, बल्लभगढ़, हापुड़, भिवाड़ी, बहादुरगढ़ और मेरठ शहरों में प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर है। यह कोई पहला साल नहीं है, जब इन शहरों की हवा खराब हुई हो बल्कि पिछले कई सालों से इस इंडो-गैंगेटिक प्लेन में जहां लगभग 70 करोड़ लोग रहते हैं, यहां हर साल प्रदूषण की समस्या पैदा होती है। दुनिया के किसी और देश में ऐसी बड़ी समस्या को हल करने के लिए कोई न कोई योजना होती है लेकिन पिछले नौ सालों से भाजपा की केंद्र सरकार ने आज तक ऐसा कोई काम नहीं किया जिससे पूरे उत्तर भारत में होने वाली प्रदूषण की समस्या का हल निकल सके। दूसरी तरफ, दिल्ली सरकार हर साल विंटर एक्शन प्लान और समर एक्शन प्लान बनाती है। यही कारण है कि केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में दिल्ली में प्रदूषण 30 फीसद कम हुआ है। उन्होंने कहा, हम



केंद्र को हर साल चिट्ठियां लिखकर यह अनुरोध करते हैं कि दिल्ली-एनसीआर के प्रदूषण के लिए एक योजना बनानी चाहिए। यह चिट्ठी हम केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को जुलाई-अगस्त से लिखते हैं कि फिर से प्रदूषण की समस्या आने वाली है। इसके लिए कुछ कदम उठाइए लेकिन किसी के कानों पर कोई जूं नहीं रेंगती है। वहीं दूसरी तरफ इस पर दिल्ली और पंजाब ने मेहनत की। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बने सिर्फ डेढ़ साल हुआ है। अमेरिका की एजेंसी नासा में रिकॉर्ड डाटा के अनुसार आज की तारीख में पंजाब में पराली जलाने के मामलों में 50 प्रतीशत की कमी आई है। वहीं, हरियाणा की सरकार प्रदूषण की समस्या पर कोई काम नहीं कर रही है। हरियाणा में लगातार पराली जलाई जा रही हैं। 'आप' नेता ने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने पिछले एक साल से प्रदूषण को लेकर एक भी बैठक नहीं की। उनको दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से लगने वाले सभी राज्यों की सरकार के साथ बैठकर करना चाहिए था, ताकि प्रदूषण को कम करने के लिए कोई एक्शन प्लान बन सके लेकिन कोई भी इसका जिम्मा लेने के लिए तैयार नहीं है। इस दौरान 'आप' विधायक कुलदीप कुमार ने कहा, अक्टूबर-नवंबर में प्रदूषण उत्तर भारत की एक बड़ी समस्या है। देश के सबसे प्रदूषित जिलों में बीस जिले हरियाणा से आते हैं। हनुमानगढ़, फतेहाबाद, हिसार, जिंद, फरीदाबाद, ग्रेटर नोएडा, कैथल, रोहतक, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, कुरुक्षेत्र, अंबाला में 300 से अधिक एक्यूआई है। दिल्ली सरकार ने ग्रीन एरिया, एंटी स्मॉग गन, रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ कैंपेन इत्यादि के माध्यम से प्रदूषण में कमी लाने के लिए काम किया है। हमें इसके लिए एक साझा प्लान तैयार करने की जरूरत है। लेकिन सबकुछ जानते हुए भी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।

# व्हीलचेयर पर बैठे दिव्यांग ने लहराई तलवार

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में दो पक्षों में आपस में विवाद के बाद एक दिव्यांग व्यक्ति ने व्हीलचेयर पर बैठकर तलवार लहराई। इसका वीडियो सामने आया है। पुलिस इस व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। कहा जा रहा है कि तलवार लहराने के जुर्म में पुलिस इस व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। वीडियो में दिख रहा कि व्हीलचेयर पर एक व्यक्ति बैठा है। वो हाथ में तलवार लेकर उसे घुमा रहा है और मारने की धमकी दे रहा है। एक तरफ से एक व्यक्ति मोबाइल से इसकी वीडियो बना रहा है, वहीं दूसरी तरफ से आ रहा व्यक्ति उसको समझा रहा है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि तलवार लहराने वाले शख्स की पहचान अमित चौधरी के रूप में हुई है। वो शालीमार गार्डन एक्सटेंशन में रहता है।

# मोदी-भाजपा की एजेंसी फेल; 20 घंटे में नहीं मिला कुछ

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के मंत्री राजकुमार आनंद के घर ईडी की रेड खत्म हो गई। जिसके बाद खुद मंत्री राजकुमार आनंद ने बयान जारी किया। तो वहीं दूसरी तरफ दिल्ली मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस ईडी की रेड पर सफाई दी। आतिशी ने कहा कि बीती दिन सुबह 5: 40 पर ईडी का छापा राजकुमार आनंद के घर पर पड़ा। ईडी की कार्रवाई 19 साल पुराने मामले में हुई है। एक ऐसा केस जो 2005 में रजिस्टर हुआ। बीते 19 साल में इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा इन दो पार्टियों की जांच एजेंसियां ईडी और सीबीआई आम आदमी पार्टी को परेशान कर रही हैं। इस पार्टी को खत्म करने में लगी हैं। तो आज कहीं से ये 19 साल पुराना केस कहीं से निकाल लिया। छापा 20 घंटे तक चला। ईडी को कुछ भी नहीं मिला। जानकारी के लिए बता दें कि राजकुमार आनंद के घर पर छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई। राजकुमार आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री हैं। शराब घोटाले व मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप के तीन नेता गिरफ्तार होने के बाद जेल में हैं।

# मोदीनगर में मकान का ताला तोड़कर चोरी

मोदीनगर। मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक घर का ताला तोड़कर 1.5 लाख रुपये की नकदी व सोने के जेवरात चोरी करके ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव छज्जूपुर निवासी प्रमोद शर्मा परिवार सहित रहते है। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी लोग अपने-अपने कमरे में सो रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह 4 बजे के आसपास जब आंख खुली और कमरे से बाहर आया, तो देखा की पास के कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे में सारा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है।

# प्रदूषण पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

## दिल्ली सरकार को लगाई फटकार, कहा- इसके लिए आप जिम्मेदार हैं




नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर अब हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने ड्यूटी में लापरवाही का आरोप लगाया है। कहा कि प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। होईकोर्ट ने कहा कि क्या आप चाहते हैं कि लोग गैस चेंबर में रहें।

दिल्ली-एनसीआर में आज भी धुंध छायी हुई है। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, शुक्रवार सुबह आठ बजे तक दिल्ली के मुंडका इलाके का औसत एक्यूआई 500, आईटीओ में 451, नजफगढ़ में 472, आईजीआई एयरपोर्ट में 500, नरेला में 500 दर्ज किया गया।

### दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू

वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर गंभीर श्रेणी में एक्यूआई रहा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में शुरू हुआ पेटेंट सर्टिफिकेट कोर्स

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने पेटेंट पाठ्यक्रम के लिए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है। उम्मीदवार 10 नवंबर, 2023 तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। इस पाठ्यक्रम का यह दूसरा बैच है। पाठ्यक्रम की अवधि तीन माह होगी, जोकि एक दिसंबर से मार्च 2024 तक चलेगा।

इसमें पंजीकरण कराने वाले छात्रों को आवेदन के दौरान 5 हजार रुपये का भुगतान करना होगा। वहीं, 21 नवंबर से उम्मीदवार फीस जमा करा सकेंगे। इसकी अंतिम तिथि 30 नवंबर होगी। इसके अलावा छात्रों के लिए




व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा, जो मार्च 2023 से रोटेशन द्वारा बैचों में किया जाएगा।

पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। इसके अलावा 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्र भी आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक मॉड्यूल के पूरा होने पर छात्रों का लिखित कक्षा परीक्षणों और परियोजना कार्य के माध्यम से लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

### 300 छात्र होंगे प्रति बैच में शामिल

इस पाठ्यक्रम में प्रति बैच में 300 छात्र चयनित किए जाएंगे। इसमें कुल 60 घंटों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड में व 48 घंटे ऑफलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी।

यही नहीं, 12 घंटे पढ़ाई ऑनलाइन मोड में होगी। कक्षाएं शनिवार और रविवार को 2-2 घंटे के लिए आयोजित की जाएंगी। पाठ्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को बौद्धिक संपदा, विशेष रूप से पेटेंट के निर्माण, संरक्षण, व्यावसायीकरण और मूल्यांकन की आवश्यकता के बारे में बताना है। इसमें छात्रों को पेटेंट दाखिल करने की विधि सिखाने के साथ बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न रूपों को समझाया जाएगा।

पाठ्यक्रम विश्वविद्यालयों, स्टार्ट-अप और उभरते उद्यमियों के लिए नवाचार और पेटेंट दाखिल करने को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं पर भी प्रकाश डालेगा।

# वायु प्रदूषण को लेकर यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मद्देनजर एक विशेष अभियान चलाया। इसके तहत पुलिस ने समय अवधि पूरी कर चुके डीजल और पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात माह को लेकर भी पुलिस लगातार पूरे जिले में ट्रैफिक नियमों को लेकर लोगों को जागरुक कर रही है। यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण के दृष्टिगत यातायात पुलिस ने आज एक विशेष अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 10 वर्ष पुराने डीजल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 57 वाहन जब्त किये गए। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 154 वाहन जब्त किये गए। उन्होंने बताया कि बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के चल रहे 2640 वाहनों के चालान किए गए। जबकि 2880 वाहनों के चालान किये गए। जिनके फिटनेस प्रमाणपत्र की अवधि समाप्त हो गई थी।

# ग्रेटर नोएडा में दादी को गोली मारने वाला पोता गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी दादी की बहन को गोली मारकर हत्या करने का प्रयास किया था। गोली मारकर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने टीम का गठन करने के बाद आरोपी को 6 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया।

दरअसल दादरी थाना क्षेत्र के डेरिन गांव में 29 अक्टूबर को एक युवक ने बुजुर्ग महिला को गोली मारकर घायल कर दिया था और फरार हो गया था। महिला को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि प्रीत नाम के युवक ने अपनी दादी की बहन जो कि हरियाणा से उसके घर आई हुई थी उनको गोली मार दी थी।

प्रीत को शक था कि उसकी दादी की बहन घर में टोना-टोटका और जादू करती है। जिसकी वजह से घर में परेशानियां और बीमारी बनी रहती है। इसी बात को लेकर दादी की बहन से उसकी बहस हुई और बहस के दौरान ही उसने तमंचे से गोली मार दी। जो की महिला के गर्दन में लगी और वह घायल हो गई।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और टीम बनाकर फरार आरोपी की तलाश में जुट गए। थाना दादरी पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से मुकदमे में फरार चल रहे प्रीत को थाना क्षेत्र के लुहारली टोल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 1 तमंचा 315 बोर बरामद किया गया है।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए रामलीला मैदान में चेतावनी रैली

नई दिल्ली। पुरानी पेंशन बहाली, ठेका कर्मियों को नियमित करने, निजीकरण पर रोक, खाली पदों को भरने, आठवें वेतन आयोग का गठन, 18 महीने के बकाया डीए का भुगतान करने, नई शिक्षा नीति पर रोक जैसी मांगों को लेकर केंद्र एवं राज्यकर्मियों ने रामलीला मैदान में चेतावनी रैली आयोजित की। रैली में देश के सभी राज्यों के हजारों की तादाद में कर्मचारी मौजूद रहे। सुबह से ही कर्मचारी जुलूस की शक्ल में रैली में पहुंचने लगे। दोपहर करीब एक बजे तक यह सिलसिला जारी रहा। दोपहर ढाई बजे रैली समाप्त हुई। रैली में सरकार को चेतावनी दी गई कि अगर 15 दिन के अंदर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो देशव्यापी हड़ताल करेंगे। लोकसभा चुनाव में करीब 80 करोड़ कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के वोट से मौजूदा सरकार को हाथ धोना पड़ेगा। रैली की अध्यक्षता सुभाष लांबा ने की, साथ में रूपक सरकार, सीएन भारती, अशोक थूल और राजेन्द्रन जैसे फेडरेशन के नेताओं ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाला। इसमें राज्य व केंद्र सरकार के कर्मचारी, शिक्षक, पेंशन भोगी शामिल थे। सीआईटीयू के महासचिव तपन सेन ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारियों का आंदोलन अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। संसद में पीएफआरडीए एक्ट को पारित करने वाले दल भी अब पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीटू कर्मचारियों की रैली और मांगों का समर्थन करता है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, कंफेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स, स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया और अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फेडरेशन के बैनर तले रैली आयोजित की गई।

### 18 महीने का बकाया डीए डीआर नहीं दिया

कंफेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्पलाइज एंड वर्कर्स फेडरेशन के सचिव एसबी यादव ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन बहाली करने के बजाय एनपीएस में संशोधन कर कर्मचारियों के आक्रोश को कम करना चाहती है। जीएसटी की रिकॉर्ड कलेक्शन के बावजूद सरकार कोरोना में रोके गए कर्मचारियों व पेंशनर्स के 18 महीने का डीए डीआर का भुगतान नहीं कर रही। एनएफपीई के सेक्रेटरी जरनल जनार्दन मंजूमदार ने कहा कि निजीकरण के खिलाफ हड़ताल के कारण एनएफपीई और क्लास थ्री यूनियन की मान्यता रद्द कर दी गई है।

### पूंजीपतियों के कर्ज माफ कर रही सरकार

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि सरकार के पास पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रुपये का कर्ज माफ करने, कार्पोरेट टैक्स को 30 से घटाकर 22 फीसदी करने के लिए पर्याप्त धन है, लेकिन पुरानी पेंशन बहाली, ठेका कर्मियों को पक्का करने, खाली पदों को भरने के लिए धन नहीं। सरकार ने मांगें नहीं मानी तो होने वाले लोकसभा चुनाव में करीब 80 करोड़ कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के वोट से हाथ धोना पड़ेगा। फेडरेशन के महासचिव ए श्री कुमार ने कहा कि सरकार जनसेवाओं और पीएसयू को निजी हाथों में सौंपकर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों से छुटकारा पाना चाहती है।

# पुलिस ने रेपिस्ट डॉक्टर के दोनों पैर में मारी गोली

## खंडहर में छुपकर बैठा था, नोएडा में 10 साल की मासूम से रेप किया था

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-8 में एक बच्ची से रेप के आरोपी डॉक्टर को थाना फेज-1 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर थाना फेज-1 पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तीन टीमों को गठित किया था। 12 घंटे की तलाश के बाद जानकारी मिली कि आरोपी सेक्टर-10 पार्क में बने खंडहर में छुपकर बैठा था। पुलिस ने उसे चारो ओर से घेर कर सरेंडर करने के लिए कहा।

डीसीपी सेंट्रल विशाल पांडे ने बताया कि आरोपी ने पुलिस पर फायर कर



दिया। जवाबी फायरिंग में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। उसे खंडहर के अंदर से ही गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान शहजाद पुत्र मकसूद हुई है। इसके पास से 1 अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए है। आरोपी पीड़ित के घर के पास ही डॉक्टर के रूप में काम करता था। ये असली डॉक्टर है या नहीं इसकी तफ्तीश भी की जा रही है। ये काफी लंबे समय से सेक्टर-8 में लोगों का इलाज कर रहा था।

दरअसल, सेक्टर-8 में 10 साल की मासूम बच्ची अपने परिवार के साथ रहती है। गुरुवार की दोपहर वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक कथित डॉक्टर ने बच्ची के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद जब बच्ची खून से लथपथ थी तो यह देखकर उसके परिवार वाले घबरा गए। बच्ची से मामले की जानकारी होने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना फेस वन की पुलिस बच्ची को लेकर अस्पताल गई। वहां बच्ची का इलाज किया जा रहा है।

### बच्ची की हालत खतरे से बाहर

डीसीपी ने बताया कि बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। उसका इलाज अभी किया जा रहा है। बच्ची के परिजन उनके संपर्क में है। इस मामले में धारा 376ए,बी व 5एम/6 पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# किसानों की मांगों पर प्राधिकरण की बनी सहमति

नोएडा। 2019 से किसान मांग कर रहे थे कि उनको 10 प्रतिशत आबादी का भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजा की धनराशि दी जाए। इसी को लेकर लगातार किसान धरना प्रदर्शन कर रहे थे। प्राधिकरण की 212वी बोर्ड बैठक में उनकी मांग को अनुमोदित करते हुए प्राधिकरण ने शासन को भेज दिया है। शासन स्तर पर तय किया जाएगा कि किसानों की ये मांग जायज़ है या नहीं।

दरअसल , नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्राविधान के अनुसार 16 गांव की 19 अधिसूचनाएं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश दिया। यही नहीं 21 अक्टूबर 2011 के आदेश क्रम में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया। न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्ही किसानों को दिया जाएगा। जो उच्च न्यायालय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे।

# शार्ट न्यूज

## पंचशील सोसाइटी में 9वें फ्लोर पर लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शुक्रवार सुबह क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र स्थित पंचशील वेलिंगटन सोसाइटी में 9वें फ्लोर पर आग लग गई। सोसाइटी में जो फायर उपकरण लगे हुए थे, वे फेल हो गए। जिसके बाद रेजिडेंट्स ने फायर विभाग को फोन किया। अब फायर फाइटर्स की टीम मौके पर है और आग को बुझाने में जुटी है। इस अग्निकांड से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है। इसमें फ्लैट की बालकनी से आग की तेज लपटें काले धुएं के साथ उठती दिखाई दे रही हैं। शुरुआत में जैसे ही ये लपटें बालकनी से बाहर निकलीं तो पड़ोसी सजग हो गए। उन्होंने बाल्टी से पानी फेंककर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन ये बढ़ती चली गई। इसके बाद सोसाइटी में बिल्डर की तरफ से लगाए गए फायर इक्वीपमेंट्स मंगवाए गए। वे चल ही नहीं पाए। फिलहाल फ्लैट में आग लगने की घटना के बाद कई रेजिडेंट्स बाहर निकल आए हैं। फायर फाइटर्स आग बुझाने में जुटे हुए हैं। प्राथमिक जानकारी ये भी सामने आई है कि बालकनी में एक छोटा सा मंदिर रखा हुआ था। ऐसा भी हो सकता है कि मंदिर में रखे दीये या अन्य किसी वजह से आग लगी हो। फिलहाल आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि फ्लैट में रखा काफी सामान इस आग में जल चुका है।

## ग्रामीण न्यायालय को मोदीनगर तहसील में स्थांतरण करने की मांग

मोदीनगर। मोदीनगर तहसील परिसर में ग्रामीण न्यायालय शुरू करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता बार एसोसिएशन को लेकर वकीलों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर हंगामा किया। वकीलों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि मांग नहीं मानी गई, तो हड़ताल की जाएगी। अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित नेहरा व महासचिव विशाल शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों वकीलों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। वकील का कहना है कि ग्रामीण न्यायालय तहसील परिसर से दूर होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांग है कि ग्रामीण न्यायालय को तहसील परिसर में खाली पड़े चकबंदी विभाग के कार्यालय में शुरू कराया जाए। उपजिलाधिकारी संतोष राय को एक ज्ञापन भी दिया। उपजिलाधिकारी ने ज्ञापन को उच्च अधिकारियों के पास भेजने की बात कहीं। इस मौके पर अनिल चौधरी, अमरदीप नेहरा, प्रेमवीर राठी, आशीष नेहरा, मोहित नेहरा, अमित नेहरा, विशाल शर्मा, पप्पु निहानिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अगरबत्ती बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की सेवा धाम पुलिस चौकी क्षेत्र में कृष्णा विहार कॉलोनी में एक धूप और अगरबत्ती बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई। धूआं उठता देख पूरा इलाके में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। जानकारी के मुताबिक, सूचना मिलते ही ही तुरंत दो फायर टेंडर मय फायर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से रवाना हुए और एक फायर टेंडर साहिबाबाद फायर स्टेशन से भी घटनास्थल के लिए रवाना करने की मांग की गई। तीनों फायर टेंडर के साथ फायर सर्विस यूनिटस ने मौके पर पहुंचे। जहां देखा कि लगभग 100 वर्ग मीटर में बने दोमंजिला भवन के भू एवं प्रथम दोनों तलों पर आग लगी हुई है। पहुंच मार्ग अत्यन्त खराब होने के कारण फायर टेंडर घटनास्थल से 100 मीटर दूरी पर खड़ा करके वहीं से होज लाईन बिछाकर पम्पिंग कार्य शुरू करके आग को बुझाना शुरू किया गया। इस अग्निकांड में किसी भी व्यक्ति आदि को कोई हानि नहीं पहुंची है।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग पर रविवार को महापंचायत

साहिबाबाद। जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की मांग पर रविवार को महापंचायत की जाएगी। इसमें दिल्ली एनसीआर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश से करीब 20 से अधिक पंचायत एवं सामाजिक संगठन के लोग शामिल होंगे। वहीं, पांचवें दिन भी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनशन पर रहे। इस दौरान उनके समर्थन में बृहस्पतिवार को भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। धरनास्थल पर जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग पर एक्स सर्विसमैन एसोसिएशन, पतंजलि योगपीठ, राजपूत सभा हाथरस, लाठर खाप, तालियान खाप और अखिल भारतीय गुर्जर महासभा सहित कई संगठन के पदाधिकारियों ने मिलकर चर्चा की। इस दौरान आंदोलन को कैसे तेज किया जाए और सरकार को किस तरह इस कानून की महत्ता बताई जाए, इस पर विचार किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की कोर कमेटी ने आज तय किया है कि रविवार 5 नवंबर को सुबह 10 से 12 बजे तक धरनास्थल पर महापंचायत की जाएगी। पंचायत में सर्वसम्मति से जो फैसला लिया जाएगा, उस पर अमल करते हुए आंदोलन को देश भर में विस्तारित किया जाएगा।

## ग्रैप का चौथा चरण अभी नहीं

नई दिल्ली। केन्द्रीय वायु गुणवत्ता आयोग की ग्रैप समिति प्रदूषण की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। हालांकि, ग्रैप का चौथा चरण अभी लागू नहीं किया जाएगा।प्रदूषण में तेजी से बढ़ोतरी के बाद शुक्रवार को ग्रैप समिति की बैठक हुई। इसमें मौसम के कारकों, प्रदूषण की स्थिति और पाबंदियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि दिन में प्रदूषण स्तर बढ़ रहा था, जो शाम तक घटने लगा। दोपहर 12 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 475 अंक पर था, जो चार बजे तक घटकर 468 पर आ गया। वहीं, शाम पांच बजे सूचकांक 456 अंक पर आ गया। इसे देखते हुए ग्रैप के चौथे चरण की पाबंदियों को अभी लागू नहीं करने का फैसला लिया गया। साथ ही बैठक में यह भी कहा गया कि अभी ग्रैप के तीसरे चरण की पाबंदियों को लागू किए हुए चौबीस घंटे ही हुए हैं, इसलिए अभी पाबंदियों का असर सामने आने के लिए वक्त दिया जाना चाहिए।

## शिक्षक की पिटाई से छात्र की अंगुलियां टूटीं

मुरादनगर। मेन बाजार स्थित किसान नेशनल इंटर कॉलेज में शुक्रवार को शिक्षक द्वारा कक्षा दस के छात्र की बेहरमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। पिटाई से छात्र के हाथों के दो अंगुलियों में फैक्चर हो गया है। अभिभावक ने शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर हंगामा किया। छात्र के पिता ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है।नगर की नूरगंज कॉलोनी में इंतजार परिवार सहित रहते हैं। उनका 15 साल का पुत्र अमन किसान नेशनल इंटर कॉलेज में कक्षा दस में पढ़ता है। शुक्रवार को छात्र कॉलेज गया था। सुबह दस बजे कॉलेज से परिजनों के पास फोन पहुंचा कि अमन को चोट लग गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों को अमन ने बताया कि साथी छात्र से बात करने पर शिक्षक ने डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। परिजनों का आरोप है कि छात्र को इतना पीटा गया कि उसके शरीर पर निशान पड़ गए हैं। दो अंगुली में फैक्चर आ गया है। इसके बाद अभिभावकों ने कॉलोनी के लोगों के साथ मिलकर कॉलेज में हंगामा किया।

## पेरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

गाजियाबाद। बंदायू में हुए हादसे में स्कूली बच्चों और चालक की मौत होने के मामले में पैरेंट्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। एसोसिएशन ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और पीड़ितों के लिए मुआवजे की मांग की।बदांयू में हुए हादसे में बस की चपेट में आने के चलते स्कूल वैन के चालक समेत चार बच्चों की मौत हो गई थी। हादसे के विरोध में ऑल स्कूल पेरेंट्स एसोसिएशन के सचिव सचिन सोनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। पत्र में हादसे के पीछे नगर विकास, शिक्षा विभाग व परिवहन विभाग को बताया। स्कूल बिना मान्यता के संचालित है,तो जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदा गया गड्ढा करीब डेढ़ माह पुराना है। आठ सीटर वैन में 22 बच्चे बैठे थे ।बदायूं जैसा हादसा दोबारा न हो इसके लिए इस दुर्घटना से जुड़े सभी शिक्षा विभाग, नगर पालिका व परिवहन विभाग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इसके अलावा मृतकों के परिजनों के लिए भी मुआवजे की मांग की।

# संपादकीय



## केजरीवाल ईडी से क्यों भागते हैं दूर

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज के तरीके को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं।

प्रवर्तन निदेशालय के फरमान पर अरविंद केजरीवाल के हाजिर न होने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने शुरू हो गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को उन्हें बुलाया था। मगर वहां जाने के बजाय एक पत्र लिख कर उन्होंने पूछा कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है।

पत्र में न तो उन पर कोई आरोप स्पष्ट है और न यह बताया गया है कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर तलब किया गया है, मुख्यमंत्री के तौर पर या गवाह के रूप में। केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान को राजनीति से प्रेरित और गैरकानून करार दे दिया। पूछा जा रहा है कि अब प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है।

दरअसल, जैसे ही प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा, वैसे ही तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। भाजपा के नेता दावे करने लगे थे कि अब केजरीवाल भी गिरफ्तार होंगे। उधर आम आदमी पार्टी के नेता भी ऐसी ही आशंकाएं व्यक्त करने लगे थे। इसे लेकर सदा की तरह आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमले करती रही। मगर इन सब सियासी पैंतरों और बयानबाजियों के बीच यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने और खुद को कट्टर ईमानदार पार्टी बताने वाली आम आदमी पार्टी के संयोजक ने इस जांच से खुद को दूर रखने का फैसला क्यों किया।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज के तरीके को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस पर सर्वोच्च न्यायालय भी कड़े शब्दों में उसके अधिकार क्षेत्र को रेखांकित कर चुका है। निदेशालय के ज्यादातर छापे और गिरफ्तारियां या पूछताछ की कार्रवाइयां विपक्षी नेताओं के खिलाफ ही हुई हैं, इसलिए भी उसकी मंशा पर सवाल गहरे हुए हैं।

मगर इसका मतलब यह नहीं कि खुद को ईमानदार बताने वाले केजरीवाल भी उन्हीं आरोपों की आड़ में पूछताछ से बचने का प्रयास करें। उनसे लोगों की स्वाभाविक उम्मीद थी कि वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखेंगे और बेदाग बाहर निकलेंगे।

मगर ऐसा न करके वे कई उलझे सवाल छोड़ गए हैं। कानूनी कार्रवाइयों को कानूनी दांव-पेंच से ही निपटाया जा सकता है, उसमें सियासत ले आना ठीक नहीं कहा जा सकता।

यों वे पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान की अवहेलना करते हुए पूछताछ में सहयोग न करने का फैसला किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय पांच बार नोटिस भेज चुका है, मगर वे पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए हैं।

हालांकि इस आशंका को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि अगर अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय जाते, तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता था। पहले ही उनके दो बड़े नेताओं- उपमुख्यमंत्री रहते मनीष सिसोदिया को और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

पिछले दिनों जिस तरह कहा गया कि शराब घोटाले में अगर लाभ पूरी पार्टी को मिला है, तो पूरी पार्टी को आरोपी बनाया जाना चाहिए। उससे भी साफ हो गया था कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता को पूछताछ के लिए बुला और फिर गिरफ्तार कर सकती है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मतलब है कि पूरी पार्टी और दिल्ली सरकार अशक्त हो जाएगी। मगर केवल ऐसे कयासों के आधार पर किसी को कानून के साथ सहयोग न करने की छूट नहीं मिल जाती।

## राज्यपाल और सरकार के बीच तकरार की स्थिति जनतांत्रिक नहीं

राज्यपालों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठ कर, संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप काम करें, मगर खुद राजनीतिक होने की वजह से वे राजनीति से बच नहीं पाते।

राज्यपाल का पद संवैधानिक होता है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि राज्य की चुनी हुई सरकार की सलाह और सहयोग से वहां लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना करेंगे। मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह कई राज्यों में राज्यपाल और चुनी हुई सरकार के बीच तकरार की स्थितियां उभरती देखी जाती हैं, उसे किसी भी दृष्टि से जनतांत्रिक नहीं कहा जा सकता।

अभी केरल सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई है कि राज्यपाल उसके लोक कल्याण से संबंधित कई विधेयकों को लटकाए हुए हैं। तीन विधेयक दो साल से अधिक समय से उनकी मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। तीन विधेयक इस साल के हैं। विचित्र है कि किसी सरकार को राज्यपाल से अपने विधेयकों की मंजूरी दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगानी पड़ रही है, जबकि विधेयकों की मंजूरी को लेकर संविधान में स्पष्ट प्रावधान हैं।

मगर केरल के राज्यपाल के रवैए से तो यही जाहिर है कि उन्हें संवैधानिक प्रावधानों की फिक्र नहीं। हालांकि केरल सरकार अकेली नहीं है, जिसने इस तरह अदालत का रुख किया है। इसके पहले पंजाब और तमिलनाडु की सरकारें भी अपने-अपने राज्यपाल के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर चुकी हैं। ये तीनों मामले एक हफ्ते के भीतर के हैं।

छिपी बात नहीं है कि जिन राज्यों में केंद्र के विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच अक्सर किसी न किसी मुद्दे पर तकरार उभर आती है। दिल्ली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां आए दिन सरकार और उपराज्यपाल के बीच ठनी रहती है। कुछ समय पहले तक पश्चिम बंगाल में भी राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच जुबानी जंग देखी जाती थी।

अन्य राज्यों में भी, जहां गैर-भाजपा सरकारें हैं, वहां राज्यपाल और सरकार के बीच रिश्ते सामान्य नजर नहीं आते। इसकी वजहें भी साफ हैं। राज्यपाल की नियुक्ति चूंकि केंद्र सरकार करती है, उसकी स्वाभाविक अपेक्षा रहती है कि वह जिसे नियुक्त करे वह उसकी मंशा के अनुरूप काम करे। इस तरह कई राज्यपाल केंद्र सरकार को खुश रखने की गरज से अक्सर विपक्षी दलों की सरकारों के काम में अड़ंगा डालने का प्रयास करते देखे जाते हैं।

यह प्रवृत्ति कुछ अधिक इसलिए भी बढ़ती गई है कि राज्यपाल के पद पर अक्सर सक्रिय राजनीतिक में रहे लोगों को नियुक्त किया जाता है। इस तरह इन लोगों के मन में राजनीति से ऊपर उठ कर काम करने की भावना पैदा ही नहीं हो पाती।

यह अकारण नहीं है कि अनेक राज्यों के राज्यपाल राजनीतिक बयान देते और सरकार के कामकाज की राजनीतिक नजरिए से व्याख्या करते देखे जाते हैं। केरल में राज्यपाल और सरकार के बीच टकराव नया नहीं है। विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर भी मुख्यमंत्री और उनके बीच टकराव बढ़ गया था।


दरअसल, राज्यपालों से अपेक्षा की जाती है कि वे राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठ कर, संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप काम करें, मगर खुद राजनीतिक होने की वजह से वे राजनीति से बच नहीं पाते। कई मौकों पर सुझाव दिए जा चुके हैं कि राज्यपाल पद का दायित्व राजनीति के बजाय कानून, कला, संस्कृति, समाजसेवा, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में काम करने वाले प्रबुद्ध लोगों को सौंपा जाए।

इस तरह सरकार के साथ उनके टकराव की स्थितियां टल सकती हैं, क्योंकि यह मामला केवल इस समय का नहीं है। हर केंद्र सरकार इसी तरह अपने विपक्षी दल की राज्य सरकार को काबू में करने का प्रयास करती देखी जाती है।

# खुदकुशी का बढ़ता दायरा एवं विकृत होती संवेदनाएं



ललित गर्ग




सभ्य समाज में आत्महत्या या छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाओं का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। आत्महत्या एवं हत्या की खबरें तथाकथित समाज विकास की विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद तस्वीर को बयां करती है। इस तरह आत्महत्या एवं हत्या करना जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। इसका दंश वे झेलते हैं जिनका कोई अपना हत्या का शिकार हुआ या आत्महत्या कर चला जाता है, उनके प्रियजन, रिश्तेदार एवं मित्र तो दुःखी होते ही हैं, सम्पूर्ण मानवता भी आहत एवं शर्मसार होती है। गुजरात के सूरत से एक हैरतअंगेज एवं त्रासद मामले में एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत से हर कोई हैरान है। आर्थिक तंगी से जूझ रहा यह परिवार सूरत के अडाजन इलाके के सिद्धेश्वर अपार्टमेंट में रह रहा था, वहीं पर उनका बेटा मनीष उर्फ शान्तु सोलंकी पंखे से फांसी का फंदा लगाकर लटका था, जबकि कनुभाई उनकी पत्नी शोभनाबेन, मनीष की पत्नी रीटा, मनीष की 10 और 13 साल की दोनों बेटियां दिशा और काव्या साथ ही छोटा बेटा कुशल का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। ऐसी ही त्रासद घटना 1 जुलाई 2018 दिल्ली के बुराड़ी में भी हुई, जिसने हर किसी को दहला दिया था। आत्महंता होते व्यक्ति के लिये समस्याएँ विराट हो गई है एवं सहनशक्ति क्षीण हुई है, तभी ऐसी विकराल घटनाएं संस्कृति के भाल पर बदनुमा दाग बनती जा रही है।

आत्महत्या की ये त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं आज के अति भौतिकवादी एवं सुविधावादी युग की देन है। तकनीकी विकास ने मनुष्य को सुविधाएँ तो दीं लेकिन उससे उसकी मानवीयता, सहिष्णुता, विवेक, संतुलन छीन लिया। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से यह सवाल एक बार फिर प्रखरता से सामने आया है कि महानगरों में आखिर कैसे ऐसी स्थितियां बनती गई हैं कि लोगों में संघर्ष का साहस छीजता गया है और वे जीवन से हार कर सपरिवार खुदकुशी जैसे कदम उठाने लगे हैं। महानगरों में बढ़ती आर्थिक समस्याओं, कर्ज, तंगी, सामाजिक प्रतिष्ठा, बढ़ते असुरक्षा, अवसाद, कुंठा और जीवन के प्रति पलायनवादी दृष्टिकोण को लेकर चिंताएं बहुत पहले से प्रकट की जाती रही हैं, पर अब वे स्थितियां भयावह, चिन्ताजनक एवं खौफनाक स्तर तक पहुंच गई लगती हैं। जब सुविधावादी मनोवृत्ति सिर पर सवार होती हैं और उन्हें पूरा करने के लिये साधन नहीं जुटा पाते हैं तब कुंठित एवं तनावग्रस्त व्यक्ति को अन्तिम समाधान आत्महत्या में ही दिखता है।

आत्महत्या की समस्या दिन-पर-दिन विकराल होती जा रही है। कभी कोई विद्यार्थी, कभी कोई पत्नी, व्यापारी अथवा किसान, कभी कोई सिने-स्टार, कभी कोई सरकारी कर्मी तो कभी कोई प्रेमी-जीवन में समस्याओं से इतना घिरा हुआ महसूस करता है या नाउम्मीद हो जाता है कि उसके लिये जीवन से पलायन कर जाना ही सहज प्रतीत होता है और वह आत्महत्या कर लेता है। आत्महंता होते समाज में आत्महत्या का सबसे सामान्य तरीका कीटनाशक खाना, फांसी लगाना, रेल्वे के आगे कूद जाना, पानी में डूबना, पंखें से लटक जाना, जहर खा लेना और बंदूक हैं। कारोबार में घाटा, प्रेम में मिली विफलता, पारिवारिक कलह, कैरियर एवं उच्च शिक्षा परिणाम की चिन्ता आदि के चलते खुदकुशी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महानगर लोगों में बेहतर, सुविधावादी और खुशहाल जीवन के सपने रोपते हैं। इसी आकर्षण में बहुत सारे लोग गांव और अपने छोटे कस्बे को छोड़ कर महानगरों की तरफ भागते हैं, लेकिन महानगरों के जीवन की समस्याएं एवं भयावह सत्य का जब सामने होता है तो जीवन जटिल एवं समस्याग्रस्त प्रतीत लगता है। भारत में होने वाली आत्महत्याओं के प्रमुख कारणों में बेरोगजारी, भयानक बीमारी का होना, पारिवारिक कलह, दांपत्य जीवन में संघर्ष, गरीबी, मानसिक विकार, परीक्षा में असफलता, प्रेम में असफलता, आर्थिक विवाद, व्यापारिक घाटा, बढ़ता कर्ज एवं राजनैतिक परिस्थितियां होती हैं।

जो परिवार तलाक, अलगाव, आर्थिक कलह-तंगी एवं अभावों, रिश्तों के कलह के कारण टूटी हुयी स्थिति में होते हैं उनमें भी आत्महत्या की घटनाएं अधिक पायी जाती हैं। राजनैतिक उथल-पुथल और व्यापार में नुकसान, आर्थिक तंगी भी आत्महत्या का कारण बनती है। किसानों की फसल की तबाही और कर्ज की अदायगी की चिंता से हो रही आत्महत्या भी गंभीर समस्या बन गई है।

कर्ज लेकर घी पीने की जीवनशैली ने भी सबकुछ दांव पर लगा दिया है। औद्योगीकरण तथा नगरीकरण में वृद्धि भी इसके कारण है। भौतिक मूल्यों के बढ़ते हुए प्रभाव ने सामाजिक सामंजस्य की नई समस्याओं को जन्म दिया है।

लेकिन आत्महत्या किसी भी सभ्य एवं सुसंस्कृत समाज के भाल पर एक बदनुमा दाग है, कलंक हैं। टायन्बी ने सत्य कहा हैं कि कोई भी संस्कृति आत्महत्या से मरती है, हत्या से नहीं।'

हर कोई चाहता है कि वह अपने परिवार को अच्छी जिंदगी बसर करने का अवसर उपलब्ध कराए। इसलिए अनेक लोग उद्यम शुरू करते हैं। हालांकि उद्यम और व्यापार में उतार-चढाव के जोखिमों से हम वाकिफ होते हैं और इस तरह नुकसान से पार पाने के लिए पहले से तैयार भी रहते हैं। पर पिछले कुछ सालों से व्यापार में घाटे और कर्ज का बोझ बढ़ने की वजह से खुदकुशी की घटनाएं बढ़ी हैं। यह प्रवृत्ति केवल बड़े नुकसान उठाने वाले व्यापारियों में नहीं, छोटे और खुदरा व्यापार करने वालों में भी देखी गई है, जो अक्सर बहुत आसानी से अपना धंधा बदल लेने को तैयार रहते हैं। निश्चित रूप से इसके लिए देश की व्यापारिक स्थितियां जिम्मेदार हैं, पर इसमें सामाजिक बेपरवाही और संवेदनात्मक संकुचन भी कम जिम्मेदार नहीं है। यह ठीक है कि पिछले कुछ समय से देश में कारोबारी स्थितियां अच्छी नहीं हैं, बहुत सारे लोगों को अपने धंधे बंद करने पड़े, कई कारोबारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, बहुत सारे लोगों का रोजगार छिन गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं कि इससे पार पाने के लिए उन्होंने जीवन समाप्त करने का रास्ता ही चुना।

आत्महत्या जहां जीवन से पलायन है वहीं छोटी-छोटी बातों पर हत्या कर देने की घटनाएं संवेदनहीनता को दर्शाती है। जो लोग एक दूसरे के साथ उठते-बैठते, खाते-पीते हैं, उनमें से कोई एक बहुत छोटी रकम के लेनदेन से उपजे विवाद में अपने दोस्त की हत्या तक कर देता हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं दिल्ली जैसे महानगरों के लिए चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के द्वारका में डाबरी थाना इलाके में महज पांच सौ रुपए को लेकर हुए विवाद के बाद दो दोस्तों के मारपीट हुई और एक युवक ने दूसरे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी, इस वारदात की वजह और प्रकृति से किसी भी व्यक्ति का चिंतित होना स्वाभाविक है। यों देश की राजधानी होने के बावजूद चोरी-झपटमारी से लेकर गंभीर या जघन्य अपराधों के मामले में दिल्ली की तस्वीर परेशान करती है। पिछले कुछ समय से किसी का हाथ छू जाने पर तो कहीं बहुत छोटी रकम चुकाने जैसी बातों पर भी दो पक्ष आपस में भिड़े और उसमें किसी की जान चली गयी। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान होने वाली हिंसक घटनाओं के दौरान यही साफ होता है कि सामान्य विवेक का इस्तेमाल कर मसले को सुलझाने की बजाय लोग पहले हिंसा का ही सहारा लेते हैं। वक्त के साथ आधुनिक होते समाज में उम्मीद की जाती है कि लोगों के बीच संवेदनशीलता, मानवीयता एवं अहिंसा के सूत्र गहरे होंगे, वे आपस में सहयोग की जड़ों को और मजबूत करेंगे। मगर ऐसा लगता है कि न केवल संवेदना, सहिष्णुता और सहयोग की जगह खत्म होती जा रही है, बल्कि हालत यह है कि बेहद मामूली बातों के लिए भी लोग जानलेवा हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। इसका सीधा-सा अर्थ तो यही हुआ कि आज ज्यों-ज्यों विकास एवं सुविधावाद के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं, त्यों-त्यों सहिष्णुता-संवेदना के आदर्श धूल-धूसरित हो रहे हैं और मनुष्य आत्महंता एवं हिंसक होता रहा है।

# धीमी गति से होता आर्थिक बौद्धिक विकास

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही भारत की सरकारें वर्ष 2023 तक यह प्रयास करती रही है कि एक नवीन, मजबूत भारत का उदय हो, जहां अमीरी, गरीबी, जाति, संप्रदाय और सामान्य और दलित वर्ग भेद पूर्णता समाप्त हो जाए, पर भरसक प्रयास के बाद भी ऐसा हो नहीं पाया हैद्य वर्तमान में भारत की सामाजिक, भौगोलिक, आर्थिक विभिन्नता एवं विषमता देश के आर्थिक तथा वैश्विक छवि के लिए अवरोध साबित हो सकते हैं। देश में विभिन्न नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रीय संपत्ति की तोड़फोड़, आपसी असहमति में हत्याये देश के सर्वांगीण विकास के लिए अच्छे संकेत नहीं है।

भारत को एक सशक्त आंतरिक नीति एवं सामाजिक सौहार्द्र की आवश्यकता है तब ही हम विकास के पथ पर आगे प्रशस्त हो सकते हैं। भारत की सफल विदेश नीति एक अच्छी नीति की शुरुआत है और विदेशों में भारत की एक अलग पहचान भी महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, पर केवल विदेश नीति से ही देश की 141 करोड़ जनता का पेट भरना और उसे विकास की राह में ले जाना मुमकिन नहीं है।

देश की आवाम को सशक्त योजनाओं और आर्थिक तंत्र के मजबूत होने के साथ-साथ उत्पादन में आत्मनिर्भरता से ही मजबूत बनाया जा सकता है, तब जाकर देश की गरीबी एवं भूखमरी पर निजात पाई जा सकती है।

धर्मनिरपेक्षता के मजबूत कंधों के सहारे देश को सांप्रदायिक सद्भाव के मार्ग पर ले जाने के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र का वातावरण तैयार किया जा सकता है। देश में शांति सौहार्द और उत्पादन में आत्मनिर्भरता ही विकास के सच्चे पैमाने हैं।

पंचवर्षीय योजनाओं में लगातार गरीबी उन्मूलन, कृषि विकास की योजनाएं, विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी, स्कूली एवं कॉलेज की शिक्षा, स्वास्थ्य की तमाम परेशानियों को दूर करने के लिए बड़ी-बड़ी आर्थिक योजनाएं बनती रही हैं, पर न तो पूरी तरह योजनाओं में अमल हो पाया और ना ही भरपूर वित्तीय संसाधनों का सही-सही समुचित दोहन ही हो पायाद्य वैसे तो यह कल्पना की गई थी कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत की सरकारें ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देकर शहर तथा गांव की सरहदों को मिटाने का प्रयास करेगी, हमारा लोकतांत्रिक ढांचा इतना समावेशी और मजबूत नहीं हो पाया कि हम देश के संपूर्ण विकास के लिए कटिबद्ध हो पाए। संसद, विधायिका और कार्यपालिका में तालमेल की कमी के कारण भारत में विकास कल्पना के अनुरूप मूर्त रूप नहीं ले पाया। हमें नवीन भारत की संकल्पना के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन प्रयास को बहुत सशक्त एवं दमदार बनाना होगा।

केवल गरीबों को मुफ्त में अनाज देकर उनकी गरीबी दूर नहीं की जा सकती है। गरीबों को अनाज देने के साथ-साथ उनके हाथों को काम और आजीविका के साधन भी देने होंगे, तब जाकर देश की स्थिति सुधर सकती है। हमें गरीबी के अनेक स्वरूपों को जड़ से खत्म करना होगा।

## इश्क है कभी खिलाफत से डरता नहीं

इश्क कभी खिलाफत से डरता नहीं,
राह मुश्किल ही सही, हौसला रुकता नहीं

आपके वास्ते आईना ले आए हैं,
पत्थरों में तो अक्स दिखता नहीं

इश्क दिल में आकर उतर जाता है,
तेरा सपना अनवरत कभी रुकता नहीं

जिंदगी कब की ठहरी, इक मोड़ पर,
पर वक्त है कि कभी ठहरता नहीं

जिंदगी में संजीव खुद्दारी प्यारी बहुत,
टूट जाऊंगा, कभी झुक तो सकता नही

टुटा है तारा तेरी मोहब्बत के आकाश का,
वापस गगन में फिर जुड़ सकता नहीं



संजीव ठाकुर
रायपुर

# प्याज़ के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने पर सरकार एक्शन में आई



प्याज़ की महंगाई – सरकार की लड़ाई – जनता की भलाई

प्याज़ की कीमतों में नियंत्रण हेतु एक लाख टन प्याज खुदरा बाजारों में उतारने का सरकार का निर्णय सराहनीय – एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया –भारत में एक ओर जहां आईसीसी विश्व कप क्रिकेट मैच में दिनांक 2 नवंबर 2023 को देर रात्रि 33 वें मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 55 रन पर सिमटा कर टीम को शतकवीर बनने से रोक कर मैच जीत ली है। ठीक उसी प्रकार भारत सरकार भी लगातार तेजी से महंगे हो रहे प्याज के शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए उपभोक्ता मंत्रालय लगातार रणनीतियां बनाकर उसे तोड़ने के लिए एक्शन लेकर शतकवीर नहीं बनने देने की ठान ली है, जिसके परिणाम को हासिल करने के लिए भारत ने पहले 31 दिसंबर 2023 तक प्याज के निर्यात को रोकने के लिए या बंदिश लगाने के लिए 40 प्रतिशत सीमा शुल्क लगा दिया था और फिर 29 अक्टूबर 2023 को प्याज़ के निर्यात को थामने के लिए प्याज का निर्यात मूल्य 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था और आज 2 नवंबर 2023 को शासन ने एक लाख टन प्याज को खुदरा बाजार में बेचने का निर्णय लिया है जो भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) के जरिए खुदरा बाजारों में स्थान पहचान कर सस्ते मूल्य पर बेचा जाना है जिससे जमाखोरों तथा कथित व्यापारियों मुनाफाखोरों के मंसूबों पर नियंत्रण किया जा सके, जिसका रिजल्ट हमें देखने को मिल रहा है कि पिछले बार में 1.70 लाख तन खुदरा बाजार में बेचकर मूल्य नियंत्रण किया गया जो हमने देखा कि अनेक स्थानों पर ब्याज 25 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है जो रणनीतियां बनाकर बेचना जारी है। चूंकि प्याज की कीमतों प्याज को शतकवीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार एक्शन में है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की कीमतों में नियंत्रण हेतु 1 लाख टन प्याज़ खुदरा बाजार में उतारने का सरकार का निर्णय सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम प्याज के शतक वीर बनने के ख्वाब को तोड़ने के लिए सरकार के एक्शन की करें तो, जहां एक ओर शतकवीर बनने की ओर अग्रसर प्याज की कीमतों को थामने के लिए सरकार ने प्याज का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 डॉलर प्रति टन तय कर दिया था। जो एक किलो में यह 67 रुपये प्रति किलो बैठता है, यानी इस कीमत से कम मूल्य पर प्याज का निर्यात नहीं किया जा सकेगा। हालांकि, सरकार ने पहले से प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगा रखा है जिससे निर्यात लगभग ठप है।

विशेषज्ञ बता रहे हैं कि सरकार के इस कदम का कीमतों पर फिलहाल बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ेगा और अभी करीब एक महीने तक महंगे प्याज से उपभोक्ताओं का सामना होता रहेगा। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एक बयान में कहा गया है कि यह फैसला 29 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2023 तक प्रभावी रहेगा।

घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने बफर स्टॉक के तहत 2 लाख टन अतिरिक्त प्याज खरीदने का भी फैसला किया था। इस साल अभी तक बफर स्टॉक के लिए 5 लाख टन प्याज की सरकारी खरीद हो चुकी है, जिसमें से 1.70 लाख टन बाजार में उतारा जा चुका हैएनसीसीएफ और नेफेड के जरिये देश के चुनिंदा बाजारों में उपभोक्ताओं को 25 रुपये प्रति किलो की दर पर किफायती प्याज मुहैया कराया जा रहा है। अभी फिर 1 लाख टन प्याज खुदरा बाजार में उतारने का फैसला किया गया है। नाफेड के पास डेढ़ लाख टन प्याज का भंडार है नाफेड 25 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज उपलब्ध कराता रहेगा।

साथियों बात अगर हम नाफेड द्वारा सस्ती कीमतों पर प्याज़ उपलब्ध कराने की करें तो, देश में बढ़ती प्याज की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने बफर स्टॉक से प्याज को बाजारों में भेजना शुरू कर चुकी है।

जबकि, कंज्यूमर को महंगी कीमत से राहत देने के लिए सरकार ने बाजार भाव से 3 गुना सस्ती प्याज 170 शहरों में उपलब्ध करा रही है. सरकार की समितियों एनसीसीएफ और नेफेड के जरिए प्याज की बिक्री करा रही है। बिक्री वाले शहरों में दिल्ली एनसीआर के 71 जगह, जयपुर में 12 जगह और वाराणसी में 10 जगहों समेत कई शहरों में केवल 25 रुपये में प्याज बेची जा रही है।एक सप्ताह में प्याज की कीमत दोगुनी तेजी से बढ़ी है। प्याज की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है, पिछले एक सप्ताह में कीमतों में 2 गुना वृद्धि हुई है।खुले बाजार में प्याज अब 60 से 90 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। प्याज की कीमतों को नियंत्रत करने के लिए सरकार ने अपना बफर स्टॉक से प्याज को शहरों में बिक्री के लिए तेजी से भेज रही है। सरकार अब एनसीसीएफ और नेफेड के जरिए देश के 170 शहरों और 685 केंद्रों में स्थापित स्टाल्स और मोबाइल वैन से 25 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत पर प्याज बेच रही है। दिल्ली-एनसीआर में 71, जयपुर में 22, लुधियाना में 12, वाराणसी में 10, रोहतक में 6 और श्रीनगर में 5 सहित विभिन्न स्थानों पर मोबाइल वैन के माध्यम से सस्ती प्याज की बिक्री की जा रही है. इसके अलावा भोपाल, इंदौर, भुवनेश्वर, हैदराबाद और बेंगलुरु में मोबाइल वैन के जरिए रियायती प्याज की बिक्री भी जारी है। दिल्ली के बाद गोवा और पुडुचेरी में सबसे महंगी प्याज उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दिल्ली में प्याज की कीमतें 25 अक्टूबर को करीब 40 रुपये प्रति किलोग्राम थीं और यह कीमत 29 अक्टूबर को दोगुनी होकर 80 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। वर्तमान में दिल्ली में प्याज की औसत खुदरा कीमतें अन्य राज्यों की तुलना में सबसे अधिक हैं। दिल्ली के बाद सर्वाधिक कीमतों में बढ़ोत्तरी गोवा और पुडुचेरी में देखी गई है, जहां बीते मंगलवार को औसत खुदरा कीमत 72 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई। अन्य राज्यों में प्याज की खुदरा कीमतें 55 रुपये से 69 रुपये प्रति किलोग्राम तक दर्ज की गई हैं।

साथियों बात अगर हम प्याज महंगाई के कारणों की करें तो, साल के इस समय, दक्षिण के राज्यों से भी प्याज की आपूर्ति होती थी, जिससे कीमतें नियंत्रित रहती थीं।हालांकि दक्षिण के राज्यों में अभी तक प्याज की फसल तैयार नहीं हुई है, लेकिन प्याज कारोबारियों के मुताबिक, आने वाले एक महीने में दक्षिण के राज्यों से प्याज की आवक बढ़ेगी, जिससे इसकी कीमतों में कमी की संभावना है। प्याज कारोबारी बता रहे हैं कि बाजार में ज्यादातर प्याज पिछले साल के कोल्ड स्टोरेज से निकाले जा रहे हैं, और उस स्टॉक का भी काफी हिस्सा सड़ चुका है.द्य। थोक विक्रेता ने बताया कि फिलहाल थोड़ी बहुत प्याज की आवक नासिक, बेंगलुरु और इंदौर से हो रही है, और कीमतें बढ़ने पर नुकसान के खतरे को देखते हुए बड़े कारोबारी भी जरूरत के मुताबिक ही प्याज मंगा रहे हैं। प्याज एसोसिएशन के अध्यक्ष के मुताबिक, एक महीने पहले थोक मंडी में प्याज की कीमत 25 से 28 रुपए किलो के बीच थी, लेकिन अब यह बढ़कर 50 से 52 रुपए हो गई है, उनका मानना है कि प्याज की महंगाई खुदरा दुकानदारों द्वारा मनमानी कीमत तय करने के कारण हुई है, जिसे नियंत्रित किया जाना चाहिए।

## शार्ट न्यूज

### रायबरेली : बच्चे की फर्जी एक्सीडेंट की जानकारी दे किया महिला का अपहरण

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली के जगतपुर इलाके में बच्चे के एक्सीडेंट की फर्जी सूचना देकर महिला को घर से बाहर बुला कर बदमाशों ने उसे अगुवा कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जगतपुर इलाके के धर्मदासपुर गांव निवासी संतोष अग्रहरि की पत्नी का बदमाशों ने अपहरण कर लिया है। संतोष के घर किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया जिसमे उसकी पत्नी को बताया गया कि उसके पुत्र का एक्सीडेंट हो गया है। बेटे के एक्सीडेंट की खबर सुन घबराई महिला स्कूल की ओर दौड़ी तभी कुछ लोगो ने उसका अपहरण कर लिया। संतोष ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर कॉल डिटेल तलाशना शुरू कर दिया है तथा मामले की हर पहलू से तहकीकात कर रही है। पुलिस ने इस घटना के अनावरण के लिए थाने और सर्विलांस की टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है जल्द ही मामले का खुलासा होगा।

### खेत की जुताई में मिली पुरातात्विक महत्व के सामान

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के लालगंज इलाके के भीरा गोविंदपुर गांव में एक भूस्वामी के खेत मे जुताई के दौरान तीन प्राचीन तलवार समेत कई पुरातत्व के महत्व के सामान बरामद हुए हैं। पुलिस सूत्रों से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार सुबह लालगंज इलाके के भीरा गोविंद पुर गांव में खेत की जुताई के दौरान प्राचीन समय की तीन तलवार और मस्कट की नाल व उसे भरने वाला रॉड बरामद हुआ है। बरामद सभी सामान सौ से डेढ़ सौ वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं। बताया गया कि भीरा गोविंद पुर गांव में रामप्रसाद पुत्र भोलानाथ का खेत है जहाँ सुबह करीब दस- साढ़े दस बजे ट्रैक्टर से जुताई हो रही थी। जुताई के दौरान अचानक किसी धातु की वस्तु के टकराने की आवाज आई। जब लोगो ने उधर देखा तो उन्हें जमीन के अंदर तीन तलवारे और बारूद वाला मस्कट और उसे भरने वाला रॉड दिखाई दिया। इतने में आसपास भीड़ लग गयी। कुछ लोगो का कहना है कि राणा बेनी माधव का क्षेत्र है इसलिए यह सभी वस्तुएं राणा बेनी माधव की होनी चाहिए।

### बाराबंकी: प्रापर्टी डीलर की हत्या

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कुर्सी थानाक्षेत्र में एक प्रॉपर्टी डीलर युवक की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कुर्सी पुलिस को बृहस्पतिवार की देर रात सूचना मिली कि किसान पथ पर लखनऊ के बख्शी का तालाब जाने वाली सर्विस लेन पर युवक गंभीर रूप से घायल हालत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन में पाया कि युवक के गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया है। पास में है उसकी कार खड़ी मिली। पुलिस ने युवक को अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। कार के नंबर व आधार के आधार पर युवक की पहचान सेक्टर एन अलीगंज लखनऊ निवासी अतुल पांडेय के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक अतुल प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। गले में धारदार हथियार से हमले के निशान मिले हैं। परिजनों से पूछताछ के आधार पर हत्यारों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस चार संदिग्धों को गिरफ्तार उनसे पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

### बस्ती मे पटाखा व्यापारियों के लिए निर्देश जारी

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे शुक्रवार को जिलाधिकारी अन्द्रा वामसी ने पटाखा व्यापारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये। यहां यह जानकारी देते हुए उन्होने बताया है कि जनपद मे 27 पटाखा व्यापारियों को लाइसेन्स दिया गया था लेकिन खामियां मिलने पर 5 पटाखा व्यापारियों का लाइसेन्स निरस्त कर दिया गया है। शेष 22 व्यापारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा गया है कि दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी बनाये रखे अग्निशामक यंत्र, रेत से भरी बाल्टी भी रखे जिससे किसी भी खतरा से निपटने के लिए कोई परेशानी न होने पाये। पटाखा दुकानों पर चाइनीज या विदेशी पटाखे मिलने अथवा धार्मिक चित्रों के वाले पटाखे मिलने पर लाइसेंस धारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पटाखा रखने वाले गोदाम के पास अग्निशमन यंत्र सहित अन्य उपकरण मौजूद रहे। पटाखा गोदाम को आबादी के क्षेत्र से बाहर बनाया जाये जिससे कोई खतरा होने पर कोई जनहानि न होने पाये। उन्होंने बताया कि लाइसेन्स के लिए 5 आवेदन आये है उस पर विचार करके आवश्यक कार्रवाई की जायेगी तथा समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, समस्त पुलिस विभाग को भी निर्देश प्रदान करते हुए कहा गया है कि अगर बिना लाइसेन्स के कोई पटाखा बेंच रहा है तो उसका पटाखा जब्त करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

### घरेलू विवाद में चौकीदार ने पत्नी को मारी गोली

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र में एक चौकीदार ने घरेलू विवाद में मायके में रह रही अपनी पत्नी को गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के बभनौली पाण्डेय ग्राम निवासी अरविंद कुशवाहा एक गांव का चौकीदार है और उसकी शादी सलेमपुर क्षेत्र में ही ग्राम उरदौली में राजाज्ञा की बेटी ममता से हुई है। अपने पति की उत्पीड़न से तंग आकर ममता इस समय मायके में ही रहती है। गुरुवार की देर रात अरविंद अपने ससुराल पहुंचा और पत्नी के सीने में तमंचे से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल ममता का उपचार मेडिकल कालेज गोरखपुर में हो रहा है। जहां उसकी हालत स्थिर है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शुक्रवार को यहां बताया कि घरेलू विवाद में एक व्यक्ति अरविंद कुशवाहा ने गुरूवार रात अपनी पत्नी ममता को तमंचे से गोली मार दी। घायल का का उपचार अस्पताल में हो रहा है। जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर ली है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### बेटी से रेप करने वाले पिता को उम्रकैद

चित्रकूट। चित्रकूट में एक दरिंदे बाप को विशेष न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने नाबालिग बेटी के साथ दुराचार करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 55 हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बांदा के कमाशिन थाने की एक गांव की महिला ने कर्वी कोतवाली में बीती 26 जुलाई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला के अनुसार वह अपने पति के साथ कसहाई रोड में किराए के मकान में रहती थी। उसका पति राज मिस्त्री का काम करता है। बीती 25-26 जुलाई 2023 की रात उसका पति घर आया और कक्षा चार में पढ़ने वाली 11 वर्षीय बेटी को पढ़ाने के बहाने छत पर ले गया। छत में रात लगभग 11 बजे पति ने बेटी के साथ जबरन बलात्कार किया। जिसके बाद बेटी किसी तरह रोते लड़खड़ाते हुए नीचे आई और आप बीती बताया। जिसके बाद उसने थाने में जाकर तहरीर दी थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया। आरोपी के विरूद्ध बीती 10 अगस्त को आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

### स्मार्ट सिटी में बाधक दुकानों पर चला बुल्डोजर

फिरोजाबाद। स्मार्ट रोड में बाधक बन रहे अतिक्रमणों पर शुक्रवार को नगर निगम का बुलडोजर चला। सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में दुकानों के ध्वस्तीकरण को चार घंटे से अधिक समय तक कार्रवाई चली। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन, नगर निगम व तहसील के अधिकारी मौके पर डेरा जमाए रहे। राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सुभाष तिराहे से स्टेशन रोड तक स्मार्ट रोड बनाने का कार्य चल रहा है। स्टेशन रोड तिकोनिया पर कई भूमि स्वामियों ने काफी आगे तक निर्माण करा कर अतिक्रमण कर लिया था, जिससे स्मार्ट रोड का कार्य अटका हुआ था। मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन ने भूमि की पैमाइश कराने के बाद 13 भूमि स्वामियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने को नोटिस कुछ दिन पहले जारी किए थे। पिछले माह चिह्नित अतिक्रमण को ध्वस्त कराने की कार्रवाई की गई थी। इसमें एक कारखाना सहित तीन लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया था।

# सीएम योगी ने राजस्व मामलों में लापरवाही पर दर्जनभर जिलाधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

## खराब प्रदर्शन करने वाले कई अफसरों पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राजस्व मामलों को लेकर लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। अब इसमें खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों पर गाज गिरना शुरू हो गई है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 12 जिलों के डीएम, सहित विभिन्न तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदारों के खिलाफ योगी सरकार ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीते 31 अक्टूबर को की गई राजस्व परिषद् की उच्च स्तरीय समीक्षा में कुल राजस्व वादों, पैमाइश, नामांतरण और कुर्रा-बंटवारा के निस्तारण में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण, उपजिलाधिकारियों को चेतावनी और तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि थमाई गई है।



### हर 15 दिन पर हो रही उच्चस्तरीय समीक्षा

अपर मुख्य सचिव राजस्व परिषद् सुधीर गर्ग ने बताया कि प्रदेश में राजस्व मामलों के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण पर मुख्यमंत्री का विशेष जोर है।

राजस्व विवादों के चलते कई बार कानून-व्यवस्था के लिए चुनौतियां उत्पन्न होती हैं। ऐसे में प्रदेश के 2941 राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण करने के लिए दो माह का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। बता दें कि लंबित राजस्व मामलों के निपटारे की समीक्षा मुख्यमंत्री के स्तर पर हर 15 दिन में की जा रही है।

### इन जिलों और तहसीलों के अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

इसी के तहत कुल राजस्व मामलों के निस्तारण में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों में प्रतापगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, अयोध्या और रायबरेली के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके अलावा पैमाइश के मामलों में खराब प्रदर्शन वाली पांच तहसीलों सफीपुर (उन्नाव), लोनी (गाजियाबाद), कोरांव (प्रयागराज), नकुड़ (सहारनपुर) और फतेहाबाद (आगरा) के उपजिलाधिकारियों को चेतावनी जारी की गई है। वहीं इसी मामले में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों मेरठ, संत रविदास नगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर और आगरा के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। ऐसे ही नामांतरण के मामलों के निपटारे में कोताही बरतने वाली दुद्धी, मिहिपुरवां (बहराइच), ओबरा, मेजा और रायबरेलीके तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि भेजी गई है। वहीं खराब निस्तारण वाले जनपदों रायबरेली, प्रतापगढ़, सोनभद्र, अयोध्या और संत रविदास नगर के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले की होगी रावण और जैसी दुर्गति

बलिया/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बेटियों की सुरक्षा डबल इंजन की सरकार की पहली प्राथमिकता है। अगर बेटियों की सुरक्षा में किसी ने सेंध लगाने की कोशिश की तो उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी होगी। सीएम योगी ने कहा कि बेटी के प्रति अपने जवाबदही का निर्वहन करते हुए किस रूप में सरकार कार्य कर रही है मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना इसका बड़ा उदाहरण है।

इस योजना के तहत अगले सत्र से हमारी सरकार 25 हजार रूपए देने जा रही है। यह पैसा छह चरणों में बेटियों के अभिभावकों को दिया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हमारी सरकार 51 हजार रूपये दे रही है।

सीएम योगी ने शुक्रवार को बांसडीह में विधानसभा क्षेत्र में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार दीपावली में गैस का एक सिलेंडर फ्री देगी। इससे प्रदेश की माताओं और बहनों को धुएं से मुक्ति मिलेगी और उनकी आंखों की रोशनी बनी रहेगी। सीएम योगी ने कहा कि 2026 में परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा चुनावों में देश की महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर एक तिहाई हो जाएगी। इसके लिए हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आभारी हैं।

सीएम योगी ने कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सरकार का लक्ष्य है। प्रदेश के पुलिस बल में 20 फीसदी महिला कार्मिकों की भर्ती को सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया है। आने वाले समय में बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में भी हम ज्यादातर महिला शिक्षकों को भर्ती करने की कार्रवाई को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।

### बस्ती-गोरखपुर मण्डल मे त्यौहारों के लेकर चलेंगी 12 रूटों पर अतिरिक्त बसें

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे त्यौहारों को लेकर परिवहन निगम द्वारा यात्रा को सुलभ बनाने के लिए 12 रूटों पर अतिरिक्त बसें चलेगी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली तथा छठ पूजा को लेकर यात्रियों के सुविधाओं के लिए परिवहन निगम की 200 अतिरिक्त बसें चलायी जायेंगी क्योंकि इन त्यौहारों में यात्री बड़ी संख्या मे आते है और ट्रेनों की सीटे फुल हो जाती हैं। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए 12 रूटों पर अतिरिक्त बसें चलेगी इससे यात्रियों को यात्रा करने मे सहायता मिलेगी। बस्ती तथा गोरखपुर मण्डल के जिलो से बसको चलाया जायेगा। गाजियाबाद, दिल्ली, नोएडा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी से बड़ी संख्या मे यात्री आते है अब इन लोगो को यात्रा मे कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ेगा। उन्होने यह भी बताया कि बस्ती कानपुर मार्ग पर बस्ती डीपो की 10 बसें चलेगी। देवरिया-दिल्ली मार्ग पर देवरिया डीपो की नौ बसें सेवा देगी। सोनौली-दिल्ली मार्ग पर सोनौली, गोरखपुर व रासीनगर डिपो की 21 बसें चलेगी। गोरखपुर-दिल्ली मार्ग गोरखपुर, रासीनगर की 10-10 और बस्ती डिपो की 5 बसें चलेगी।

# दक्षता से काम करने वाले फरुखाबाद के थानों का हुआ सम्मान

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने दक्षता से काम करने वाले जिले के विभिन्न थानों और यूपी 112 पीआरवी संख्या 3503 की टीम को शुक्रवार को सम्मानित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में आज फतेहगढ़ पुलिस लाइन में प्रात: परेड की सलामी लेने के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने, अमृतपुर थाने की विवेचनाओ का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने पर प्रथम स्थान थानाध्यक्ष



मीनेश पचौरी एवं उनकी टीम को द्वारा सराहनीय कार्य करने पर 2500 रुपए का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी क्रम में द्वितीय स्थान पाने वाले फर्रुखाबाद कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार चौबे एवं उनकी टीम द्वारा सराहनीय कार्य करने के लिए उत्साहवर्धन के लिए 1500 नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जिले में तीसरा स्थान पाने वाले राजेपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज एवं उनकी टीम को उत्साहवर्धन के लिए 1000 की नगद धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिले में यूपी- 112की पीआरबी संख्या 3503 पर नियुक्त कर्मियों में और आरक्षी विश्वेंद्र सिंह, आरक्षी विकास कुमार, आरक्षी मओ0यूसउफ, होमगार्ड आकाश वर्मा, होमगार्ड रमेश चंद्र को उत्कृष्ट कार्य में रिस्पॉन्स टाइम 3-15 मिनट बनाए रखने पर प्रदेश के टॉप 10 में से जनपद को चौथा स्थान दिलाने वाले समेत सभी कर्मियों को सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीम को 1500 रूपये नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# झांसी लूटकांड खुलासा : लूट पीड़ित ही निकला मुख्य साजिशकर्ता

झांसी। झांसी के मऊरानीपुर कोतवाली थानाक्षेत्र में दिन दहाड़े हुए सात लाख 20 हजार की लूट को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने शुक्रवार तड़के मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया और साथ ही यह भी खुलासा कर दिया कि पीड़ित ऋषभ ने ही अपने पिता के पैसों की लूट कराने की पूरी साजिश रची थी।

मऊरानीपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरूवार को सुबह दिनदहाड़े हुई इस लूट के बाद पुलिस विभाग में हडकंप मच गया था जिसके बाद तीन टीमों का गठन कर पुलिस ने तत्परता के साथ कार्रवाई शुरू की।

जांच के दौरान ही एक ऑडियो भी पुलिस के हाथ लगा जिसके बाद लूटकांड का पूरा सच सामने आ गया और साफ हो गया कि लूट का पीड़ित ऋषभ सिंह राजपूत ही इस घटना का साजिशकर्ता है।

ऑडियो में ऋषभ अपने दोस्त



आशीष के साथ मिलकर लूट की साजिश को लेकर बात कर रहा है और बता रहा है कि कैसे कब और कहां लूट को अंजाम देना है। लूट करने वालों को इस काम के लिए 80 हजार रूपये देना तय हुआ था और बाकी पैसे से ऋषभ ने अपना उधार चुकाने की योजना बनायी थी।

इस बीच पुलिस की टीमें लगातार लुटेरों की तलाश में जुटीं थीं। इसी क्रम में आज तड़के एसओजी और मऊरानीपुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बाइक से भाग रहे दो बदमाशों को छतरपुर बाईपास पड़ाव मैदान के पास घेर लिया। पुलिस की घेराबंदी देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी इस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जबकि दूसरे को पुलिस ने घेर पर पकड़ लिया। पकड़े गये बदमाशों अंकुश अहिरवार और राहुल आर्य निवासी गांधीगंज मोहल्ला मऊरानीपुर ने पूछताछ में स्वीकार किया कि लूट के पीड़ित और मऊरानीपुर नगर अध्यक्ष दिनेश राजपूत के बेटे ऋषभ राजपूत के कहने पर ही उन्होंने वारदात को अंजाम दिया था।

बताया जा रहा है कि ऋषभ अय्याशी में पड़कर लोगों से काफी पैसा ले चुका था और अब लोग उसपर पैसा वापसी के लिए दबाव बना रहे थे। इसी के चलते उसने अपने ही पिता के पैसे की लूट कराने की साजिश रची।

### अमरोहा- एनएच-09 पर एक शव को रात भर वाहनों ने रौंदा

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में डिडौली थाना क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली - लखनऊ नेशनल हाईवे-09 मानवता का शर्मसार कर देने वाली एक घटना के तहत रात भर गुजरने वाले वाहन सड़क पर पड़े शव को कुचलते रहे, शुक्रवार सुबह जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शत - विक्षत शव को सड़क से समेटा। पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात किसी समय डिडौली कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 पर एक शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया। भारी वाहनों द्वारा रात-भर रौंदें जाने से शव के चिथड़े दूर-दूर तक बिखरे हुए थे जिससे शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव के अवशेषों को किसी तरह इकठ्ठा किया जा सका। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मौके पर कपड़ों को देखने से अंदाजा लगाया जा रहा है कि हो सकता है उक्त शव महिला का हो।

### बस्ती परिक्षेत्र में सोशल मीडिया सेल की हर पहलू पर रहेगी नजर : आईजी

बस्ती। उत्तर प्रदेश में बस्ती परिक्षेत्र के तीनो जिलों बस्ती, सिद्वार्थनगर तथा संतकबीरनगर में स्थापित सोशल मीडिया सेल की नजर हर पहलू पर रखी जायेगी इसके लिए एक निरीक्षक तथा पांच आरक्षी नियुक्त किये गये हैं इन लोगों की अलग से कहीं पर ड्यूटी नही लगेगी। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने शुक्रवार को ''यूनीवार्ता'' से बातचीत करते हुए बताया कि परिक्षेत्र के बस्ती, सिद्वार्थनगर तथा संतकबीनगर जिलो मे सोशल मीडिया सेल में 1 निरीक्षक तथा 5 आरक्षी रहेंगे। सेल के लिए मल्टी मीडिया फोन, सीयूजी सिम, कम्प्यूटर, प्रिंटर, वाई-फाई कनेक्शन, ट्राई पाड, एलईडी लाइट तथा माइक मौजूद रहेगा। सोशल मीडिया सेल हर पहलू पर नजर रखेगा और इसकी निगरानी परिक्षेत्रीय कार्यालय से भी की जायेगी।

सूचनाओं का आदान-प्रदान प्रत्येक जनपद मे स्थापित सोशल मीडया सेल से लिया जायेगा। अक्सर ऐसा होता है कि शोसल मीडिया प्लेट फार्मो पर कई बीडिओं, आडिओं वायरल होते रहते हैं और वो बहुत ही महत्वपूर्ण होते है और उसकी जानकारी हमें नही मिल पाती है लेकिन मीडिया सेल उनसब पर नजर रखेगी और उच्चधिकारियों को अवगत करायेगी जिससे उस सम्बंध मे आवश्यक कार्यवाही किया जा सकेगा।

उन्होने बताया कि पत्रकारों के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जायेगा इसमे प्रिन्ट मीडिया, ऐजेन्सी तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों को जोड़ा जायेगा। यह ग्रुप 24 घंटे कार्य करेगा। सेल की समीक्षा पुलिस अधीक्षक या अपर पुलिस अधीक्षक करते रहेगे। इसमें प्रभारी निरीक्षक एवं उपनिरीक्षक न्यूनतम एक और आरक्षी दो वर्ष तैनात रहेगे साथ-साथ मीडिया सेल में तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी किसी अन्य कार्य में नहीं लगने पायेगी सेल प्रभारी का सीयूजी नंबर सभी पत्रकारों को दिया जायेगा।

# कौशांबी में किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

### 5 दिन पहले 10वीं की छात्रा का हुआ था अपहरण

कौशांबी। सैनी पुलिस ने कालेज गर्ल के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छात्रा को उसके कब्जे से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा है। प्रकरण में आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर छात्रा का डाक्टरी परीक्षण कराया जा रहा है।

सैनी के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी पास के एक इंटर कॉलेज मे 10 वीं की छात्रा है। 27 अक्तूबर की सुबह वह साढ़े 8 बजे कालेज के लिए पैदल निकली, लेकिन वह कालेज नहीं पहुची। कालेज की छुट्टी के बाद भी बेटी घर न पहुची तो परिवार को चिंता हुई। परिजनों ने कालेज से संपर्क किया तो उन्हें बताया गया, कि वह कॉलेज पहुंची ही न थी। परिवार ने रिश्तेदारों समेत दोस्तों के घर बेटी कि तलाश शुरू की। उनका कुछ पता न चला। पीड़ित परिवार के मुखिया व पिता ने बेटी के लापता होने के तहरीर थाना सैनी पुलिस को दी। थाना पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच के लिए अझुआ चौकी प्रभारी से जांच कराई। जांच के बाद पुलिस ने मामला सही पाया।

# कानपुर कांस्टेबल पेशाब कांड में 2 सिपाही सस्पेंड

## नशे में धुत कांस्टेबल ने रुपए मांगने पर पीटा फिर उसके ठेले पर कर दी पेशाब, विरोध पर मारपीट

कानपुर। कानपुर के सिविल लाइंस में फूड स्ट्रीट में नशे में धुत होकर मारपीट और ठेले पर पेशाब करने वाले दो कॉन्स्टेबलों को सस्पेंड कर दिया गया है। जांच में दोनों कांस्टेबल, हेमंत कुमार और लोकेश राजपूत को सस्पेंड किया गया है। विभागीय कार्रवाई भी हो रही है। अब कानपुर में एक कांस्टेबल का पेशाब कांड का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। नशे में धुत कांस्टेबल ने भीड़ में मौजूद दुकान पर बेशर्मी से पेशाब करना शुरू कर दिया। वहां मौजूद लोगों ने विरोध किया तो कांस्टेबल ने मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर ग्वालटोली पुलिस मौके पर पहुंची और मामला स्टाफ का होने के चलते रफा-दफा कर दिया, लेकिन अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एडीसीपी ने जांच बैठा दी है। जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### रुपए मांगने पर मारपीट फिर ठेले पर की पेशाब

कानपुर के सिविल लाइंस स्थित ग्रीन पार्क चौराहे के पास कान चेंबर के सामने फास्ट फूड लेन है। दो दिन पूर्व 1 नवंबर को डायल-112 में तैनात कांस्टेबलों का ग्रुप सिविल ड्रेस में शराब पीने के बाद फास्ट फूड खाने पहुंचा था। एक कांस्टेबल इतना नशे में धुत था कि रुपए मांगने पर ठेले वाले से मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं वहां मौजूद एक दुकान पर ही पेशाब करने लगा। वहां मौजूद शनि जायसवाल नाम के युवक ने इसका विरोध किया तो मारपीट शुरू हो गई। वहां मौजूद लोगों ने मामले की सूचना ग्वालटोली थाने पर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। धक्का-मुक्की मारपीट में बदलती इससे पहले ग्वालटोली थाने की पुलिस पहुंच गई। तब पता चला कि सिविल ड्रेस में मौजूद युवक डायल-112 में तैनात कांस्टेबल हैं। मामला स्टाफ होने के चलते ग्वालटोली पुलिस ने रफा-दफा कर दिया। उधर मामला बिगड़ता देख कांस्टेबल भी माफी मांगकर भाग निकले।

### एडीसीपी पूर्वी ने मामले में बैठाई जांच

एडीसीपी पूर्वी लखन यादव के पास ही डायल-112 का भी चार्ज है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों कांस्टेबल डायल-112 में तैनात हैं। मामले में जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बाद दोषी कांस्टेबलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूलों के पास तंबाकू उत्पाद बेचने पर लगाया जुर्माना

आगरा। स्कूलों के 100 मीटर के रेडियस में तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध हैं।

नियम पुराना है। इसे कभी-कभी याद किया जाता है। एक बार फिर से उच्च न्यायालय में दायर राजुकमार कुशवाह बनाम उप्र राज्य की याचिका पर मिले निर्देशों पर अभियान शुरू किया गया है। तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ अब फिर कार्यवाही होगी। जुर्माना लगाया जाएगा।

इसी क्रम में शुक्रवार को 13 दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। स्कूलों के पास सिगरेट, तंबाकू, गुटका और तंबाकू निर्मित उत्पादों को बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन अभियान चलाएगा।

स्कूलों के आसपास तंबाकू उत्पादों को बेचना लंबे समय से प्रतिबंधित है। पहले भी कई बार अभियान चल चुके हैं, लेकिन दुकानें खुली रहती हैं। शहर के तमाम स्कूलों के पास ऐसी दुकानें हैं, जहां बहुत ही आसानी से तंबाकू उत्पाद मिल जाते हैं। फिर वो चाहे सिगरेट हो, तंबाकू हो, गुटका हो या कुछ और।

स्कूलों के आसपास छात्र सिगरेट पीते हुए भी दिख जाते हैं। 2015 में भी अभियान चला था, इसके बाद भी एक बार अभियान चलाया गया लेकिन सख्ती न होने से दुकानें फिर से खुल गईं। एडीएम सिटी अनूप कुमार ने शुक्रवार को टीमों का गठन किया। अपर नगर मजिस्ट्रेट(प्रथम) को अध्यक्ष नियुक्त किया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. शशी कान्त राहुल, काउंसलर एनटीपीसी, पीसीपीएनडीटी के जिला समन्वयक आदि शामिल थे।

### लखनऊ में डेंगू से एक दिन में 3 की मौत

लखनऊ। लखनऊ में गुरुवार को डेंगू से 3 लोगों की मौत हो गई। इसमें एक 6 साल का मासूम भी शामिल है। पिछले 24 घंटे में डेंगू के 37 नए मरीज मिले हैं। जिससे संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 1800 पहुंच गया है। हालत इस कदर बिगड़े हैं कि लखनऊ के ज्यादातर अस्पतालों के डेंगू वार्ड फुल हो चुके हैं। मेदांता में 100 से ज्यादा डेंगू मरीज भर्ती हैं। इनमें से 24 से अधिक मरीज IC में हैं, वहीं 15 से ज्यादा मरीज वेंटिलेटर पर हैं। डेंगू के बिगड़ते हालात पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं। डेंगू के मरीजों का अस्पतालों में इलाज नहीं हो पा रहा है। इससे होने वाली मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। स्वास्थ्य मंत्री ने तमाम छापेमारी की लेकिन आज तक किसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## शार्ट न्यूज

### स्कूट एयरवेज पांच नवंबर से सिंगापुर-चेन्नई दैनिक हवाई सेवा फिर से शुरू करेगा

चेन्नई। सिंगापुर एयरलाइंस की कम लागत वाली सहायक कंपनी स्कूट पांच नवंबर से सिंगापुर से चेन्नई के बीच अपनी दैनिक उड़ान सेवाएं फिर से शुरू कर रही है। एयरलाइन के भारत और पश्चिम एशिया के महाप्रबंधक ब्रायन टॉरे ने गुरुवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक सेवा 180 सीटों वाली सभी इकोनॉमी क्लास एयरबस ए320सीईओ के साथ संचालित की जाएगी। उडान संख्या टीआर578 सिंगापुर से उडान भरकर रात 11.50 बजे चेन्नई में उतरेगी और टीआर579 चेन्नई से 12.35 बजे प्रस्थान करेंगे और 07.20 बजे (स्थानीय समय) सिंगापुर चांगी पहुंचेंगी। उन्होंने विकास योजनाओं पर कहा कि उडान के क्षेत्र में भारत एक महत्वपूर्ण बाजार है, जहां कम लागत वाली वाहक (एलसीसी) अपने व्यापारिक यात्रा, दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने के लिए और पहली बार बाहर जाने वाले भारतीय यात्रियों के जनसांख्यिकीय को समृद्ध करना चाहती है। उन्होंने कहा कि एयरलाइंस, जो 15 देशों में 66 गंतव्यों के लिए उड़ान भर रही है, जल्द ही 2024 की शुरुआत में अपने एयरबस ए320, ए321 और बोइंग 787 के बेड़े में शामिल होने के लिए एमब्रेर ई190-ई2 विमान शामिल करेगी।

### आरबीआई ने पीएनबी और फेडरल बैंक पर लगाया जुर्माना, दो अन्य वित्तीय संस्थानों पर भी हुई कार्रवाई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) पर 72 लाख रुपये और निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने मर्सिडीज बेंज फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले डेमलर फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) पर अपने नो योर कस्टमर (केवाईसी) निर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पंजाब नेशनल बैंक पर यह जुर्माना अग्रिम पर ब्याज दर और बैंकों में ग्राहक सेवा से संबंधित कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने एक अन्य विज्ञप्ति में कहा कि केवाईसी नियमों के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए ही फेडरल बैंक पर भी जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने यह भी कहा कि कोसामट्टम फाइनेंस लिमिटेड, कोट्टायम पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 के कुछ प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने के लिए 13.38 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया गया है।

### भारत श्रीलंका को 1.5 करोड़ डॉलर अनुदान देगा

नई दिल्ली । भारत ने श्रीलंका के बीच लंबे समय से चले आ रहे बौद्ध संबंधों को मजबूत करने के लिए श्रीलंका को 1.5 करोड़ (15 मिलियन) डॉलर का ऐतिहासिक अनुदान देने का एलान किया है। श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में कोलंबो के राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को अनुदान पर द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग ने एक बयान में कहा कि 1.5 करोड़ डॉलर के अनुदान के तहत शुरू की जाने वाली पहली परियोजना पूरे श्रीलंका में धार्मिक स्थलों का सौर विद्युतीकरण है। बयान में कहा गया है कि इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को भारत और श्रीलंका की सरकारों ने संयुक्त रूप से अंतिम रूप दिया। बयान में कहा गया है कि 1.5 करोड़ डॉलर के ऐतिहासिक अनुदान ने भारत और श्रीलंका के बीच बौद्ध संबंधों को मजबूत किया है।

### वायरल बुखार का क्लेम रिजेक्ट करना बीमा कंपनी को पड़ा महंगा

नई दिल्ली। लुधियाना में वायरल बुखार का क्लेम रिजेक्ट करना एक बीमा कंपनी को महंगा पड़ गया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने अब ग्राहक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को ग्राहक को 34000 रुपये देने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आयोग ने बीमा कंपनी स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी को ग्राहक अशोक अग्रवाल को 10,000 रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है, क्योंकि बीमा कंपनी ने उनके बेटे के वायरल बुखार और थ्रोम्बोसाइटोपेनिया (कम रक्त प्लेटलेट काउंट) के इलाज से जुड़े मामले में उनके दावे को खारिज कर दिया था। इसके अलावे, आयोग ने बीमा कंपनी को 30 दिनों के भीतर अग्रवाल को इलाज के बिल के 24,497 रुपये की अनुमोदित राशि का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर कंपनी को प्रति वर्ष 8 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करने को भी कहा गया है। शिकायत के अनुसार, अग्रवाल ने फर्म से फैमिली फ्लोटर बीमा पॉलिसी खरीदी थी जिसके तहत उनकी पत्नी आशा अग्रवाल और उनके बेटे मोहित अग्रवाल कवर थे। मोहित को 29 नवंबर से 1 दिसंबर, 2019 तक शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनका वायरल बुखार और थ्रोम्बोसाइटोपेनिया का इलाज किया गया था।

### अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर आलेख लिखने के मामले में दो पत्रकारों को राहत

नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर दो पत्रकारों की ओर से लिखे गए एक आलेख के सिलसिले में उन्हें गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने पत्रकार रवि नायर और आनंद मंगनाले की याचिकाओं पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत नायर और मंगनाले की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिसमें अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा जारी समन को चुनौती दी गई थी। समन में उन्हें संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना (ओसीसीआरपी) वेबसाइट पर प्रकाशित उनके लेख पर पुलिस की प्रारंभिक जांच के संबंध में पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा गया था। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही पीठ ने दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह से पूछा कि उन्होंने सीधे शीर्ष अदालत का रुख क्यों किया है। जयसिंह ने कहा कि पेश होने का नोटिस पूरी तरह से अधिकार क्षेत्र से बाहर है और कुछ नहीं बल्कि शुद्ध और सरल उत्पीड़न और संभावित गिरफ्तारी की प्रस्तावना है। नायर और मंगनाले को अक्टूबर में अहमदाबाद की अपराध शाखा से नोटिस मिला था, जिसमें उन्हें निवेशक योगेशभाई मफतलाल भंसाली की शिकायत पर की जा रही प्रारंभिक जांच के संबंध में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया था।

### सरकार ने 50 साल के बॉन्ड के जरिए जुटाए 10 हजार करोड़

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि उसने साप्ताहिक बॉन्ड नीलामी के दौरान 2073 में परिपक्व होने वाली नई सरकारी प्रतिभूति पर 7.46 प्रतिशत की कूपन दर तय की है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस बांड के जरिये सरकार ने 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। केंद्र ने उधारी कैलेंडर की दूसरी छमाही में पहली बार लंबी अवधि की प्रतिभूतियों की मांग के कारण 50 साल की प्रतिभूति की घोषणा की थी। वित्त मंत्रालय ने 26 सितंबर को एक बयान में कहा, लंबी अवधि की प्रतिभूतियों के लिए बाजार की मांग को देखते हुए पहली बार 50 साल की प्रतिभूति जारी की जाएगी। अब तक सरकार 40 साल तक की परिपक्वता वाले बॉन्ड जारी करती रही है। वित्त मंत्रालय ने कहा था कि केंद्र 2023-24 की दूसरी छमाही में सरकारी प्रतिभूतियां जारी करके 6.55 लाख करोड़ रुपये उधार लेगा, 20,000 करोड़ रुपये के ग्रीन बॉन्ड कार्यक्रम भी इसका हिस्सा होंगे। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में केंद्र के पूरे साल के सकल उधारी कार्यक्रम के सकल आधार पर रिकॉर्ड 15.43 लाख करोड़ रुपये और शुद्ध रूप से 11.8 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई हर हफ्ते नीलामी के माध्यम से बॉन्ड जारी करके सरकार की ओर से उधार कार्यक्रम का प्रबंधन करता है।

# त्यौहारी सीजन में 3.5 लाख करोड़ से ज़्यादा की होगी बिक्री

नयी दिल्ली। इस वर्ष के दिवाली सीजन में देश भर के बाज़ारों में 3.5 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा व्यापार होने का अनुमान है और अकेले दिल्ली में ही इस सीजन में 35 हज़ार करोड़ रुपये से ज़्यादा व्यापार होने की संभावना जताई गई है।

कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने ये अनुमान जताते हुये आज कहा कि नवरात्रि से शुरू हुए दिवाली त्यौहारों के सीजन में दिल्ली सहित देश भर के बाज़ारों में ग्राहकों की बढ़ती संख्या को लेकर बड़ा उत्साह है और अब करवा चौथ के बाद दिवाली की ख़रीदारी के लिए ग्राहक भी बाज़ारों का रुख़ करने लगे है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कर्मियों के लिए बोनस की घोषणा एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भी अपने कर्मियों को त्यौहारों का बोनस दिये जाने तथा प्राइवेट सेक्टर में भी अपने कर्मचारियों को दिवाली बोनस एवं अन्य इंसेंटिव दिये जाने से बाज़ार में त्यौहारों के सीजन में माँग में निश्चित रूप से वृद्धि होगी वहीं महीने के प्रारंभ में ही दिवाली एवं अन्य त्यौहारों के पड़ने से ग्राहकों की जेब में त्यौहार पर खर्च करने के लिए पर्याप्त मात्रा में धनराशि होगी जो ख़रीदी के ज़रिए बाज़ारों में आएगी और व्यापार एवं अर्थव्यवस्था में बड़े स्तर पर तरलता आएगी।

भरतिया ने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार 3.5 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित त्यौहारों के व्यापार में लगभग 13 प्रतिशत खाद्य एवं किराना में, 9 प्रतिशत ज्वेलरी में, 12 प्रतिशत गारमेंट, 4 प्रतिशत ड्राई फ्रूट, मिठाई एवं नमकीन, 3 प्रतिशत घर की साज सज्जा, 6 प्रतिशत कास्मेटिक्स, 8 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मोबाइल, 3 प्रतिशत पूजन सामग्री एवं पूजा वस्तुओं, 3 प्रतिशत बर्तन तथा रसोई उपकरण, 2 प्रतिशत कॉन्फ़ेक्शनरी एवं बेकरी, 8 प्रतिशत गिफ्ट आइटम्स, 4 प्रतिशत फ़र्निशिंग एवं फर्नीचर एवं शेष 20 प्रतिशत ऑटोमोबाइल, हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल, खिलौने सहित अन्य अनेक वस्तुओं एवं सेवाओं पर ग्राहकों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है।

उन्होंने बताया कि पैकिंग क्षेत्र को भी दिवाली पर बड़ा व्यापार मिलेगा। दिवाली पर्व के सीजन की श्रृंखला में 5 नवम्बर को अहोई अष्टमी, 10 नवम्बर को धनतेरस, 12 नवंबर को दिवाली, 13 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 15 नवम्बर को भाई दूज, 17 नवम्बर को छठ पूजा तथा 23 नवम्बर को तुलसी विवाह के साथ दिवाली का त्यौहार सीजन समाप्त होगा। कुल मिलाकर दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों को इस त्यौहारीं बिक्री से अच्छे व्यापार की बड़ी उम्मीदें हैं।

भरतिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के ज़रिए देशवासियों से त्यौहारों पर स्थानीय स्तर पर बने उत्पाद ख़रीदने के किये गये आह्वान का बड़ा प्रभाव पूरे देश में दिखाई दे रहा है एवं जिसको देखते हुए कैट ने देश भर के व्यापारी संगठनों से आग्रह किया है कि वे अपने शहर के स्थानीय निर्माताओं, कारीगरों एवं कलाकारों द्वारा बनाये गये उत्पादों को बाज़ार दिलाने में सहयोग करें और आत्मनिर्भर भारत की एक विशिष्ट झांकी दिवाली पर्व के ज़रिए देश एवं दुनिया को दिखाएं।

# जापानी उद्योग जगत का उत्तर प्रदेश में निवेश का उत्साह

## भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला : मुख्यमंत्री

### उत्तर प्रदेश में निवेश के नए प्रस्तावों को लेकर मुख्यमंत्री से जापानी व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

लखनऊ, 3 नवंबर- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिलने के बाद उत्तर प्रदेश में एक बार फिर जापानी निवेशकों ने नए औद्योगिक निवेश को लेकर रुचि दर्शायी है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जापान के राजदूत हिरोशी सुजुकी के नेतृत्व में जापानी उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत व जापान के संबंध सदा ही मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच परस्पर सौहार्द और बढ़ते हुए द्विपक्षीय व्यापार तथा सर्वांगीण सहयोग विद्यमान हैं। दोनों देश बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं तथा समान सामाजिक-आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं के साथ लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष एवं बहुलवादी प्रणालियों के साथ-साथ विश्व स्तरीय सामरिक दृष्टिकोण भी समान हैं।

भारत जापान के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों की चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बौद्ध धर्म के प्रसार के कारण भारत एवं जापान के बीच सदियों से मजबूत सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय और जापानी लोगों के बीच एक मजबूत साझा पहचान सृजित हुई है। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े अनेक आस्थास्थल हैं। कपिलवस्तु, सारनाथ, संकिसा, श्रावस्ती और कुशीनगर बौद्ध मतावलंबियों के लिए बड़े आस्था के केंद्र हैं। वाराणसी में जापान के सहयोग से निर्मित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. शिंजो आबे के प्रगाढ़ संबंधों ने आधुनिक युग में भारत-जापान के राजनीतिक, आर्थिक और व्यावसायिक संबंधों की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।

#### हर सेक्टर में निवेश के लिए यूपी में है अनुकूल अवसर

जापानी उद्यमियों से उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश की विस्तृत संभावनाओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जापानी कंपनियों के साथ सहयोग करने की इच्छुक है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कार्यरत् 07 प्रमुख कंपनियों (मित्सुई टेक्नोलॉजीज, होंडा मोटर्स, यामाहा मोटर्स, डेंसो, टोयोड्रंक, निसिन एबीसी लॉजिस्टिक्स, सेकिसुई डी.एल.जे.एम. मोल्डिंग) सहित 1,400 से अधिक जापानी कंपनियां भारत में संचालित हैं। जीआईएस-2023 के पार्टनर कंट्री के रूप में जापान का बड़ा सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में तेजी से औद्योगिक पार्क, उत्कृष्टता केंद्र और अनुसंधान एवं विकास केंद्र विकसित कर रही है। ग्रेटर नोएडा में 750 एकड़ में विकसित जा रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के अंतर्गत जापान इंडस्ट्रियल टाउनशिप सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क, फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क, हैण्डीक्राफ्ट पार्क, लॉजिस्टिक हब इत्यादि यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट विकसित किए जा रहे हैं। अन्य परियोजनाओं में बरेली में मेगा फूड पार्क, उन्नाव में ट्रांस- गंगा सिटी, गोरखपुर में प्लास्टिक पार्क, गोरखपुर में गारमेंट पार्क और डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, हमारी सरकार 20 से अधिक सेक्टोरल नीतियों के साथ ही अपनी नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत आकर्षक सब्सिडी प्रदान करती है। हमने अनेक सेक्टर्स के लिए विशेष नीतियां बनाई है, जैसे- इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर, बायो-फ्यूल, फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, डेयरी, आदि। इन नीतियों में स्टाम्प ड्यूटी एवं इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में छूट, भूमि के मूल्य में छूट, पूंजीगत सब्सिडी, नेट एसजीएसटी का रिफंड आदि हमारे जापानी निवेशकों के लिए आकर्षक प्रोत्साहन हैं। इसके अलावा, प्रदेश सरकार ने फॉर्चून ग्लोबल 500 व फॉर्चून इण्डिया 500 कंपनियों के लिए प्रोत्साहन नीति भी घोषित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है और यहां बड़ा मानव संसाधन, कुशल श्रम बल और बड़ा उपभोक्ता बाजार उपलब्ध है। भारत की %फूड बास्केट के रूप में विख्यात, उत्तर प्रदेश में कृषि व खाद्य प्रसंस्करण एवं डेयरी सेक्टर्स में असीम अवसर हैं। वाराणसी सिल्क क्लस्टर सहित भारत के प्रमुख टेक्सटाइल केंद्रों का हब है। पर्यटन भी एक प्राथमिक सेक्टर है, जो उत्तर प्रदेश में निवेशकों के लिए एक अच्छा गंतव्य हो सकता है।

#### प्रभावित करता है उत्तर प्रदेश : हिरोशी सुजुकी

बैठक में जापानी दल का नेतृत्व कर रहे जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने उत्तर प्रदेश में उद्योग व्यापार के असीम अवसरों, इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व की प्रशंसा की और कहा कि जापान के निवेशक यहां की नीतियों से उत्साहित हैं। निवेशकों का यह उत्साह भारत और जापान के मजबूत संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाना होगा। कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया के चेयरमैन व एमडी, निखिल चंद्रा ने कानपुर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में एस्कॉर्ट कुबोटा फार्म इंस्टिट्यूट की स्थापना को लेकर अपनी रुचि जताई। विशेष बैठक में जापानी राजदूत के अतिरिक्त, जापानी दूतावास के पॉलिटिकल काउंसलर केंतारो ओरिता, जापान इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एजेंसी के मुख्य प्रतिनिधि मित्सुनरी साइतो, जापान एक्सटर्नल ट्रेड संगठन के चीफ डायरेक्टर जनरल ताकाशी सुजुकी, जापान फाउंडेशन, नई दिल्ली के डायरेक्टर जनरल तोशीटोको कुरिहारा, जेसीसीआईआई के सेक्रेट्री जनरल केंजी सुगिनो, मित्सुबिशी कारपोरेशन के चेयरमैन व एमडी यूजी तागुची, कुबोटा एग्रीकल्चरल मशीनरी इंडिया के चेयरमैन व एमडी, निखिल चंद्रा, होंडा कार इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रेसीडेंट प्रवीण परांजपे सहित जापानी दूतावास के अनेक अधिकारी गण मौजूद रहे।

# टाटा टी गोल्ड विटा-केयर लॉन्च




नयी दिल्ली। विश्व विटामिन दिवस के उपलक्ष्य पर टाटा टी ने गोल्ड विटा केयर लाँच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि एक सर्वेक्षण में मिले परिणाम के आधार पर इसको लाँच किया गया है जिसमें आवश्यक विटामिन डी, बी12, बी6 और बी9 है। टाटा टी गोल्ड वीटा केयर के दो कप चाय 4 आवश्यक विटामिन के दैनिक विटामिन सेवन का 30 प्रतिशत प्रदान करते हैं।

टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, भारत और दक्षिण एशिया, पैकेज्ड बेवरेजेज के अध्यक्ष पुनीत दास ने कहा, टाटा टी गोल्ड वीटा-केयर की शुरूआत उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने और उनकी भलाई के संबंध में अधूरी जरूरतें पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। स्पष्ट रूप से स्वस्थ आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थकान, चयापचय और एकाग्रता से संबंधित चिंताओं से जूझ रहा है, और लंबे समय तक घर के अंदर रह रहा है जो अक्सर विटामिन डी की कमी से जुड़ा होता है।

जबकि पूरक आहार में विटामिन को शामिल करने का एक प्रभावी तरीका है, कई उपभोक्ता अपनी दैनिक जीवनशैली के अनुरूप अधिक सुविधाजनक और स्वादिष्ट प्रारूप भी चाह सकते हैं। उन्होंने कहा कि टाटा टी स्वादिष्ट और रोजमर्रा के उपभोग योग्य पेय पदार्थों की सुविधा में स्वास्थ्य और कल्याण विकल्पों को आगे बढ़ाने के लिए नवाचारों का लाभ उठा रही है। टाटा टी गोल्ड वीटा-केयर टी की शुरुआत के साथ, हम रोजमर्रा का सुविधाजनक विकल्प लेकर आए हैं जो उपभोक्ताओं को एक दिन में 2 कप चाय पीने पर उनकी दैनिक आवश्यकता का 30 प्रतिशत विटामिन डी, बी12, बी6, बी9 देगा। यह दैनिक संतुलित आहार के हिस्से के रूप में चाय के कप का आनंद लेते हुए आहार में विटामिन को शामिल करने का एक शानदार तरीका है।

कंपनी ने अपने एक सर्वेक्षण में कहा कि दिल्ली में सर्वेक्षण में शामिल 97 प्रतिशत लोग विटामिन की कमी के बारे में जानते थे और सुविधाजनक समाधानों के साथ विटामिन की कमी से निपटने के लिए उत्सुक थे, जबकि 73 प्रतिशत लोग कमी को दूर करने के लिए रोजमर्रा के भोजन और पेय उत्पादों का उपयोग करने में सहज थे।

यह सर्वेक्षण दिल्ली के साथ-साथ बेंगलुरु और कोलकाता में भी किया गया था। रिपोर्ट में 24-50 वर्ष की आयु वर्ग और विभिन्न जनसांख्यिकी के व्यक्तियों से प्रतिक्रियाएं एकत्र की गईं।

# मॉयल का उत्पादन अप्रैल-अक्टूबर, 23 में 45 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाली मैगनीज अयस्क उत्पादक मिनी रत्न कंपनी मॉयल ने चालू वित्त वर्ष पहले सात महीनों (अप्रैल-अक्टूबर 2023) में 9.26 लाख टन हो गया है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 45 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। कंपनी की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार उसने अक्टूबर 23,में उसका उत्पादन 1.11 लाख टन रहा जो एक साल पहले इसी माह से 48 प्रतिशत अधिक है। इस बार कंपनी ने बिक्री में अप्रैल से अक्टूबर 2023 की अवधि के दौरान बिक्री में 57 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि हासिल की है। अक्टूबर 2023 में बिक्री में साल-दर-साल 86 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। कंपनी ने बताया कि इस कैलेंडर वर्ष में जनवरी से अक्टूबर के 10 माह में उसने 13.28 लाख टन का मैंगनीज अयस्क उत्पादन किया है। यह कंपनी की स्थापना के बाद से इस अवधि का सबसे अधिक उत्पादन है।

### बिक्री में 57 फीसदी वृद्धि

मॉयल देश में कंपनी मैगनीज अयस्क में 45 प्रतिशत योगदान के साथ इसकी सबसे बड़ा उत्पादक है। यह महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्य में दस खदानें संचालित करती है। मॉयल ने पिछले वित्तीय वर्ष में प्राप्त अन्वेषण स्तर को पार करते वर्ष 2023-24 के पहले सात महीनों में 41,837 मीटर की खोजपूर्ण कोर ड्रिलिंग की, जो कि पिछले साल की तुलना में 2.7 गुना है। मायल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजित कुमार सक्सेना ने एक बार फिर मॉयल टीम को उनके निरंतर शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और पूरा विश्वास जताया कि प्रदर्शन के बेहतर स्तर को बनाए रखा जाएगा।

कंपनी ने 2030 तक अपने उत्पादन को दोगुना से अधिक 35 लाख टन तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। मॉयल मध्य प्रदेश राज्य के अन्य क्षेत्रों के अलावा गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में व्यावसायिक अवसरों की खोज कर रहा है।

# चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार में तेजी

मुंबई । अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने से विश्व बाजार में बढ़त बरकरार रहने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी तेजी रही।



बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 282.88 अंक की छलांग लगाकर 64363.78 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 97.35 अंक चढ़कर 19230.60 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 31,735.86 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत उछलकर 37,589.06 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3818 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2294 में लिवाली जबकि 1394 में बिकवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियां हरे जबकि शेष 14 लाल निशान पर बंद हुई।

बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.69, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.73, एफएमसीजी 0.58, वित्तीय सेवाएं 0.57, हेल्थकेयर 0.68, इंडस्ट्रियल्स 0.36, आईटी 0.71, दूरसंचार 0.09, यूटिलिटीज 0.65, ऑटो 0.54, बैंकिंग 0.68, कैपिटल गुड्स 0.41, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.44, धातु 0.35, तेल एवं गैस 0.94, पावर 0.43, रियल्टी 2.64, टेक 0.64 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.60 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लिवाली का जोर रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14, जर्मनी का डैक्स 0.30, जापान का निक्केई 1.10, हांगकांग का हैंगसेंग 2.52 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत चढ़ गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 364 अंक की छलांग लगाकर 64,444.90 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 64,535.19 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 64,275.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

अंत में पिछले दिवस के 64,080.90 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64,363.78 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 108 अंक की तेजी लेकर 19,241.00 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,276.25 अंक के उच्चतम जबकि 19,210.90 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,133.25 अंक की तुलना में 0.51 प्रतिशत चढ़कर 19,230.60 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाइटन 2.23, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.75, टाटा मोटर्स 1.73, आईसीआईसीआई बैंक 1.54, टेक महिंद्रा 1.53, इंफोसिस 1.36, एसबीआई 1.09, सन फार्मा 0.94, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.78, एशियन पेंट 0.75, भारती एयरटेल 0.71, एक्सिस बैंक 0.61, आईटीसी 0.57, अल्ट्रासिमको 0.54, पावरग्रिड 0.52 और एचडीएफसी बैंक 0.45 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, बजाज फिनसर्व 2.37, इंडसइंड बैंक 0.78, टाटा स्टील 0.72, नेस्ले इंडिया 0.53, बजाज फाइनेंस 0.44, एचसीएल टेक 0.44, एनटीपीसी 0.36, एलटी 0.35, मारुति 0.34, कोटक बैंक 0.29, टीसीएस 0.27, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.13, विप्रो 0.05 और रिलायंस के शेयरों ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# ब्यूटी रिटेलर सेफोरा ने रिलायंस रिटेल ने हाथ मिलाया

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार के प्रतिष्ठित ब्यूटी प्रोडक्ट रिटेलर सेफोरा ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रिलायंस ब्यूटी एंड पर्सनल केयर लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की है।

भारत के इस बाजार की बढ़ती संभावनों को ध्यान में रख कर किये गये इस समझौते के अंतर्गत रिलायंस ब्यूटी एंड पर्सनल केयर लिमिटेड भारत के 13 शहरों में चल रहे सेफोरा के 26 स्टोर ले रही है। औद्योगिक क्षेत्र के अनुमानों के अनुसार भारतीय सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल बाजार सालाना 17 अरब डॉलर का है और यह साल दर साल 11 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साझेदारी से आरआरवीएल को भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों पर सेफोरा के प्रोडक्ट बेचने का अधिकार मिल जायेगा। सेफोरा 2012 से ही भारत में अपने उत्पाद बेच रही है और ब्यूटी सेगमेंट में खासी लोकप्रिय है।

सेफोरा की एशिया प्रेसिडेंट आलिया गोगी ने कहा, भारत में बढ़ती संपन्नता, बढ़ते शहरीकरण और सोशल मीडिया के प्रसार ने सौंदर्य के बारे में जागरूकता पैदा की है, जिससे प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रोडक्ट्स के लिए नए अवसर खुले हैं।

यह हमारे लिए यहां अपनी उपस्थिति बढ़ाने और विशिष्ट ब्रांड्स को बाजार में उतारने का यह उपयुक्त समय है।' रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड के निदेशक वी सुब्रमण्यम ने कहा, तेजी से बढ़ते भारतीय सौंदर्य बाजार में नई पीढ़ी के ग्राहकों की तादाद अच्छी खासी है। भारत में ब्यूटी सेगमेंट अपने एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर है, जो इस साझेदारी को सही दिशा दिखा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह साझेदारी हमें सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करेगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण में बढ़ोतरी होने से 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.6 अरब डॉलर बढ़कर 586.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.4 अरब डॉलर घटकर 583.5 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 27 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.3 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 517.5 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 49.9 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 45.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.5 करोड़ डॉलर की कमी आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया।

## शार्ट न्यूज

### शानदार जीत से गढ़वाल खिताब के करीब

नयी दिल्ली । गढ़वाल यूनाइटेड ने रेंजर्स एफसी को 2- 1 से हरा कर दूसरी महिला प्रीमियर लीग में खिताबी जीत का दावा ठोक दिया। हालांकि दोनों टीमों को अभी कुछ और मैच खेलने हैं लेकिन आगे कोई उठा पटक नहीं होती तो गढ़वाल का चैंपियन बनना तय है। आज यहां नेहरू स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में गढ़वाल की जीत का आकर्षण उसकी गोल कीपर रिवांसी जामू का शानदार प्रदर्शन रहा। उन्होंने कई अच्छे बचाव किए। ममता के गोल से रेंजर्स ने बढ़त बनाई, जिसे संफीदा मोंगरूम ने पहले हाफ में बराबर कर दिखाया। लेकिन इंजरी टाइम में एक बेहतरीन मूव के चलते मोनिशा सिंघा ने शानदार गोल कर गढ़वाल को जीत दिला दी। दूसरे हाफ में गढ़वाल का पूरी तरह दबदबा रहा लेकिन वह गोल नहीं कर पायी। वहीं हॉप्स और अहबाब के बीच खेला गया मुकाबला ड्रा रहा। अंबेडकर स्टेडियम में खेले जा रहे शहीद भगत सिंह टूर्नामेंट में दिल्ली की चैंपियन वाटिका ने रॉयल रेंजर्स को अमित बिष्ट के गोल से हरा कर रोमांचक जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में दिल्ली एफसी ने अहबाब को परास्त किया।

### यह जानकार खुशी हो रही है कि हम सेमीफाइनल में पहुंच गये : रोहित शर्मा

मुबंई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी विश्वकप 2023 के 33वें मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ गुरुवार को मिली 302 रनों की जीत के बाद कहा हम सेमीफाइनल में पहुंच गये है यह जानकार बहुत खुशी हो रही है। आज यहां वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने कहा कि सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं ये जानकर बहुत खुशी हो रही है क्योंकि यही हमारा पहला लक्ष्य था। हमने जिस तरह सातों मैच खेले हैं वो काफी शानदार है क्योंकि हर किसी ने अपना योगदान दिया है। पहले बल्लेबाज़ी करके बोर्ड पर स्कोर लगाना हमारे लिए बड़ी चुनौती था। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस ने कहा कि मैं बहुत निराश हूं। उन्होंने सीम और स्विंग का अच्छा इस्तेमाल किया और दुर्भाग्य से हम अपनी क्षमता के हिसाब से नहीं खेल पाए। विकेट धीमा था और इसी वजह से पहले गेंदबाज़ी चुनी थी और वो फैसला गलत रहा ऐसा मैं कुछ नहीं कह सकता। मदुशंका ने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन विराट और गिल के कैच छोड़ने के बाद मैच का रूख बदला। पहले छह ओवर में भारत की गेंदबाज़ी कमाल की रही और हमें उनको क्रेडिट देना होगा। प्लेयर ऑफ द मैच मोहम्मद शमी ने कहा कि सबसे पहले अल्लाह का शुक्रिया करना चाहूंगा। हमने जितनी कड़ी मेहनत की है और जिस लय में हैं उसी का फल है कि मैदान पर ये जलजला देखने को मिला।

### अजेय भारत की टक्कर सेमीफाइनल में कोरिया से, लीग राउंड में शीर्ष पर रही थी टीम

नई दिल्ली। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अजेय भारत का सामना दक्षिण कोरिया से शनिवार (चार नवंबर) को होगा। टीम इंडिया इस मैच में मनोवैज्ञानिक बढ़त के साथ मैदान पर उतरेगी क्योंकि उसने लीग चरण में अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हराया था। भारत ने गुरुवार को कोरिया को 5-0 से पराजित किया था। इस तरह से उसने राउंड रोबिन लीग चरण में अपने सभी मैच जीते। भारतीय टीम लीग चरण में पांच मैच में 15 अंक लेकर शीर्ष पर रही थी। दूसरी तरफ, कोरिया दो जीत, दो हार और एक ड्रॉ से सात अंक लेकर चौथे स्थान पर रहा था। टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपने विरोधियों की तुलना में काफी बेहतर नजर आ रही है और वह अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। अब जबकि भारत खिताब से केवल दो जीत दूर है तब उसे सतर्क होकर खेलना होगा और आत्ममुग्धता से बचना होगा। भारतीय टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और पूरी उम्मीद है कि सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम सेमीफाइनल में भी ऐसा प्रदर्शन जारी रखेगी। भारतीय रक्षा पंक्ति ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है जिसके कारण टीम ने अभी तक केवल तीन गोल खाए हैं।

### पंत और अक्षर पटेल तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे

तिरुपति। टीम इंडिया के क्रिकेटर ऋषभ पंत और अक्षर पटेल शुक्रवार, 3 नवंबर को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना करने और आशीर्वाद लेने गए। अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर पंत ने प्रतिष्ठित मंदिर की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा कीं। आगे पंत ने लिख कि, इस मंदिर में एक अलग ऊर्जा है। यहां से जाने का मन नहीं करता। ऋषभ पंत और अक्षर पटेल इस समय अपनी-अपनी चोट के कारण नेशनल टीम से बाहर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का लक्ष्य लेकर दोनों खिलाड़ी बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन पूरा कर रहे थे। अब अक्षर डोमेस्टिक क्रिकेट में वापसी कर चुके हैं। दिसंबर 2022 में एक दुखद कार दुर्घटना में शामिल होने के बाद से पंत एक्शन से बाहर हैं। दुर्घटना में उन्हें कई चोटें आईं और मुंबई में उनके घुटने की सफल सर्जरी भी हुई। हालांकि विकेटकीपर-बल्लेबाज अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं, लेकिन उनकी क्रिकेट में वापसी को ले कर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अक्षर पटेल 2023 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे। हालांकि, बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान उनके बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव आ गया था।

### पूर्व बॉक्सर आमिर खान की पत्नी को इजरायली संगठन ने दी धमकी

यरूशलेम। पाकिस्तानी मूल के पेशेवर ब्रिटिश मुक्केबाज एवं पूर्व चैंपियन आमिर खान की पत्नी फरयाल मखदूम को हाल ही में एक इजरायली संगठन से एक चेतावनी संदेश मिला है जिसमें उन्हें फिलिस्तीन के बजाय इजरायल का समर्थन करने पर इनाम देने की पेशकश की गई थी। एक सफल मेकअप कंपनी चलाने वाली मखदूम इजरायल-गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से सोशल मीडिया पर फिलिस्तीनियों का स्पष्ट रूप से समर्थन कर रही हैं। मखदूम ने एक्स पर हालिया व्हाट्सएप संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जो उन्हें अमेरिका के फोन नंबर के जरिए इजरायली संगठन से प्राप्त हुआ था। स्क्रीनशॉट के अनुसार संदेश में लिखा है, आइए इसे काफी सरल बनाएं। यदि आप इजरायल का समर्थन करते हैं और फिलिस्तीन के बारे में पोस्ट करना बंद कर देते हैं, तो हम आपको आकर्षक इनाम देंगे और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं या यदि इसे प्रचारित किया जाता है, तो आपके लिए गंभीर परिणाम होंगे। आपकी पसंद श्रीमती फरयाल, ध्यान रखें। दूसरी तरफ धमकी भरा संदेश मिलने के बावजूद फ़िलिस्तीनियों के प्रति समर्थन को लेकर मखदूम अविचलित ही है। उन्होंने अपने ट्वीट को कैप्शन दिया है, क्या यह मुझे रोकेगा ? नहीं।

### ईसीपी उच्चतम न्यायालय को पाकिस्तान में अंतिम मतदान तिथि से अवगत करायेगा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अगले साल 08 फरवरी को आम चुनाव कराने पर सहमति जताने के एक दिन बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को अंतिम मतदान की तारीख से अवगत कराएगा। चुनावी निकाय और राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी गुरुवार को चुनाव की तारीख पर सहमत हुए। जो महीनों की प्रतिक्षा और अनिश्चितता के बाद कल समाप्त हुई। यह घटनाक्रम तब सामने आया जब मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने शीर्ष अदालत के आदेश पर राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान पाकिस्तान चुनाव आयोग ने चुनाव के लिए 11 फरवरी की तारीख प्रस्तावित की थी, लेकिन शीर्ष अदालत ने उसे परामर्श के लिए राष्ट्रपति से संपर्क करने के लिए कहा था। जिसके बाद अगले वर्ष आठ फरवरी को आम चुनाव पर सहमति बनी। चुनाव आयोग आज सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए), पीटीआई, मुनीर अहमद और इबाद-उर-रहमान द्वारा दायर अलग-अलग याचिकाओं की सुनवाई में ताजा घटनाक्रम के बारे में शीर्ष अदालत को चुनाव की तिथि पर औपचारिक रूप से सूचित करेगा।

# सनातोम्बी ने वुशु में जीता स्वर्ण

पणजी। मणिपुर की लीमापोकपम सनातोम्बी चानू ने गोवा में जारी 37वें राष्ट्रीय खेलों में चौथा स्वर्ण पदक जीता, जोकि इन खेलों में उनका पांचवां पदक है। उन्होंने ताओलू डिवीजन की ताई ची स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया।



मां बनने के बाद से राष्ट्रीय खेलों में उनका यह पहला स्वर्ण पदक है। सनातोम्बी चानू की अभी डेढ़ साल की बेटी भी है। सनातोम्बी ने छह महीने के भीतर ही मैट पर वापसी की और उन्होंने पटियाला में राष्ट्रीय शिविर में वापसी करते हुए पिछले साल नवंबर में सीनियर नेशनल में स्वर्ण पदक जीता। उनकी उपलब्धि हांग्झोऊ एशियाई खेलों में जगह बनाने में भी उनके लिए बाधा बनी और उन्हें चीन नहीं भेजा गया क्योंकि उन्होंने 2019 के बाद से किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था।

सनातोम्बी ने कहा, मैंने पहले तीन स्वर्ण (2007 में एक रजत, 2011 में दो स्वर्ण, 2015 में एक स्वर्ण) जीते थे, लेकिन यह मेरे लिए काफी खास है क्योंकि मैं अपनी डेढ़ साल की बेटी को उसके पिता के पास मणिपुर में घर पर छोड़कर राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने के लिए टीम के साथ आई थी।

उन्होंने कहा, मां बनने के बाद फिर से ट्रेनिंग शुरू करना बहुत मुश्किल था क्योंकि बॉडी का मूवमेंट आसान नहीं था। इसके बाद मुझे धीरे-धीरे ट्रेनिंग शुरू करने से पहले हल्की जॉगिंग करनी पड़ी। तीन महीने बाद मुझे सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप (नवंबर 2022) में भाग लेनी थी और अपने खोए हुए आत्मविश्वास को वापस पाने के लिए मैं हर कीमत पर इसे जीतना चाहती थी। आखिरकार मैंने राष्ट्रीय शिविर में अपनी वापसी करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इम्फाल में एक किसान के घर जन्मी सनातोम्बी पांच बहनों में तीसरे नंबर पर हैं और 2004 में खेल में आने के बाद से उन्होंने कई वित्तीय बाधाओं को पार किया है।

उन्होंने कहा, ऐसे कई मौके आए जब पैसों की कमी के कारण मैं टूर्नामेंट में भाग नहीं ले सकी। लेकिन मुझे हमेशा यह विश्वास था कि एक दिन चीजें बेहतर होंगी। वह पल 2007 में आया जब मुझे 1.70 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। इससे मुझे कर्ज चुकाने में मदद मिली और 2011 में जीते गए स्वर्ण पदक का मतलब था कि मैं अब अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकती हूं।

साल 2007 में स्वर्ण पदक के साथ डेब्यू करने के बाद से सनातोम्बी ने राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और वह 2009 तक स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाने में सफल रहीं। लेकिन 2011 में उनके प्रदर्शन में गिरावट देखने को मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। लेकिन उसके बाद से 34 वर्षीय खिलाड़ी का स्वर्णिम दौड़ जारी है और वह 2022 तक राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सभी संस्करणों में शीर्ष स्थान पर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में, सनातोम्बी ने दक्षिण एशियाई खेलों में दो स्वर्ण और 2016 विश्व कप में कांस्य के अलावा ब्रिक्स चैंपियनशिप में 2017 में कांस्य पदक जीते हैं।

# नेपाल ने यूएई और ओमान ने बहरीन को हराया

कीर्तिपुर। आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया क्वालीफायर के गुरुवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबलों में ओमान ने बहरीन को 10 विकेट से और नेपाल ने यूएई को आठ विकेट से हराया।

आज यहां खेले गये पहले सेमीफाइनल ओमान ने बहरीन को कश्यप प्रजापति 44 गेंदों में नाबाद 57 रन और प्रतीक अठावले 42 गेंदों में नाबाद 52 रनों की बदौलत 14.2 ओवर में 109 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में बहरीन ने सात गेंदाबाजों को मैदान में उतरा लेकिन वे ओमान की सलामी जोड़ी को तनिक भी प्रभावित नहीं कर सके। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बहरीन की ओर से इमरान अली 30 रन, अहमर बिन निसार 26 रन और सर्फराज 23 रन बनाये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। बहरीन ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट गवां कर 106 का स्कोर बनाया।

ओमान की ओर से आक्बि इलियास ने चार विकेट, शखिल अहमद ने दो विकेट, बिलाल खान, फयाज भट्ट,जिशान मकसूद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल ने आसिफ शेख नाबाद 64 रन और रोहित पुडेल 34 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत यूएई को आठ विकेट से हरा दिया। गुलशन झा ने 22 रन और कुसल भुंटल ने 11 रन का योगदान दिया।

इससे पहले यूएई ने वी अरविंद 64 रन की अर्धशतकीय पारी, कप्तान मोहम्मद वसिम 26 रन, अलीशान सराफू 16रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 134 रन बनाये।

## आईसीसी विश्व कप का 40 करोड़ से अधिक दर्शक कर चुके हैं दीदार

एजेंसी

मुबंई। भारत में जारी एक दिवसीय आईसीसी क्रिकेट विश्व कप का लुफ्त उठाने वाले दर्शकों की संख्या 40 करोड़ को पार कर गयी है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विश्व कप के पहले 26 मैचों का दीदार 40 करोड़ से अधिक दर्शकों ने मैदान पर अथवा टीवी एवं मोबाइल फोन पर किया है।

दर्शकों के विशेष आकर्षण के चलते 2019 के विश्व कप की तुलना में कुल देखे जाने के समय (182 बिलियन मिनट) में 22 फीसदी की वृद्धि हुयी है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 अक्टूबर को खेले गये मैच में विराट कोहली की 95 रन की मैच जिताऊ पारी को देखने के लिए टीवी पर 80 मिलियन से अधिक दर्शक मौजूद थे। यह इस विश्व कप की अधिकतम दर्शक संख्या है।

इसके बाद भारत बनाम पाकिस्तान मैच को 75.5 मिलियन दर्शकों ने देखा।

भारत में प्रशंसकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की अपार लोकप्रियता और मैदान पर विराट कोहली की असाधारण उपलब्धियों को लेकर अद्वितीय उत्साह को उजागर करती है।

सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए किंग कोहली के 49वें और 50वें वनडे शतक का बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रशंसकों के बीच उत्साह और भी बढ़ने वाला है।

## जेसिका पेगुला ने मारिया सककारी को 3-0 से हराया


कैनकुन। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला महिला टेनिस संघ फाइनल राउंड-रॉबिन एकल मुकाबले में यूनान की मारिया सककारी को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी है। गुरुवार की रात हुए मुकाबले में जेसिका पेगुला ने मारिया सककारी पर 6-3, 6-2 से जीत दर्ज की। पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने कैनकुन में अब तक खेले सभी छह सेट जीते हैं और वह शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबला खेलेंगी। दूसरे एकल समूह के दो सेमीफाइनलिस्टों का फैसला शुक्रवार को होगा। इस मुकाबले में अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा से मुकाबला करेंगी और चार बार की प्रमुख चैंपियन इगा स्विएटेक तीन बार की स्लैम उपविजेता ओन्स जाबेउर से भिड़ेंगी।

## फाइनल में इंडियन ऑयल मुंबई और सीएजी दिल्ली

जालंधर। 40वें इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट के खिताब के लिए इंडियन ऑयल मुंबई और सीएजी दिल्ली की टीमें आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार शाम 06 30 बजे ओलंपिक सुरजीत हॉकी स्टेडियम जालंधर में खेला जाएगा। जिसका सीधा प्रसारण पीटीसी गोल्ड पर किया जाएगा।

आज खेले गए पहले सेमीफाइनल में सीएजी दिल्ली ने पूर्व चैंपियन आर्मी इलेवन को पेनाल्टी शूटआउट के जरिए 5-3 के अंतर से और दूसरे सेमीफाइनल में इंडियन ऑयल मुंबई ने पंजाब पुलिस जालंधर को 2-3 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मुख्य अतिथि सांसद सुशील रिंकू ने स्टेडियम के आधुनिकीकरण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। सीएजी दिल्ली ने सुरजीत हॉकी के



इतिहास में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया, जबकि इंडियन ऑयल मुंबई ने 12वीं बार टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल से पहले अमोलक सिंह गाखल ने भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान ओलंपियन मनप्रीत सिंह को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

पहला सेमीफाइनल आर्मी इलेवन दिल्ली और सीएजी दिल्ली के बीच खेला गया। खेल के पहले हाफ में आर्मी इलेवन ने गोल करने के कई मौके गंवाए। हाफ टाइम तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थीं। खेल के 57वें मिनट में सीएजी के प्रमोद ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील कर स्कोर 1-0 कर दिया। 58वें मिनट में आर्मी इलेवन के हरमन सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर स्कोर बराबर कर दिया। मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिए 5-3 के अंतर से सीएजी दिल्ली के पक्ष में रहा।

दूसरा सेमीफाइनल पूर्व विजेता इंडियन ऑयल मुंबई और पूर्व विजेता पंजाब पुलिस जालंधर के बीच खेला गया। खेल के 10वें मिनट में ओलंपियन सिमरनजीत सिंह ने फील्ड गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया. खेल के दूसरे क्वार्टर में पुलिस ने लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर गंवाए। मध्यांतर तक इंडियन ऑयल 1-0 से आगे थी। खेल के 40वें मिनट में पंजाब पुलिस के हरमनजीत सिंह ने ओलंपियन मनप्रीत सिंह की ओर से फील्ड गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

# गाजा में मरने वालों को जन्नत मिली

## अमेरिका-इजराइल जैसी ताकतें हमें दबा नहीं सकतीं; अलर्ट पर इजराइली सेना

इजराइल-हमास जंग शुरू होने के बाद लेबनान में हिजबुल्लाह लीडर हसन नसरल्लाह ने पहली बार लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल जैसी ताकतें कभी हमें दबा नहीं सकतीं।

नसरल्लाह ने कहा- शहीद होने वाले लड़ाकों, बच्चों, पुरुष और महिलाओं को बधाई। वो इस जहान को छोड़कर ऊपर वाले के पास पहुंच गए हैं, और वहां किसी अमेरिका की सल्तनत नहीं है। गाजा में इजराइल के हाथों मरने वालों को जन्नत नसीब हुई है। वो उस जगह पर हैं जहां कोई इजराइली ऑपरेशन नहीं चल रहा है।

इससे पहले उत्तरी इजराइल में सेना को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इजराइली डिफेंस फोर्सेस ने इसकी जानकारी दी है। सेना के प्रवक्ता एडमिरल डेनियल हागरी ने कहा कि ईरान हिजबुल्लाह के जरिए जंग को बढ़ाने का काम कर रहा है। दरअसल, 7 अक्टूबर के बाद से



लेबनान की तरफ से हिजबुल्लाह लगातार इजराइल पर रॉकेट दाग रहा है।

आज नसरुल्लाह की स्पीच के बाद हमला और तेज होने की संभावनाएं हैं। वहीं आईडीएफ ने बताया है कि वो गाजा में तेजी से हमास की सुरंगें तोड़ रहे हैं।

### सीजफायर के लिए अमेरिका और इजराइल राजी नहीं

इजराइल-हमास जंग के 28वें दिन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तीसरी बार तेल अवीव पहुंचे। यहां उन्होंने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की। बीबीसी के मुताबिक, इस दौरान फिलिस्तीनियों की सुरक्षा पर चर्चा हुई।

बीबीसी के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल सीजफायर के लिए राजी नहीं है। उनका मानना है कि सीजफायर से हमास को हमास पुन: संगठित होने और हथियार जमा करने का समय मिल जाएगा। हालांकि अब अमेरिका मानवीय लिहाजे से जंग को रोकने पर चर्चा कर रहा है।

### इजराइल ने गाजा शहर को चारों तरफ से घेरा

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने गाजा शहर को चारों तरफ से घेर लिया है और अब हमास के लड़ाकों से सीधी लड़ाई हो रही है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने कहा- हमारे सैनिक हथियारों और एयरक्राफ्ट्स के जरिए हमास की कमांड सेंटर, लॉन्चिंग पोजिशन, सुरंगों और दूसरे ठिकानों पर हमला कर रहे हैं।

आईडीएफ ने कहा- हम हमास को खत्म करने की जंग में हैं। इस समय सीजफायर पर विचार भी नहीं किया जा रहा है।

टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गुरुवार को इजराइली सेना ने करीब 150 हमास लड़ाकों को मार गिराया। हमास से लड़ाई में आईडीएफ के करीब 23 सैनिकों ने अपनी जान गंवा दी।

इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कहा- हम गाजा शहर में पहले ही घुस चुके हैं। अब हमें कोई नहीं रोक सकता। हमारी पूरी कोशिश है कि जंग में फिलिस्तीनियों की मौत न हो, लेकिन हमास के लड़ाके उनके बीच में घुसे हुए हैं। उनके घरों के नीचे सुरंगे बना रखी हैं। ऐसे में कुछ जगहों पर फिलिस्तीनियों के होने के बावजूद हमले करना जरूरी हो गया है।

## स्थिति पर चर्चा के लिए इजरायल पहुंचे ब्लिंकन

वाशिंगटन/तेल। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को कहा कि वह गाजा पट्टी की स्थिति पर चर्चा करने के साथ-साथ इजरायल के अपनी रक्षा के अधिकार का समर्थन करने के लिए राजकीय यात्रा पर तेल अवीव पहुंचे। ब्लिंकन ने कहा,इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग तथा अन्य सरकारी नेताओं के साथ बैठक के लिए इजरायल आए। ब्लिंकन ने एक्स पर लिखा, हम इजरायल के अपनी रक्षा के अधिकार और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता दिलाने के हमारे काम पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि ब्लिंकन दो से 10 नवंबर तक इजरायल सहित कई देशों की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इससे पहले अक्टूबर में भी ब्लिंकन ने इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष को सुलझाने में सहायता के प्रयास में इजरायल की आधिकारिक यात्रा की। एक महीने के भीतर ब्लिंकन की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि एकतरफ अमेरिका इजरायल के साथ है वहीं वह इजरायल से संभल कर कार्रवाई करने की अपील कर रहा है। सऊदी अरब, जॉर्डन, मिस्त्र, तुर्कीये और सीरिया जैसे देशों ने भी अमेरिका पर युद्ध रूकवाने का दबाव डाला है। ऐसे में अमेरिका नहीं चाहता कि वह अरब में अपने देशों को खोये। ऐसी स्थिति में अमेरिका नहीं चाहता कि इजरायल का समर्थन करते हुए भी युद्ध जारी रहे।

### इमरान को जेल में धीमा जहर देने के सबूत नहीं मिले हैं : डॉ. सुल्तान

रावलपिंडी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के निजी चिकित्सक डॉ. फैसल सुल्तान ने कहा कि इस बात का कोई स्पष्ट संकेत नहीं है कि हिरासत के दौरान श्री खान को धीमा जहर दिया जा रहा था। पाकिस्तान के समाचारपत्र द न्यूज ने डॉ सुल्तान के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। डॉ सुल्तान ने कहा कि पीटीआई अध्यक्ष न तो जहर के प्रभाव में थे और न ही उन्हें कोई जहर दिया गया था और उन्होंने बैठक के दौरान खान को स्वस्थ पाया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वस्थ हैं। इस बीच संयुक्त जांच दल के समक्ष अपना बयान दर्ज कराते हुए, पीटीआई अध्यक्ष ने गुरुवार को नौ मई के हिंसक दंगों में अपनी संलिप्तता से इंकार किया और कहा कि घटना के समय वह जेल में थे। खान का बयान उनके वकीलों की मौजूदगी में दर्ज किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रावलपिंडी फैसल सलीम के नेतृत्व में जेआईटी में पुलिस अधीक्षक वकास खान, पुलिस उपाधीक्षक मलिक अल्लाह यार, एक इंस्पेक्टर और एक उप-निरीक्षक मौजूद रहे। जेआईटी 45 मिनट तक जेल में रही और श्री खान से पूछताछ की। जांच अधिकारियों ने कहा कि खान ने हिंसा में शामिल होने के आरोपों को सीधे तौर पर खारिज कर दिया और सवालों का जवाब दिए तथा पेचीदा एवं भ्रमित करने वाले प्रश्नों को टाल दिया।

### न्यूजीलैंड में आम चुनाव के नतीजों की घोषणा

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 2023 के आम चुनाव के आधिकारिक नतीजे घोषित कर दिए, जिसमें नेशनल पार्टी के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी दलों के गठबंधन ने बहुमत खो दिया है। चुनाव के दिन के बाद पिछले तीन हफ्तों में गिने गए विशेष वोटों के अनुसार, नेशनल पार्टी को दो कम सीटें मिली हैं, माओरी पार्टी को दो सीटें मिली हैं और ग्रीन पार्टी को एक और सीट मिली है। चुनाव आयोग ने कहा कि पिछले तीन हफ्तों में सभी वोटों की दोबारा गिनती से पहले योग्यता के लिए विशेष वोटों की जांच, रोल की जांच और परिणाम सटीक हैं यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक ऑडिट जांच देखी गयी। आधिकारिक नतीजों के मुताबिक इन नतीजों पर संसद में सीटों की संख्या 122 हो जाएगी, जो अब तक की सबसे बड़ी संसद होगी। नेशनल पार्टी के पास 48 सीटें हैं जबकि चुनाव की रात 50 सीटें थीं। माओरी पार्टी के पास छह सीटें हैं जबकि चुनाव की रात चार सीटें थीं। नतीजों से पता चला कि ग्रीन पार्टी के पास 15 सीटें हैं जबकि चुनाव की रात 14 सीटें थीं। नतीजों के मुताबिक लेबर पार्टी, जिसके पास 34 सीटें हैं, एसीटी न्यूजीलैंड, जिसके पास 11 सीटें हैं और न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी, जिसके पास आठ सीटें हैं, में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# अमेरिका में सालभर में 97 हजार भारतीय गिरफ्तार

## अवैध तरीके से घुस रहे थे; अमेरिकी सांसद बोले- ये भारत में रहने से डरते हैं

अमेरिका में अवैध रूप से घुसने वाले करीब 97 हजार भारतीयों को गिरफ्तार किया गया है। ये आंकड़ा एक साल यानी अक्टूबर 2022 से सितंबर 2023 का है।

यूएस कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन डेटा के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए 96,917 भारतीयों में से 30,010 भारतीय यूएस -कनाडा बॉर्डर पर पकड़े गए। वहीं, 41,770 भारतीय स-मेक्सिको बॉर्डर पार करते समय गिरफ्तार हुए।

अमेरिकी सांसद जेम्स लैंकफोर्ड ने संसद में कहा- पिछले एक साल में लगभग 45,000 भारतीयों ने अवैध रूप से अमेरिका की दक्षिणी सीमा पार की है। इन भारतीयों को अपने देश में डर महसूस होता है।

अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल के मुताबिक, भारत में राजनीतिक और धार्मिक उत्पीड़न के



कारण अमेरिका आने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी है। अपने देश में आर्थिक अवसरों यानी नौकरी की कमी भी एक बड़ी वजह है।

रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2012 से 2022 के बीच मेक्सिको के जरिए अमेरिका में घुसने वाले भारतीयों की संख्या में 100 गुना बढ़ोतरी हुई है। साल 2012 में अमेरिका की कस्टम और बॉर्डर पेट्रोल पुलिस ने 642 ऐसे मामले दर्ज किए थे।

जबकि साल 2022 में ये संख्या बढ़कर 63,927 हो गई। वहीं, थिंक टैंक न्यू अमेरिकन इकोनॉमी के मुताबिक, अमेरिका में अवैध रूप से घुसने में भारतीय तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय अपनी जान जोखिम में डाल रहे

भारतीय अमेरिकन ड्रीम के चक्कर में अपनी जान भी जोखिम डाल रहे हैं। पिछले साल 21 जनवरी को अमेरिका से 30 मील पहले कनाडा में एक गुजराती परिवार के चार लोगों के शव बर्फ में दबे मिले थे। यह परिवार अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल होना चाहता था और बर्फीले तूफान की जद में आ गया।

## इंडोनेशिया ने गाजा पट्टी से चार नागरिकों को सुरक्षित निकाला

जकार्ता। गाजा पट्टी में संघर्षग्रस्त क्षेत्र से चार इंडोनेशियाई नागरिक और उनके एक रिश्तेदार को सुरक्षित निकाल लिया गया है। इंडोनेशियाई सरकार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्हें स्थानीय समयानुसार बुधवार को निकाला गया और अब वे मिस्त्र में इंडोनेशियाई दूतावास में सुरक्षित स्थिति में हैं। उन्होंने बताया कि निकाले गए लोग उत्तरी गाजा के निवासी हैं। मार्सुडी ने कहा, चार इंडोनेशियाई नागरिकों और एक इंडोनेशियाई नागरिक की पत्नी को निकालना बहुत ही मुश्किल था। मंत्रालय ने पहले कहा था कि गाजा पट्टी में 10 इंडोनेशियाई नागरिक रह रहे थे और वह अभी भी संघर्ष क्षेत्र में फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए संघर्ष कर रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शनिवार 04 नवंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### नव प्रवेशी छात्रों का हुआ परिचय



गाजीपुर। पीजी कॉलेज स्थित इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, अध्ययन केन्द्र 27101 पी0 जी0 कालेज, गाजीपुर में जून 2023 सत्र के नव प्रवेशी छात्रों के परिचय सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफे0(डॉ0) सत्येन्द्र नाथ सिंह, समन्वयक, ने छात्रों को इग्नू में किस प्रकार से पढ़ाई करना है, असाइनमेंट लिखने में किस प्रकार की सावधानी बरतनी चाहिए और परीक्षा की तैयारी किस प्रकार करनी है, विस्तार पूर्वक बताया। छात्रों के समस्याओं को सुनते हुए उसका समाधान कैसे हो और पुन: ससमय पंजीकरण कैसे करायें,एक साथ दो कोर्स की पढ़ाई कैसे करे, इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सेमेस्टर का स्वरुप, पढ़ाई के तरीके, समस्याओं के त्वरित समाधान, नई शिक्षा नीति एवं इग्नू के ऊपर विशेष रुप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में काउंसलर डॉ0 राम दुलारे, डॉ0 संजय चतुर्वेदी, डॉ0 योगेश कुमार, डॉ0 अमित कुमार सिंह, डॉ0 पियूष कान्त सिंह, डॉ0 अंजनी कुमार गौतम, डॉ0 उमा निवास मिश्र, डॉ0 शिप्रा श्रीवास्तव, श्री प्रदीप कुमार सिंह, श्री अरुण कुमार सिंह, श्री नीरज कुमार सिंह ने छात्रों को इग्नू के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। संचालन सहसमन्वयक डॉ0 पीयूष कान्त सिंह के किया।

### औषधि निरीक्षक ने किया निरीक्षण, मिली खामियां



गाजीपुर। औषधि निरीक्षक द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। गाजीपुर स्थित मां कवलपति हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर शास्त्रीनगर और चन्द्र ललित्या हास्पिटल, ए0के0 मिश्रा हास्पिटल, एवं राज नर्सिंग होम में स्थित मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण औषधि निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर में कुछ अनियमितता पायी गयी जिसे निरीक्षण प्रपत्र पर अंकित करते हुए सहायक आयुक्त (औषधि) वाराणसी मण्डल, वाराणसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर से कुल 12 (बारह) औषधियों के नमूने एकत्र किये गये जिसे नियमानुसार जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किया जा रहा है, जांचोपरान्त अनियमितताए पाये जाने पर औषधि प्रसाधन एवं सामग्री अधिनियम 1940 के सुसंगत धाराओं मे उचित कार्यवाही की जायेगी। और निरन्तर मेडिकल स्टोरों के ऊपर जांच प्रक्रिया जारी रहेगा।

### एनएचपीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, मानव शृंखला तथा वॉकथॉन का आयोजन किया



एनएचपीसी द्वारा दिनांक 03.11.2023 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के दौरान नुक्कड़ नाटक मानव शृंखला और वॉकथॉन का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक और मानव शृंखला का आयोजन मुरारी लाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फ़रीदाबाद के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्रों द्वारा स्कूल परिसर से एनएचपीसी निगम मुख्यालय परिसर तक मानव शृंखला निकाली गई। मानव शृंखला के उपरांत एनएचपीसी निगम मुख्यालय में छात्रों द्वारा सतर्कता जागरूकता पर एक %नुक्कड़ नाटक% प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एनएचपीसी कर्मचारियों के लिए एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया। वॉकथॉन को एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) श्री उत्तम लाल और एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वॉकथॉन में बड़ी संख्या में स्कूली छात्रों और एनएचपीसी कार्मिकों ने भाग लिया। एनएचपीसी दिनांक 30.10.2023 से 05.11.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है जिसमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### 08 यूनिट के ट्रांसिट हॉस्टल का जिलाधिकारी ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोचार के साथ किया शिलान्यास


**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। तहसील बलरामपुर सदर के बहादुरपुर में कार्यदाई संस्था पीडब्ल्यूडी द्वारा रुपए लागत 161.40 लाख से निर्मित होने वाले आवासीय ट्रांसिट हॉस्टल का शिलान्यास जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोंचार के साथ किया गया। जनपद में जिलास्तरीय अधिकारियों के लिए आवास की कमी को देखते हुए बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा विशेष प्रयास करते हुए शासन स्तर पर पत्राचार करते हुए नए आवासीय भवन के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया तथा समय-समय पर उसका फॉलोअप किया गया। जिलाधिकारी के विशेष प्रयासों से आवासीय भवन के लिए शासन द्वारा 161.40 लाख रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। जनपद में जनपदस्तरीय अधिकारियों के लिए नए आवासीय भवन के निर्माण से उनकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी जिससे सरकार की योजनाओं का और बेहतर क्रियान्वयन होगा। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दादागुरु की यमुना सेवा पद यात्रा आज पहुंचेगी वृंदावन

- मजोई से सैंकड़ों की संख्या में बच्चे हुए पद यात्रा में शामिल कहा 'दादा हमारे लिए निराहार चल रहे अब हम भी साथ चलेंगे'
- वृक्ष ही प्रत्यक्ष है : दादागुरु
- हरी की धरा है हरी कर लो और हरि से मिल लो : दादा गुरु
- तुम्हारा ग्राम ही श्री राधा कृष्ण का धाम है इसे हराभरा करना होगा : दादागुरु



37 माह से अखंड निराहार महाव्रत साधना कर रहे श्री दादागुरु के सानिध्य में मां यमुना सेवा पद यात्रा आज ग्राम मजोई से मां यमुना कलश पूजन एवं शिक्षक एवं बाल संवाद के पश्चात प्रारंभ हुई श्री दादागुरु ने शिक्षकों से कहा की आप बच्चों की नींव के निर्माता हैं और ये बच्चे देश का भविष्य हैं यदि यह बच्चे संस्कृति, सभ्यता एवं प्रकृति प्रेम से सिंचित एवं शिक्षित होकर किसी स्थान पर पहुंचेंगे तो प्रकृति केन्द्रित विकास पर करेंगे ना कि प्रकृति का विनाश का विकास करेंगे। आपके ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है इसलिए बच्चों में राष्ट्र ,धर्म ,प्रकृति प्रेम के भाव से सिंचित करें। साथ बच्चों से दादागुरु ने कहा की जिस नदी के पथ पर तुम्हारा गांव है उस पर तुम्हारे ठाकुर जी ने लीला की है उसकी माटी में ठाकुर जी लोटा करते थे उस माटी में खेला करते थे उन वृक्षों से बातें करते थे अब तुम्हे भी ठाकुर जी कि छवि वृक्षों में देखनी होगी।

अब तुम भी अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाना और साल भर प्रेम से उसका पालन करना। फिर ये पौधा कुछ समय बाद तुम्हें फल, छाया और प्राण वायु देगा।

कभी तुम मां यमुना के पथ जाना और वहां सेवा दे देना उसी पथ के लिए तुम्हारा 3 वर्षों से निराहार है यदि तुमने प्रयास नहीं किया तो तुम्हारे लिए माटी, पानी, भोजन कुछ नहीं बचेगा यही तुम्हारे दादा की पीड़ा हैं दादागुरु की वाणी सुन ग्राम के स्कूलों से सैंकड़ों की संख्या में शिक्षक एवं बच्चें ब्रज चौरासी कोष परिक्रमा मार्ग पर दादागुरु के संग मजोई से रामपुर तक पैदल चल दिए। जिसके पश्चात पद यात्रा ने बलराम कुंड शेरगढ़ में दोपहर विश्राम लिया श्रीदादागुरु ने कहा कि वृक्ष को ही प्रत्यक्ष जानना ये जीवंत मूर्तियां हैं जिसके बाद पद यात्रा ने चीरघाट में रात्रि विश्राम लिया। कल पद यात्रा चीर घाट से प्रारंभ होगा सई में दोपहर विश्राम एवं वृंदावन, विष्नोई आश्रम में रात्रि विश्राम लेगी।

रविवार प्रात: 9 बजे यात्रा विष्नोई आश्रम से प्रारंभ होकर बंगाली घाट जाएगी, जहां दादा गुरु के संवाद के साथ साथ भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होंगी 1694 जोड़ो की शादी

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले को 2023-24 के लिए 1694 जोड़ों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराने का लक्ष्य दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने आज बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज में सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई जा रही है।

इसके अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये प्रदेश के लिये 109883 लक्ष्य निर्धारित किये गये है जिसमें जनपद प्रतापगढ़ को कुल 1694 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य मिला है। जोड़ो के सामूहिक विवाह माह नवम्बर से शुभ मुहूर्त में माननीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में समाज कल्याण विभाग द्वारा भव्य कार्यक्रम करवाये जायेगें, इसके लिये तैयारियां करवाई जा रही है। सरकार प्रयास कर रही है कि ज्यादा से ज्यादा निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके। कन्या अविवाहित हो अथवा विधवा, तलाकशुदा सभी इस योजना का लाभ उठा सकती है।

इसके अलावा इस योजना का लाभ प्रदेश के उन सभी परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय 02 लाख रूपये तक हो और कन्या की आयु 18 एवं वर की आयु 21 वर्ष से अधिक हो।

विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो दिव्यांग हो को प्राथमिकता भी दी जायेगी।

# उत्तर प्रदेश बना समस्या प्रदेश : नरेश उत्तम पटेल

झांसी। उत्तर प्रदेश की वीरांगना नगरी पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार झूठ की सरकार है और इस सरकार में उत्तर प्रदेश एक समस्या प्रदेश बन गया है। यहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता में भाजपा को घेरते हुए सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को 10 वर्ष पूर्ण होने को है, व प्रदेश में लगभग 07 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं वह अपना वादा भूल रही है, हर वर्ष 02 करोड़ रोजगार देने की बात करने वालों ने अब तक 02 करोड लोगों को नौकरियां नहीं दी , पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार घूम रहे हैं युवाओं के साथ छलावा करने का कार्य किया गया, पूरे प्रदेश में झूठे आंकड़े दिखाए जा रहे हैं, जनता सब समझ रही है इसलिए अब जनता भाजपा सरकार को घेरने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह ध्वस्त है पूरे प्रदेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है जितनी कोरोना काल में भी नहीं थी सही आंकड़े छुपाए जा रहे हैं, झूठे आंकड़े पेश कर जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर धर्म जाति के आधार पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया और कहा कि जनता को सामाजिक न्याय नहीं मिल रहा ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर डाका डाला जा रहा, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म कर रही है।

# रमेश भंडारी की एफएमडी म्यूज़िक चैनल पर लापता, साथिया और नचले नचले जैसे गाने हुए हिट , हर गाने को मिले मिलियन से भी अधिक व्यूज़.!

जब कोई बड़ा नाम या बड़ा सिंगर कोई प्रोजेक्ट करता है तो उसे यह लालसा होती है कि उसका प्रोजेक्ट किसी बड़े प्लेटफॉर्म के जरिये मार्केट में आए। लेकिन जब कोई प्लेटफॉर्म पहले से ही हिट हो तो उसपर गाने रिलीज़ करने के लिए भी होड़ लगी रहती है। बड़े नाम वाले सिंगर जल्दी किसी नए चैनल से अपने प्रोजेक्ट को रिलीज नहीं करना चाहते। लेकिन जब नए चैनल पर ही बेहतरीन कन्टेन्ट आने लगे और उनके व्यूवरशिप बढ़ियां मिलने लगे तो फिर वहाँ हर कोई अपने प्रोजेक्ट के साथ जुड़ना चाहता है। जी हां हम बात कर रहे हैं एफएमडी म्यूजिक चैनल की, जहाँ रिलीज़ होने के बाद किसी भी गाने को हिट होकर वायरल होते आजकल देर नहीं लग रही है। अभी साल भर पहले ही इस



चैनल की शुरुआत रमेश भण्डारी ने किया था और अपने शुरुआती साल में ही चैनल ने उम्मीद से बेहतरीन प्रदर्शन किया है और इसी एक साल में धमाल करते हुए कई गानों ने मिलियन्स में व्यूज बटोरे हैं, और यह निरन्तर बढ़ते ही जा रहा है। स्नस्ष्ठ म्यूज़िक के डायरेक्टर रमेश भण्डारी बताते हैं कि इस चैनल पर रिलीज़ हुए गाने हर वर्ग के लोगो को आकर्षित करने का काम कर रहे हैं। साल भर पहले ही इस चैनल की शुरुआत हुई थी और आज इस चैनल ने शोहरत पाना शुरू कर दिया है। अभी इस चैनल पर कुल 36 वीडियो हैं और इतने ही वीडियो होने के बावजूद इस चैनल का व्यूवरशिप करोड़ों के पार हो गया है। इस चैनल पर मौजूद गानों की गुणवत्ता भी ऐसी है कि जो इन गानों को एकबार सुन लेता है तो वो दुबारा से इस चैनल पर बिना बुलाए ही आता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात सिंगर सम्राट सरकार और निम्मी प्रिया की आवाज़ में रिकॉर्ड सॉन्ग साथिया इस चैनल के सबसे बड़े हिट गानों में से एक है। निम्मी प्रिया वही सिंगर हैं जिन्हें हाल ही में दक्षिण भारत की मशहूर आइडिया सिंगर ऑफ द ईयर का पुरस्कार उषा उत्थुप के हाथों मिला था। इसके साथ ही लापता दूसरा हिट सॉन्ग है जो एक नए साल पर गाया हुआ एक पार्टी सॉन्ग है। इस गाने ने भी जमकर सुर्खियां बटोरी थी और यह गाना नए साल के मौके पर जमकर बजाया गया था। इस चैनल का तीसरा हिट गाना है नचले नचले जिसे की आवाज़ दिया है ए राग और मिस्टर निक्के ने। जिसे इसी तरह से कई अन्य गाने भी इस चैनल पर हैं जिन्हें देखने/सुनने के बाद इस चैनल के प्रति स्वत: लगाव सा हो जाता है। साल भर के अंदर कई हिट गाने देकर इस चैनल ने कई बड़े सिंगर/परफॉर्मर को आकर्षित किया है। आगे भी यह चैनल कुछ अपने ओरिजिनल कन्टेन्ट लेकर आने वाला है।

# शुद्ध हवा में सांस लेने के अधिकार की गारंटी दे दिल्ली और केंद्र सरकार

### दिल्ली को गैस चैंबर बनने से बचाने हेतु ठोस उपाय करें सरकार : दयानंद वत्स भारतीय

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने राजधानी दिल्ली को गैस चैंबर में परिवर्तित होते देख गहरी चिंता जताई है। वत्स ने कहा कि हर साल स्थिति बद से बद्तर होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली विश्व की सबसे प्रदूषित राजधानी में शुमार हो गई है। वत्स ने कहा कि समय रहते पर्यावरण विभाग सक्रिय नहीं होता। वह सिर्फ और सिर्फ रस्म अदायगी करता है। दिल्ली में हर जगह सड़कें जर्जर हालत में है। सफाई व्यवस्था बदहाल है। सड़कों पर रेगिस्तान की तरह हर समय धूल का गुबार उड़ता रहता है। बार-बार ध्यानाकर्षण के बावजूद दिल्ली की सड़कों की हालत नहीं सुधरी। गैर नियोजित औधोगिक क्षेत्रों में गैरकानूनी रुप से रबड़ और टायर जलाने से वायु प्रदूषण से हालात और



भी विकराल हो रहे हैं। लोगों को सांस लेने में भी भारी तकलीफ हो रही है। अस्पतालों में श्वास रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। फेफड़ों में संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक निरंतर खतरनाक स्थिति की और बढ़ रहा है। सबसे भयावह स्थिति छोटे बच्चों की है। जो असमय बीमारियों की जद में आ रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली जिसने कुछ ही समय पहले जी-20का सफल वैश्विक आयोजन किया था आज गैस चैंबर में परिवर्तित हो गई है। वत्स ने कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है कि पर्यावरण संरक्षण हमारी प्राथमिकता सूची में है ही नहीं। पर्यावरण को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ राजधानी और देश में कठोर दंड का प्रावधान नहीं है। वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार प्रदूषण माफिया के लिए मृत्युदंड का प्रावधान हो। वायु प्रदूषण के लिए सरकारें जीरो टआलरएंस नीति संसद में लाए। दिल्ली की सभी नियोजित और गैर नियोजित क्षेत्रों में चल रही सभी औधोगिक इकाइयों को दिल्ली से बाहर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। दिल्ली को गैस चैंबर बनने से बचाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें तत्काल दूरगामी उपाय करें। वत्स ने कहा कि दिल्ली में सभी देशों के राजनयिक रहते हैं। गैस चैंबर में परिवर्तित होने से राजधानी दिल्ली की छवि को नुक्सान हो रहा है।

### ट्रेन से कटकर दो सगी बहनों की मौत

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के थाना अराव के गांव खेरिया के समीप शुक्रवार को ट्रेन से कट कर दो सगी बहनों की मौत हो गई। पुलिस दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिले के थाना अराव के गांव खेरिया निवासी बलवीर खान की 19 वर्षीय पुत्री बुज बानो और 18 वर्षीय पुत्री रूबी बानो शुक्रवार को रेलवे लाइन पार कर घास काटने जा रही थी। दोनों बहने रेलवे लाइन पार कर रही थी तभी शिकोहाबाद की तरफ से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई जिसके फल स्वरुप दोनों बहनों को गंभीर चोटें आई जिसमें रूबी बांनो ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए इधर सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और उसने घायल बुज बानो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां बुज बानो ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# योगी ने की दीपावली पर एक गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा

बलिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आगामी दीपावली पर्व पर महिलाओं को एक गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की। साथ ही कहा है कि बेटी की सुरक्षा में जो सेंध लगाने की कोशिश करेगा , यमराज भी उसकी राह रोक नही पायेंगे तथा इनकी रावण और कंस की तरह दुर्गति तय है।

ज़िले के बांसडीह स्थित पिंडहरा गांव में आयोजित नारी शक्ति वंदन के तहत आयोजित महिला सम्मेलन में पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने 129 करोड़ के लागत से 35 जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी महिलाओं को चाभी, प्रमाणपत्र व चेक भी वितरित किये।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा , सम्मान और स्वावलम्बन सरकार का लक्ष्य है। बेटी की सुरक्षा में जो सेंध लगाने की कोशिश करेगा , यमराज भी उसकी राह रोक नही पायेंगे तथा इनकी रावण और कंस की तरह दुर्गति तय है। उन्होंने दीपावली के पर्व पर महिलाओं को फ्री सिलिंडर के रूप में तोहफा दिया। योगी ने घोषणा की है दीपावली पर प्रदेश सरकार एक सिलिंडर फ्री में देने जा रही है।

उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा में अब ज्यादा महिला शिक्षकों की नियुक्ति होगी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। सुरक्षा , सम्मान और स्वावलंबन के साथ ही बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ हर तबके को मिल रहा है।

उन्होंने जानकारी दी है कि सरयू नदी में भी अब स्टीमर चलेगा और बताया कि केंद्र सरकार ने जल मार्ग का गठन कर दिया है।

उत्तर प्रदेश में परिवहन विभाग की तरफ से इसका संचालन होगा तथा सरयू नदी में भी अब स्टीमर चलेगा। स्टीमर को अब अयोध्या तक ले जाने की तैयारी है।

# राधाकुण्ड में आधी रात स्नान करते हैं निसंतान दंपत्ति

मथुरा। संतान की लंबी आयु के लिये लगभग समूचे उत्तर भारत में मनाये जाने वाले पर्व अहोई अष्टमी की रात कान्हा नगरी मथुरा में निसंतान दंपत्ति संतान प्राप्ति की मनोकामना के साथ राधाकुण्ड में स्नान करते हैं इस बार अहोई अष्टमी का पर्व पांच नवंबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि जो निसंतान दंपत्ति पूर्ण भक्ति भाव से अहोई अष्टमी की रात 12 बजे मथुरा जिले की गोवर्धन तहसील के राधाकुण्ड कस्बे में राधा कुंड में स्नान करते हैं उन्हें पुत्र रत्न अथवा संतान की प्राप्ति होती है। ब्रज संस्कृति के प्रकाण्ड पण्डित शंकरलाल चतुर्वेदी ने बताया कि पुराणों के अनुसार श्रीकृष्ण ने अरिष्टासुर राक्षस का वध कर दिया तो राधारानी ने उन्हें निज महल में प्रवेश नहीं दिया और कहा कि चूंकि उन्होंने गोवंश की हत्या की है इसलिए वे सात तीर्थों में स्नान करके आयें तभी उन्हें निज महल में प्रवेश मिलेगा। इसके बाद कान्हा ने वहीं पर अपनी बंशी से कुंड खोदकर सात तीर्थों के जल का आह्वान कर उसमें स्नान किया था तथा राधारानी से कहा था कि चूंकि वे उनकी अर्धांगिनी हैं इसलिए उन्हें भी सात तीर्थो के जल से स्नान करना चाहिए।

इसके बाद राधारानी ने भी अपने कंगन से जब कुंड की खोदाई की तो और स्नान करने जाने लगीं तो कान्हा ने दोनो कुंडो को एक में मिला दिया जिससे तीर्थों का जल राधा कुंड में भी प्रवेश कर गया और राधारानी ने भी तीर्थों के पवित्र जल से स्नान कर लिया। बाद में जिस कुंड में कान्हा ने स्नान किया उसे श्याम कुंड और जिसमें राधा ने स्नान किया था वह राधाकुंड के नाम से मशहूर हो गया। दोनो कुंडों के एक होने के बाद कान्हा ने राधा का महत्व बढ़ाते हुए उनसे कहा कि जो पति पत्नी पूरे भक्ति भाव से तुम्हारे कुंड में अहोई अष्टमी की रात 12 बजे स्नान करेंगे उन्हें संतान की प्राप्ति होगी। चतुर्वेदी ने बताया कि इस रात राधाकुंड में मेला सा लग जाता है। चूंकि परंपरा के अनुसार राधा कुंड में स्नान करने पर संतान की प्राप्ति होती है इसलिए स्नान के पूर्व एक फल या सब्जी को लेकर पति पत्नी संकल्प लेते हैं कि वे अपने शेष जीवन में इसे अब नही खाएंगे।

### बलात्कार के मामले में पूर्व विधायक विजय मिश्रा दोषी करार

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को बलात्कार के एक मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। शासकीय अधिवक्ता दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि ज्ञानपुर विधानसभा सीट से पूर्व विधायक विजय मिश्रा को एमपी-एमएलए अदालत ने सामूहिक बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया है जबकि जबकि उनके बेटे विष्णु मिश्रा और पोते ज्योति उर्फ विकास मिश्रा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। अदालत शनिवार को पूर्व विधायक की सजा का निर्धारण करेगी। उन्होंने बताया कि वाराणसी की एक लड़की ने पुलिस अधीक्षक के पास शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उसने पूर्व विधायक और उनके रिश्तेदारों पर सामूहिक बलात्कार का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, एसपी के निर्देश पर 18 अक्टूबर, 2020 को तत्कालीन विधायक विजय मिश्रा, उनके बेटे विष्णु और पोते विकास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# सहजानन्द कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**इतिहासकारों को आवश्यकता है कि वे क्षेत्रीयता के आलोक में आजादी का इतिहास लेखन करें : प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी**

- वंदनीय है स्वाधीनता आंदोलन में गाजीपुर का योगदान - डॉ. महेंद्र पांडेय, केंद्रीय मंत्री
- 1942 की जनक्रांति का प्रतीक है मुहम्मदाबाद का शहीद स्तंभ - प्रो. डॉ. वी के राय, प्राचार्य

गाजीपुर। देश की आज़ादी में हमारे स्थानीय सेनानियों ने जो महान उत्सर्ग किया है उसके इतिहास को आज के नवयुवकों और विद्यार्थियों को जानना चाहिए। गाजीपुर वीरों की धरा है। इस धरा का विद्रोही तेवर आज़ादी के बाद भी कायम रहा। स्वाधीनता आंदोलन में गाजीपुर का योगदान वंदनीय और अविस्मरणीय है। इतिहास के पन्नों में इसकी महिमा जिस रूप में उजागर होनी चाहिए वह नहीं हो सका, लेकिन आज़ादी के अमृतकाल में उस भूले-बिसरे स्वाधीनता के इतिहास को खंगालकर आज की पीढ़ी तक पहुँचाने का अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

उक्त उद्गार केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय ने सहजानंद महाविद्यालय में भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित -1942 की जनक्रांति और गाजीपुर जनपद में प्रतिरोध का लोकस्वरूप- विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान देते हुए व्यक्त किया। यह द्वी-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी ईश्वरशरण पीजी कालेज, प्रयागराज एवं स्वामी सहजानन्द पीजी कालेज, गाजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई!

संगोष्ठी में प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी ने अपने बीज वक्तव्य में कहा कि 1942 की जनक्रांति में पूरी ऊर्जा, शक्ति, उत्साह के साथ भागीदारी लोक ने ही किया। इतिहासकारों को आवश्यकता है कि वे क्षेत्रीयता के आलोक में आजादी का इतिहास लेखन करें। प्रो. राम मोहन पाठक ने कहा कि गाजीपुर की भूमि में वह प्रेरक शक्ति है जो अन्याय और अनाचार के खिलाफ प्रतिरोध प्रकट करने में अग्रणी रहा है। भारत छोड़ो आंदोलन में गाजीपुर के गाँवों में लोक प्रतिरोध का स्वर सबसे प्रखर था। विषय प्रवर्तन संगोष्ठी अध्यक्ष प्रो. आंनद शंकर सिंह ने किया। अध्यक्षता कवींद्रनाथ शर्मा ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन सह-अध्यक्ष, प्राचार्य प्रो. वी के राय ने किया।अपने आभार वक्तव्य में प्रो. वी के राय ने कहा कि मुहम्मदाबाद का शहीद स्तंभ 1942 की जनक्रांति का साक्षात प्रतीक है !

मंच संचालन डॉ. प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ. कृष्णानन्द चतुर्वेदी ने किया। इसी कड़ी में संगोष्ठी के प्लेनरी सत्र का आयोजन हुआ जिसमें अमर उजाला के वरिष्ठ सम्पादक डॉ. अजय राय, प्रो. उबेदुर्रहमान, प्रो. श्रीकांत पांडेय, प्रो. राघव शरण शर्मा ने अपने सारगर्भिग विचार रखे। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री ने की। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया।